▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 322 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, बुधवार 20 अगस्त, 2025
▸▸ भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


तुम पानी जैसे बनो जो अपना रास्ता खुद बनाता है। पत्थर जैसे न बनो जो दूसरों को भी रास्ता रोक लेता।
-स्वामी विवेकानंद

एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान

## सूर्या को मिली कमान गिल बने उप कप्तान



**मुंबई, जेएनएन।** मंगलवार दोपहर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया की घोषणा कर दी है। इस बार टीम की कमान सूर्यकुमार यादव को सौंपी गई है। यह पहला मौका होगा जब सूर्यकुमार किसी बड़े टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे। वहीं, युवा बल्लेबाज और मौजूदा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को उप कप्तान बनाया गया है।

चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टीम का चयन खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन और फिटनेस को ध्यान में रखकर किया गया है। टूर्नामेंट का आयोजन 9 सितंबर से यूएई में होगा।

**गिल को मिली जगह:** गिल को लेकर अटकलें थीं कि उन्हें टी-20 टीम से बाहर रखा जाएगा। लेकिन उन्हें उपकप्तान बनाकर भरोसा जताया है। गिल ने इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में 754 रन ठोककर अपनी लय साबित की थी।



**बुमराह की वापसी:** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह लंबे अंतराल के बाद टी-20 टीम में लौट रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार 2024 टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल खेला था।



**सिराज-सुंदर बाहर:** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल नहीं किया गया है। वहीं, श्रेयस अय्यर की वापसी की उम्मीद भी चयनकर्ताओं ने फिलहाल टाल दी।



### भारत-पाक के बीच तीन भिड़ंत संभव

इस बार के एशिया कप में भारत और पाक तीन बार आमने-सामने आ सकते हैं।

**पहला मुकाबला** 14 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में।

**दूसरा मुकाबला** दोनों टीमें सुपर-4 में पहुंचती हैं तो 21 को दूसरा मैच

**तीसरा मुकाबला** फाइनल में आमने-सामने आते हैं तो 28 को खेलेंगे।

**नेता प्रतिपक्ष का बड़ा आरोप:** 2023 के चुनाव में हुई गड़बड़ी, 8 से 9 प्रतिशत वोटों का हेरफेर

# 27 विधानसभा क्षेत्रों में 16 लाख 'वोटों की चोरी' से बनी भाजपा सरकार: उमंग

**यह हैं आरोप**

**34** लाख से अधिक नाम जोड़े गए चुनाव से पहले मतदाता सूची में

**26** हजार नाम प्रतिदिन जोड़े गए अंतिम दो महीनों में

**1%** अधिक वोट मिले 2018 में भाजपा को कांग्रेस से, लेकिन 2023 में 8 से 9% हो गए।

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया है कि पिछले विधानसभा चुनाव में 8 से 9 प्रतिशत वोटों की चोरी हुई। उनका कहना है कि राज्य की 27 विधानसभा सीटों पर तकरीबन 16 लाख वोटों का हेरफेर किया गया और इस गड़बड़ी के कारण भाजपा को सत्ता मिली। गौरतलब है कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के मुद्दे पर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए हैं। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने यह आरोप लगाए हैं।

पत्रकारों से बातचीत में सिंघार ने बताया कि 2023 के चुनाव से पहले मतदाता सूची में 34 लाख से अधिक नाम जोड़े गए। खास तौर पर चुनाव के अंतिम दो महीनों में प्रतिदिन 26 हजार नाम जोड़े गए, यानी कुल 16 लाख नए मतदाता जोड़े गए। सिंघार का आरोप है कि यह पूरी प्रक्रिया भाजपा के पक्ष में की गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में भाजपा को कांग्रेस से महज 1 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे, लेकिन 2023 के चुनाव में यह बढ़त अचानक 8 से 9 प्रतिशत तक पहुंच गई।

सिंघार ने पत्रकार वार्ता के दौरान ग्राफिक्स के माध्यम से 27 विधानसभा क्षेत्रों का ब्यौरा दिखाया और कहा कि इन सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी बेहद कम अंतर से हारे, जबकि मतदाताओं की वृद्धि उस हार के अंतर से कहीं अधिक थी। उन्होंने इसे भाजपा को अनैतिक लाभ पहुंचाने के लिए की गई हेराफेरी करार दिया।

सिंघार ने आगे कहा कि निर्वाचन आयोग के आंकड़े और आदेश इस गड़बड़ी को साबित करते हैं। उन्होंने बताया कि 05 जनवरी से 02 अगस्त 2023 के बीच मतदाताओं की संख्या में सिर्फ 4.64 लाख की वृद्धि हुई थी। लेकिन 02 अगस्त से 04 अक्टूबर अचानक 16.05 लाख मतदाता बढ़ाए।

उन्होंने यह भी दावा किया कि 9 जून 2023 को भारत निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश समेत सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को आदेश दिया था कि 1 जनवरी 2023 से 30 जून 2023 तक हुए संशोधनों और जोड़-घटाव की जानकारी न तो वेबसाइट पर डाली जाए और न ही किसी के साथ साझा की जाए। उनके मुताबिक, यह आदेश दरअसल गड़बड़ी को छिपाने के लिए दिया गया था। सिंघार ने कहा, हमने मध्य प्रदेश के बारे में चीजें समझी कि किस तरह से वोट चोरी कर फर्जी जनादेश लेकर भाजपा ने सरकार बनाई। इसमें चुनाव आयोग ने किस तरह से भाजपा की सरकारें बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। सिंघार ने कहा- मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने 2 दिसंबर 2022 को एक आदेश निकाला कि साढ़े आठ लाख नकली वोटर हटाए जाएंगे। लेकिन, आरटीआई में जानकारी मांगी तो आयोग ने कहा हम डिजिटल डेटा नहीं रखते। जबकि आयोग के नियम-32 में स्पष्ट है कि आयोग को तीन साल तक डेटा रखना है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कागज दिखाते नेता प्रतिपक्ष।

"चुनाव आयोग कहता है कि हम पारदर्शिता रखते हैं। सभी पार्टियां हमारी स्टेकहोल्डर होती हैं। हर चुनाव में हम सभी राजनीतिक दलों को मतदाता सूची देते हैं। कौन सी सूचियां देते हैं और कौन सी नहीं देते। कैसे वोट बढ़ाए या काटे जाते हैं। ये मतदाता सूचियां देने में ही गड़बड़ है।
■ **उमंग सिंघार,** नेता प्रतिपक्ष

## 625 दिन बाद क्यों टूटी कांग्रेस की नींद : सारंग



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के वोट चोरी के आरोप पर भाजपा ने पलटवार किया है। सरकार के मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सवाल किया कि आखिर इस मामले में 625 दिन बाद कांग्रेस की कुंभकर्णी नींद क्यों टूटी है। पत्रकारों से संवाद करते हुए सारंग ने कहा कि चाहे राहुल गांधी हों या उमंग सिंघार, कांग्रेस के नेता आंकड़ों और तथ्यों के बिना निराधार आरोपों से देश को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। संविधान के नियमानुसार ऐसे मामले पर 45 दिन के अंदर अपील करनी होती है। सारंग ने कहा कि प्रदेश में 20 महीने पहले जनता ने हमें सरकार बनाने के लिए जनादेश दिया था और हमारी सरकार बने लगभग 625 दिन हो चुके हैं। जनता ने हमें 163 सीटों पर बहुमत दिया था। कांग्रेस के नेता जिन 27 सीटों पर गड़बड़ी की बात कह रहे हैं, अगर उन्हें इसमें से घटा भी दिया जाए, तब भी भाजपा को 136 सीटें मिलतीं, जो सरकार बनाने के लिए पर्याप्त होती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑनलाइन गेमिंग बिल को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ा एक अहम कानून बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'ऑनलाइन गेमिंग बिल' को मंजूरी दे दी है। यह बिल बुधवार को संसद में पेश होगा और पास होने पर भारत में ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल सट्टेबाजी से जुड़े नियमों को एकीकृत कानूनी ढांचा प्रदान करेगा। ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स के बारे में लगातार शिकायतें आने के बाद केंद्र ने यह बिल मंजूर किया है। इसके तहत इन गेमिंग कंपनियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। साथ ही खिलाड़ियों की की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और नशे व धोखाधड़ी जैसी समस्याओं पर कड़ा अंकुश लगाया जाएगा। गौरतलब है कि हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कई कार्रवाइयां की हैं।

### हैवानियत: नाबालिग को तांत्रिक ने दागा, मौत

**जागरण, ग्वालियर।** अंध विश्वास और तांत्रिक की हैवानियत का एक मामला ग्वालियर में सामने आया है। यहां तंत्र क्रिया में 14 साल की नाबालिग की मौत हो गई। लड़की 15 दिनों से बुखार से तड़प रही थी। इलाज कराने के बजाए माता-पिता ने तांत्रिक को बुला लिया। तांत्रिक ने भूत-प्रेत का साया बताकर उसके साथ हैवानियत की। लड़की को डंडे से पीटा, गर्म छड़ से शरीर को दागा। इस दौरान दर्द के कारण मासूम चीखती रही, लेकिन तांत्रिक नहीं रुका। हैरत कि बात रही कि माता-पिता ने उसे रोकने की कोशिश भी नहीं की। अंततः नाबालिग ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने चुपचाप अंतिम संस्कार की कोशिश की, लेकिन सूचना मिलने पर पुलिस ने श्मशान घाट पहुंचकर शव कब्जे में लिया और मामला दर्ज कर लिया है।

## 24 घंटे में 300 मिमी बारिश, थमी मुंबई की रफ्तार

### भारी बारिश से हाहाकार: महाराष्ट्र में दो दिन में 14 मौतें, मुंबई में सड़क से रेलवे ट्रैक तक पानी ही पानी

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई और महाराष्ट्र के कई जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बीते दो दिनों में बारिश से जुड़े हादसों में 14 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से आठ नांदेड़ जिले के बताए गए हैं। राज्य सरकार ने स्थिति को गंभीर मानते हुए सेना और एनडीआरएफ की टीमों को राहत व बचाव कार्य में लगाया है। वहीं, मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे के लिए मुंबई, ठाणे, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। मुंबई में बीते 24 घंटे में करीब 300 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। शहर की निचली बस्तियों और सड़कों पर पानी भर गया है।



**ट्रेन -फ्लाइट सेवाएं बुरी तरह प्रभावित**

लगातार बारिश और जलभराव की वजह से सेंट्रल रेलवे ने लंबी दूरी की 14 ट्रेनें कैंसिल कर दीं। वहीं, हवाई सेवाओं पर भी इसका गंभीर असर पड़ा। मुंबई एयरपोर्ट से 250 से अधिक उड़ानें देर से रवाना हुईं या रद्द करनी पड़ीं।

**मोनोरेल में फंसे रहे 200 यात्री**

मोनोरेल सेवाओं पर भी बारिश का असर दिखा। शाम को चेंबूर और भक्ति मार्ग के बीच एक मोनोरेल अचानक रुक गई, जिसमें करीब 200 यात्री फंस गए। एसी बंद होने की वजह से यात्रियों को सांस लेने में परेशानी हुई। दमकलकर्मियों ने खिड़कियां तोड़कर लोगों को बाहर निकाला। अधिकारियों ने बताया कि बिजली सप्लाई में खराबी आने से यह दिक्कत हुई थी।

## उपराष्ट्रपति चुनाव में जस्टिस सुदर्शन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी, 21 को करेंगे नामांकन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मंगलवार को इंडिया गठबंधन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया। उनका सीधा मुकाबला एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा।

79 वर्षीय रेड्डी आंध्रप्रदेश के रहने वाले हैं। वे गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रह चुके हैं और गोवा के पहले लोकायुक्त भी नियुक्त किए गए थे। साल 2007 में उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज बनाया गया था। खास बात यह है कि इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से हैं, रेड्डी आंध्रप्रदेश से हैं और राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं। चुनाव का नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। राधाकृष्णन 20 अगस्त को और रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन करेंगे। उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपनी उम्मीदवारी वापस ले सकते हैं। 9 सितंबर को मतदान और उसी दिन मतगणना होगी।



**विपक्ष का संदेश : संविधान बचाने की लड़ाई**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जब भी लोकतंत्र और संविधान पर खतरा आता है, विपक्ष एकजुट होकर खड़ा होता है। उन्होंने बताया कि सभी विपक्षी दलों ने सर्वसम्मति से एक साझा उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन ने कहा कि आम आदमी पार्टी भी इस फैसले से सहमत है और जल्द ही अपने समर्थन की घोषणा करेगी।



**एनडीए की स्थिति मजबूत**

लोकसभा की कुल 542 सीटों में से एनडीए के पास 293 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 129 सांसद उनके साथ हैं। इस तरह नामांकित सदस्यों को मिलाकर एनडीए के पास करीब 422 सांसदों का समर्थन है। उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए 391 वोटों की जरूरत होती है। पिछली बार अगस्त 2022 में एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले थे, जबकि विपक्ष की मार्गरेट अल्वा को केवल 182 वोट मिले थे।

### हाई कोर्ट ने 3 तक बढ़ाई आसाराम की जमानत

**अहमदाबाद, जेएनएन।** दुष्कर्म के दोषी स्वयंभू संत आसाराम बापू को गुजरात हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने आसाराम की अस्थायी जमानत 3 सितंबर तक बढ़ा दी है। यह फैसला मंगलवार को आया। आसाराम को 2013 के एक बलात्कार मामले में दोषी ठहराया गया था। गांधीनगर की अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मंगलवार को जस्टिस इलेश वोरा और जस्टिस पीएम रावल की खंडपीठ ने आसाराम की जमानत अवधि मामले में सुनवाई की अगली तारीख तीन सितंबर तक बढ़ा दी। आसाराम की जमानत 21 अगस्त को खत्म हो रही थी। यह राहत स्वास्थ्य कारणों से दी गई है। उधर, राजस्थान हाईकोर्ट 29 अगस्त को बलात्कार के एक अन्य मामले में स्वयंभू संत आसाराम बापू की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। इसके निर्देश पर आसाराम ने सोमवार को अहमदाबाद स्थित सिविल अस्पताल में चिकित्सा जांच कराई।

## बैरसिया में ईएमसी को कैबिनेट की हरी झंडी

### एकल पुरुष को भी मिलेगा संतान पालन अवकाश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के करीब बैरसिया में इलेक्ट्रानिक मैन्युफेक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी) बनाया जाएगा। यह फैसला मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में लिया गया। इससे 'मेड इन मध्यप्रदेश' को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसी तरह अब महिलाओं की तरह शासकीय सेवा में कार्यरत एकल पुरुष को भी संतान पालन अवकाश की पात्रता होगी।



डॉ. मोहन यादव कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में तय किया गया कि तहसील बैरसिया के ग्राम बांदीखेड़ी में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। इसके लिए 210.21 एकड़ भूमि पर 371 करोड़ 95 लाख रुपए की परियोजना को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है। इसमें से राशि 146 करोड़ 63 लाख रुपए केन्द्रांश एवं 225 करोड़ 32 लाख रुपए राज्यांश होगा।

कैबिनेट फैसलों के बारे में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (अवकाश) नियम 2025 का अनुमोदन कर दिया है। इस संबंध में 1977 के नियम में परिवर्तन करते हुए नए नियम तैयार किए गए हैं। नवीन प्रावधानों में महिला शासकीय सेवक सेरोगेट/ कमीशनिंग मां को भी प्रसूति अवकाश की पात्रता होगी। इसके साथ ही संतान पालन अवकाश की पात्रता एकल पुरुष शासकीय सेवक को भी होगी। अवकाश विभागों के शैक्षणिक संवर्ग को एक वर्ष में 10 दिवस के अर्जित अवकाश की पात्रता होगी। दत्तक संतान ग्रहण करने के लिये शासकीय सेवकों को कुल 15 दिवस के पितृत्व अवकाश की पात्रता होगी।

**बढ़ाई गई शिष्यवृत्ति:** जनजातीय कार्य विभाग के महाविद्यालयीन छात्रावासों में मैस संचालन के लिए 10 माह के स्थान पर 12 माह के लिए शिष्यवृत्ति देने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में छात्रों को 1650 रुपए प्रतिमाह और छात्राओं को 1700 रूपये प्रतिमाह शिष्यवृत्ति दी जाती है।

**हर निकाय में बनेंगे गीता भवन:** कैबिनेट ने प्रत्येक नगरीय निकायों में गीता भवन स्थापना योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। योजना की अवधि पांच वर्ष, 2025-26 से वर्ष 2029-30 तक होगी।

**हार्मोस संबंधी इलाज जीएमसी में भी :** गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में इंडोक्राइनोलॉजी विभाग की स्थापना एवं 20 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव पर भी मुहर लगा दी है। अब राज्य में हार्मोन संबंधी रोगों के निदान एवं उपचार में उच्च गुणवत्ता की विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**ये भी हुए निर्णय**

- कैबिनेट ने नर्मदापुरम, मुरैना, बालाघाट, शहडोल और सागर में नवीन शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय और वैलनेस सेंटर खोलने के लिए 1570 पदों की स्वीकृति दी गई है।
- मुरैना जिले में कैलारस कारखाना को एमएसएमई विभाग को हस्तांतरित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**न्याय व्यवस्था** राष्ट्रपति-राज्यपाल के फैसलों की समयसीमा तय करने पर सुप्रीम कोर्ट में तीखी बहस

## राष्ट्रपति ने सिर्फ सलाह मांगी है, राय देंगे, अंतिम आदेश नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों द्वारा विधेयकों पर निर्णय लेने की समयसीमा तय करने संबंधी याचिका पर अहम सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा कि जब खुद राष्ट्रपति ने इस विषय पर राय मांगी है, तो इसमें दिक्कत क्या है। कोर्ट ने साफ किया कि वह अभी सलाहकारी अधिकार-क्षेत्र में बैठा है, यानी यह कोई अंतिम आदेश नहीं बल्कि केवल राय देने की प्रक्रिया है।

केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि संविधान सभा ने जानबूझकर राष्ट्रपति और राज्यपाल के लिए कोई समयसीमा नहीं रखी थी। अगर अब अदालत समयसीमा तय करती है तो यह संविधान को दोबारा लिखने जैसा होगा।

केरल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील केके वेणुगोपाल और तमिलनाडु की ओर से अभिषेक मनु सिंघवी ने दलील दी कि राष्ट्रपति के ज्यादातर सवालों का जवाब पहले ही सुप्रीम कोर्ट 8 अप्रैल 2025 के फैसले में दे चुका है।

सिंघवी ने कहा कि राष्ट्रपति ने जो 14 सवाल पूछे हैं, उनमें से केवल तीन को छोड़कर बाकी सभी पर पहले ही साफ-साफ जवाब आ चुका है। लेकिन अब मामला संविधान पीठ के सामने है, इसलिए पहले दिए गए आदेश पर असर पड़ सकता है। कोर्ट ने कहा कि वह इस मामले में संविधान की मंशा और लोकतांत्रिक संतुलन दोनों को ध्यान में रखकर राय देगा।



**दलील:** जब स्वतंत्र भारत का संविधान तैयार हुआ तो बीएन राव ने ब्रिटिश व्यवस्था का अध्ययन कर ढांचा बनाया था। लेकिन उनका मकसद राष्ट्रपति और राज्यपाल को किसी समयसीमा में बांधना नहीं था।
**- तुषार मेहता**

**जवाब:** तमिलनाडु मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा क्योंकि राज्यपाल ने महीनों तक बिल रोककर रखा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया ठप हो गई।
**- जस्टिस नरसिम्हा**

**दलील:** जब तक कोई बड़ी बेंच पूर्व फैसले को पलट न दे, तब तक सुप्रीम कोर्ट उस फैसले से बंधा हुआ है।
**- वेणुगोपाल**

**सवाल:** क्या पांच जजों की संविधान पीठ दो जजों की बेंच के फैसले से बंधी रह सकती है।
**- सीजेआई गवई**

### विवाद की पृष्ठभूमि: तमिलनाडु केस से शुरुआत

तमिलनाडु राज्यपाल और राज्य सरकार के टकराव से मामला शुरू हुआ। सरकार ने आरोप लगाया कि राज्यपाल जानबूझकर विधेयक रोक रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को स्पष्ट किया कि राज्यपाल के पास वीटो पावर नहीं है और राष्ट्रपति को भेजे बिल पर भी अधिकतम तीन महीने में फैसला करना होगा। यह आदेश 11 अप्रैल को सार्वजनिक हुआ। इसके बाद राष्ट्रपति ने 15 मई को सुप्रीम कोर्ट को रेफरेंस भेजकर संविधान संबंधी 14 सवाल पूछे। राष्ट्रपति का मानना था कि यह मामला पूरे देश की शासन-व्यवस्था को प्रभावित करेगा।

### कोर्ट रूम में सवाल-जवाब

**सीजेआई गवई:** आप कहते हैं कि संविधान में संशोधन कर दिया गया, तो उस फैसले में अंतिम निष्कर्ष क्या था?

**अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणि:** फैसले ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को साधारण प्रशासक जैसा मान लिया। यह संवैधानिक पदों के खिलाफ है।

**जस्टिस नरसिम्हा:** लेकिन साफ उदाहरण हैं कि राज्यपालों ने काम में जानबूझकर देर की, इसलिए कोर्ट को दखल देना पड़ा।

**सॉलिसिटर जनरल मेहता:** पहली बार राष्ट्रपति को लगा है कि संविधान की कार्यप्रणाली में टकराव है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की राय जरूरी है।




# रोजगार सहायक को संविदा समाप्ति का नोटिस

## सोहावल जनपद के बाबूपुर ग्राम पंचायत का मामला




**जागरण, सतना।** रोजगार सहायक द्वारा फर्जी तरीके से भवन अनुज्ञा जारी करने के एवज में किये गये लेनदेन की शिकायत प्रमाणित पाये जाने के बाद जिला पंचायत सीईओ संजना जैन आईएएस ने बाबूपुर पंचायत के रोजगार सहायक अनिल दुबे को संविदा समाप्ति करने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी की गई नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि रमाकान्त मिश्रा पिता भगवादीन पयासी निवासी वार्ड क्रमांक 10 देवेन्द्रनगर जिला पन्ना द्वारा शिकायत की गई थी कि शेरगंज की आराजी में आवासीय भवन बनाने के लिए आवेदन ग्राम सभा में 24 जनवरी 2024 को दिया गया था जिसमें 3 हजार वर्ग फीट में ग्राम सभा को 3 हजार रूपये भवन अनुज्ञा राशि जमा कर स्वीकृत किया गया। किन्तु इसके बाद भी रोजगार सहायक अनिल दुबे द्वारा फर्जी तरीके से रसीद में 3 हजार रूपये पर फर्जी हस्ताक्षकर दे दी गई इस मामले की जांच खण्ड पंचायत अधिकारी अशोक द्विवेदी द्वारा कराई गई थी। जांच के दौरान सचिव संतोष अहिरवार सरपंच रामकेश अरिहवार व रोजगार सहायक अनिल दुबे, समग्र स्वच्छता के समन्वय विष्णुबागरी, एडीईओ अभिषेक त्रिपाठी की उपस्थित में जांच की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

### 10 हजार लिये जाने की दर्ज कराई शिकायत

बताया जाता है कि शिकायत कर्ता ने आनलाईन भवन निर्माण की अनुमति प्राप्त नही होने पर जब जीआरएस को जानकारी दी तो 10 हजार रूपये और लिये गये। इसके बाद भी अनुमति प्रमाण पत्र से संबंधित कोई दस्तावेज नही दिये गये। इस विषय पर जब जांच टीम सरपंच राकेश अहिरवार के कथन लिये तो उन्होने बताया कि रसीद में जो हस्ताक्षर किये गये है वह मेरे नही है और न ही कोई भवन अनुज्ञा जारी की गई है। अभिलेखो के परीक्षण में कोई भी जानकारी ग्राम सभा में प्रस्तावित नही मिली। इस पूरे मामले पर जिला पंचायत सीईओ ने संविदा समाप्ति के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये 26 अगस्त को समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। साथ ही यह भी कहा है कि जवाब समाधान कारक और संतोष नही पाये जाने पर संविदा समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी।

# रिसोर्स पर्सन चयन के लिए आवेदन 26 तक

**सतना।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर लाभार्थियों को हेण्ड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने के लिए दो रिसोर्स पर्सन का फेसिलेटर के रूप में चयन किया जाना है। उप संचालक उद्यान अनिल सिंह ने बताया कि जिला रिसोर्स पर्सन के लिए कोई भी उपयुक्त अभ्यर्थी जैसे सेवा निवृत्त सरकारी अधिकारी, बैंक अधिकारी, बीमा एजेंट, कन्सलटेंसी फर्म, व्यक्तिगत पेशावर, जिसे फूड प्रोसेसिंग का अनुभव हो आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकता है। आवेदक स्नातक, डिग्री धारक होना चाहिए। खाद्य प्रसंस्करण या कृषि में स्नातक उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी। अभ्यर्थी को डीपीआर तैयार करने का अनुभव होना चाहिए। पासपोर्ट फोटो, मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी, वर्तमान पता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज तथा कार्य अनुभव एवं अन्य जानकारी के साथ अभ्यर्थी से उप संचालक उद्यान जिला सतना के कार्यालयीन समय में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आफ्लाइन आवेदन स्वीकार किये जायेगे।

# वसुधैव कुटुम्बकम् भारतीय मनीषा की सर्वोपरि अभिव्यजंना है : डॉ.सुरेश

## प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेन्स सतना में संगोष्ठी का आयोजन




**जागरण, सतना।** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में ''वसुधैव कुटम्बकम की भारतीय अवधारणा'' विषय पर व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता तथा भारतीय लोक संस्कृति पर आधारित संगीत प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। संगोष्ठी के मुख्यवक्ता डॉ. सुरेश प्रताप सिंह ने अपन उद्बोधन मे कहा कि भारत की सास्कृतिक अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम में वर्तमान विश्व की सभी विचारमूलक समस्याओं का समाधान उपलब्ध है। एकता के अनेक सूत्र एवं मंत्रांष हमारे ग्रंथों में विद्यान है। वसुधैव कुटुम्बकम मूलतः भारतीय अवधारणा है, जिसे पाश्चात्य जगत ने वैश्वीकरण के रूप में स्वीकारा है। संगोष्ठी के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ.एससी राय ने अपने उद्बोधन में व्यक्त किया कि वसुधैव कुटुम्बकम एक दर्शानिक अवधारणा है जो हमारे वेदों, उपनिषदों एवं शास्त्रों मे उदार ह्दय की सर्वोपरि चेतना बनकर मुखर हुई है। कार्यक्रम का आरंभ माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और वैदिक मंगलाचरण से हुआ। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज सिन्हा प्राध्यापक अंग्रेजी ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता गुप्ता सहायक प्राध्यापक इतिहास के द्वारा किया गया। वैदिक मंगलाचरण डॉ. विद्याप्रकाष सिंह सहायक प्राध्यापक संस्कृत ने किया। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा के नोडल अधिकारी डॉ.संतोष कुमार उपाध्याय, डॉ.अखिलेषमणि त्रिपाठी प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र, डॉ. राजेश गर्ग प्राध्यापक वनस्पतिषास्त्र, डॉ. जे.पी. शर्मा प्राध्यापक हिन्दी, महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा प्रभुत्व संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

**लोकगीत में शिवानी रहीं प्रथम :** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार ''विश्व शांति एवं सौहार्द'' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं भारतीय लोक संस्कृत पर आधारित लोकगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में शहर बानो, पूजा सिंह, शिखा मिश्रा, कृष्णा आप्ति तथा निशा साकेत ने प्रतिभाग किया। लोकगीत प्रतियोगिता में शिवानी साकेत प्रथम, खुषी पाण्डेय द्वितीय एवं शिखा मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# गैबीनाथ मंदिर सार्वजनिक न्यास बिरसिंहपुर की नई कार्यकारिणी घोषित

**जागरण, बिरसिंहपुर।** सतना जिले के बिरसिंहपुर नगर में स्थित श्री गैविनाथ धाम में हर तीन वर्ष में गैवीनाथ मंदिर सार्वजनिक न्यास की नई कार्यकारिणी घोषित की जाती है इस बार भी गैवीनाथ माली संघ के आम सभा द्वारा नई कार्यकारिणी समिति का चुनाव 17 अगस्त को कराया गया नई कार्यकारिणी में एक बार फिर से पंकज माली को अध्यक्ष चुना गया एवं महेंद्र माली को फिर से मंत्री बनाया गया व तीन सदस्यों में कैलाश प्रसाद माली सुरेश प्रसाद माली राजू प्रसाद माली को सदस्य चुना गया इस प्रकार से पांच लोगों को श्री गैवीनाथ मंदिर न्यास की कार्यकारिणी बनाई है यह कार्यकारिणी 22 अगस्त से 21 अगस्त तक कार्यरत रहेगी आपको बता दे कि श्री गैवीनाथ मंदिर सार्वजनिक न्यास के संपन्न चुनाव की जानकारी अनुविभागीय अधिकारी मझगवा को भी दी गई है जिसके बाद 18 अगस्त को माली संघ के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद माली के द्वारा नई कार्यकारिणी में बनाए गए अध्यक्ष मंत्री समेत सभी सदस्यों को प्रमाण जारी किया गया है।

# समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो 21 से होगा अनशन

**जागरण, रामनगर ।** नगर परिषद न्यू रामनगर में कार्यरत स्थाई कर्मी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के लगातार उपस्थित होने के उपरांत भी वेतन कटौती एवं कुछ कर्मचारियों पूर्णता वेतन रोक देना स्थाई कर्मियों का वेतन वृद्धि न लगाना एवं एरियश का भुगतान न किए जाने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का वेतन से मचवि कटौती करने के उपरांत भी मचवि का पैसा ना जमा किए जाने जैसे समस्याओं को लेकर नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा विगत कई माह से लगातार मुख नगर पालिका अधिकारी रामनगर के नाम आवेदन देकर अपनी समस्याओं के निराकरण किए जाने हेतु आवेदन दिया गया परंतु कर्मचारियों की समस्याओं का किसी प्रकार का निराकरण नहीं किया गया जिस कारण से कर्मचारी बाध्य होकर 21अगस्त से आमरण अनशन हेतु आवेदन किया गया है एवं इस आवेदन की सूचना कलेक्टर संयुक्त संचालक अनुभागीय अधिकारी रामनगर ,लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा मैहर को किया गया है एए कर्मचारियों के पत्र को गंभीरता से एवं कर्मचारियों के हित में लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला शाखा मैहर के जिला अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामनगर को पत्र लिखकर कर्मचारी के समस्याओं को समय अवधि के अंदर निराकरण करने हेतु अनुरोध किया गया है कर्मचारी की समस्या का निराकरण न होने की दशा में कर्मचारियों के अनशन में समर्थन देने की बात कही गई है श्री मिश्रा द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामनगर को पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि कर्मचारियो समस्याओं का निराकरण न होने की दशा में अनशन जैसी स्थिति निर्मित हो सकती जिससे निकाय का कार्य महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होगे अतः संघ अनुरोध करता है कि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण समय अवधि के अंदर किया जाए । जिससे कर्मचारी अनशन करने को बाध्य न हो । कर्मचारियों की मांग न्याय संगत है । लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा मैहर कर्मचारियों की मांग पूरी न होने की स्थिति में कर्मचारियों का पूर्णरूपेण समर्थन को बाध्य होगा एवं आमरण अनशन जैसे स्थिति में किसी प्रकार की क्षति या अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी जवाबदारी आपकी होगी

# कांग्रेस जिला अध्यक्ष का राममिलन अनुरागी ने किया स्वागत



**सतना।** मंगलवार को चित्रकूट स्थित पाल देव के समाज सेवी राममिलन अनुरागी की टीम ने नवनियुक्त कांगेस जिलाध्यक्ष एवं सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा का उनके आवास पहुचकर स्वागत किया है। इस दौरान सुनील कुमार अनुरागी जिलाध्यक्ष कोरी समाज, पप्पू खान बिरसिंहपुर, बालकृष्ण बुनकर बांधी, नन्हे खान बरौंधा , सुरेश कुमार बुनकर, दिनेश कुमार बुनकर, नत्थूलाल मिस्त्र राधेश्याम सेवा निवृत्त शिक्षक मौजूद रहे।

# दुकान में आग लगने से सामान जलकर खाक

**अमदरा ।** एन एच आई तीस के किनारे अमदरा में खुली शशि मोटर्स में रविवार दोपहर अचानक शार्ट सर्टिट होने कारण आग लग गई जिसके कारण करोड़ों का नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार रविवार को अचानक हीरो के वर्क शॉप में शॉर्ट सर्टिट होने के कारण दोपहर दो बजे आग लग गई देखते ही देखते आग विकराल रूप लेने लगी जिसके कारण कारण गाड़ी जलकर राख हो गई तथा एस सिलीज और गाड़ी रिपेयर का स्टूमेंट सभी जल गए साथ ही वर्क शाप का मकान में भी काफी नुकसान हुआ लगभग करोड़ रुपए का नुकसान बताया गया है आग लगने की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी अमदरा को दी गई जिसे तुरंत संज्ञान में लेते हुए फायर बिग्रेड बुलाया गया थाना स्टॉप ओर गांव वालों के साथ से आग में काबू पाया गया ।

# कान्यकुब्ज वैश्य सभा सतना भोजवाल के चुनाव निर्विरोध संपन्न

## राजकुमार अध्यक्ष, अशोक गुप्ता चुने गए महामंत्री



**जागरण, सतना।** श्री कान्यकुब्ज वैश्य सभा सतना भोजवाल के चुनाव संपन्न हुए। इसके पूर्व सतना सभा के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महामंत्री पंचम लाल गुप्ता ने समाज के समक्ष पिछले कार्यकाल का संपूर्ण लेखा.जोखा प्रस्तुत किया। अगले चरण में सभी सदस्यों ने मिलकर नए अध्यक्ष के चयन हेतु विचार-विमर्श किया। चर्चा के पश्चात पंचम लाल गुप्ता ने अध्यक्ष पद के लिए राजकुमार गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष के लिए जेन्द्र गुप्ता, महामंत्री पद के लिए अशोक गुप्ता पप्पू तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए दयाशंकर गुप्ता का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव का समर्थन वर्तमान अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कियाए और सभी उपस्थित सामाजिक बंधुओं ने हाथ उठाकर नई समिति को अपना समर्थन प्रदान किया। तत्पश्चात, फूल मालाओं के साथ नई समिति का भव्य स्वागत किया गया।

**ये रहे मौजूद :** समाज के पदाधिकारियों के चुनाव के दौरान रघुनाथ प्रसाद गुप्ता ,राजेंद्र गुप्ता ,अशोक गुप्ता आरबी गुप्ता , कोदू लाल गुप्ता , किशनचंद गुप्ता , भास्कर गुप्ता ,बालकिशन, दयाशंकर गुप्ता ,शकुंतला गुप्ता ,रश्मि गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता,स्वाति गुप्ता ,अंजू गुप्ता, अनुराग गुप्ता,भारत गुप्ता, कामता प्रसाद गुप्ता, अनिल गुप्ता, सुरेश गुप्ता, संजय गुप्ता,जय प्रकाश गुप्ता, राहुल गुप्ता दीपक गुप्ता , ओपी गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता , शिव सहाय गुप्ता ,बादल भुर्जी , अभिषेक छोटेलाल गुप्ता , गिरिजा गुप्ता ,शिवमंगल गुप्ता,नर्मदा प्रसाद गुप्ता , सुरेश कुमार, राजेश प्रसाद ,शिवशरण ,रविंद्र गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, पंचम गुप्ता, हिमांशु गुप्ता,यश गुप्ता, संतोष गुप्ता एवं अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक 21 अगस्त को

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 21 अगस्त को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं नगर परिषद नागौद एवं बिरसिंहपुर की आईडीएचएमटी योजनांतर्गत निविदा समिति की परियोजना स्वीकृति के संबंध में समीक्षा की जायेगी। अपर कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण विकास सिंह ने बैठक में आयुक्त नगर पालिक निगम सतना, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# पीएम श्री गुडुहुरु में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण



**जागरण, सतना।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदुहुरू के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण रामपुर बाघेलान क्षेत्र के विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया के मुख्य आतिथ्य में तथा जनपद अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू की अध्यक्षता में किया गया तत्पश्चात भव्य कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया वहीं विधायक श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा पीएम श्री योजना अद्वितीय योजना है विद्यालय के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस दौरान गिरीश कुमार अग्निहोत्री सहायक संचालक शिक्षा विभाग व सुनील निगम एडीपीसी सतना द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। प्राचार्य पुरुषोत्तम साकेत द्वारा सभी आगंतुकों का आभार प्रस्तुत किया गया इस कार्यक्रम में अनिल साकेत जनपद सदस्य, मनीष दिनेश दहायत पूर्व सरपंच नंदकिशोर, सुरेन्द्र तिवारी , शक्ति कोल अशोक कुमार शुक्ल पीएम प्रभारी रविसुंदर प्रजापति, गुलाब प्रसाद मिश्र, सुनील कुमार कुशवाहा प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश सतनामी जनशिक्षक सुरेश सिंह मौजूद रहे तथा सभा संचालन का कार्य जनशिक्षक जवाहर लाल साकेत द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, छात्र छात्राएं एवं काफी संख्या में अभिभावक ग्रामीण मौजूद रहे ।

# मच्छर दिवस पर मलेरिया आफिस में कार्यशाला आज

**सतना।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शासन के निर्देशानुसार 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाएगा इस अवसर पर जिला मलेरिया कार्यालय में दोपहर 1 बजे से विश्व मच्छर दिवस पर एक जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है इस कार्यशाला में मलेरिया विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य समाज से भी उपस्थित रहेंगे मिली जानकारी के अनुसार मच्छर जनित बीमारियों संबंधित कार्य शाला का आयोजन किया जायेगा।

सत्यमेव जयते
**भारत सरकार**
**जनजातीय कार्य मंत्रालय**
**[ छात्रवृत्ति अनुभाग ]**

अनुसूचित जनजाति (ST) छात्रों के लिए उच्च शिक्षा हेतु राष्ट्रीय फैलोशिप (NFST) वर्ष 2025-26 के लिए

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए ''**उच्च शिक्षा हेतु राष्ट्रीय फैलोशिप एवं छात्रवृत्ति योजना**'' के अंतर्गत राष्ट्रीय फैलोशिप के लिए वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह फैलोशिप उन छात्रों को प्रदान की जाती है जो पीएच.डी. कार्यक्रमों के लिए चयनित होते हैं।

**फैलोशिप की कुल संख्या : 750**

इच्छुक उम्मीदवार राष्ट्रीय जनजातीय फैलोशिप पोर्टल https://fellowship.tribal.gov.in/के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।

आवेदन पोर्टल 1 अगस्त 2025 से 30 सितंबर 2025 (शाम 5:30 बजे) तक खुला रहेगा। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार जनजातीय कार्य मंत्रालय की पोर्टल https://tribal.nic.in/Scholarship.asp& पर विजिट करें।

**CBC-43101/11/0019/2526**

**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में**



**रीवाः** अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे-केयर क्लीनिक/ डायग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/ दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेड़े मेड़े पाँव का उपचार, रीड़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फ्रैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फ्रैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

MP BIRLA GROUP
विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड
सीआईएनः **L31300MP1983PLC002134**
पंजीकृत कार्यालयः उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.)
कार्पोरेट कार्यालयः 5वां तल, सिग्नेचर टावर-।।।, टावर "सी", सेक्टर 15-।।,
एनएच-8, निकट 32वां एवेन्यू, गुरूग्राम-122001 (हरियाणा)
फोनः (07662) 400400; फैक्सः (07662) 400591
ई-मेलः headoffice@vtlrewa.com; वेबसाइटः https://www.vtlrewa.com

**42वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना और रिमोट ई-वोटिंग संबंधी जानकारी**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की बयालीसवीं (42वीं) वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) **शुक्रवार, 12 सितम्बर, 2025 को प्रातः 11.30 बजे** कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.) में आयोजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, अन्य के साथ एजीएम की सूचना उसमें निष्पादित किए जाने वाले व्यवसाय की सूची, प्रतिनिधि प्रपत्र तथा उपस्थिति पर्ची सहित, कम्पनी के सदस्यों को पृथकतः उनके पंजीकृत पते पर भेजी जा चुकी है। उपरोक्त दस्तावेज उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक विधि से भेजे गए हैं, जो अपना ई-मेल पता पंजीकृत करवा चुके हैं। कम्पनी ने 19 अगस्त, 2025 को सदस्यों को वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट भेजने का कार्य पूरा कर लिया है।

सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना तथा अन्य दस्तावेज सहित वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट https://www.vtlrewa.com पर "Investor Relation" अनुभाग के अंतर्गत, स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट https://www.bseindia.com तथा https://www.nseindia.com क्रमशः पर उपलब्ध करा दी गई हैं तथा कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में भी एजीएम की तिथि, उस तिथि सहित, तक शनिवार छोड़कर प्रत्येक कार्यदिवस को सामान्य व्यवसाय समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

कम्पनी ने 42वीं एजीएम के प्रयोजनों के लिए और एजीएम में इक्विटी शेयरो पर लाभांश घोषित होने पर पात्र सदस्यों के नाम निर्धारित करने के लिए 5 सितंबर, 2025 को "रिकॉर्ड तिथि" के रूप में तय की है। यदि इक्विटी शेयर्स पर लाभांश, जैसा कि निदेशक मंडल द्वारा संस्तुत किया गया है, 42वीं एजीएम में घोषित किया जाता है, तो उस लाभांश का भुगतान, लागू अनुसार, स्रोत कर की कटौती (टीडीएस) के अधीन, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025 को अथवा उसके पूर्व किया जाएगा। कम्पनी को आयकर अधिनियम, 1961 और तदधीन विरचित नियमों के संबंधित प्रावधानों के तहत स्रोत पर कर कटौती की उपयुक्त दर निर्धारित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए, ग्राह्य शेयरधारकों से लागू अनुसार आवश्यक विवरण और दस्तावेज vtldivtax@in.mpms.mufg.com पर 5 सितम्बर, 2025 को अथवा पूर्व उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया जाता है। अधिक विवरण के लिए, कृपया एजीएम की सूचना में दिए गए "नोटस" देखें। शेयरधारकों से अपना पैन और बैंक खाता विवरण रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट्स (आरटीए) – एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के पास प्रपत्र आईएसआर-1/आईएसआर-2 आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करके (यदि उनके शेयर भौतिक रूप में हैं) तथा डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट(स) के पास प्रस्तुत करके (यदि उनके शेयर अभौतिक रूप में हैं) अद्यतन करवाने का अनुरोध किया जाता है।

रिमोट ई-वोटिंग जानकारीः

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुसरण में, कम्पनी अपने सदस्यों को एजीएम में निष्पादित किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोट डालने के उनके अधिकार का प्रयोग करने हेतु सुविधा प्रदान कर हर्षित है। सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के प्रयोग द्वारा एजीएम के स्थान से इतर किसी अन्य स्थान से वोट डालने की सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल), https://www.evotingindia.com द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जो सदस्यों को एजीएम की सूचना में दी गई सभी व्यवसाय मदों पर उनका वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा डालने हेतु सक्षम बनाएगी। रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी कम्पनी के सदस्यों को भेजी गई वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना में दी गई है। कृपया इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के लिए वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना सीडीएसएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**रिमोट ई-वोटिंग सुविधा मंगलवार, 9 सितम्बर, 2025 को प्रातः 9.00 बजे आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 11 सितम्बर, 2025 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी और तदुपरांत सीडीएसएल द्वारा अक्षम कर दी जाएगी।**

सदस्यगण, जिनका नाम 5 सितंबर, 2025 ("कट-ऑफ तिथि") को डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद होगा, केवल वही सदस्य रिमोट ई-वोटिंग/अथवा एजीएम में वोटिंग की सुविधा पाने के हकदार होंगे। कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि को शेयर्स का धारक है, वह helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

एजीएम में मतपत्र के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जो सदस्य रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं परंतु उनको एजीएम में अपना वोट दोबारा डालने का अधिकार/अनुमति नहीं होगी।

रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में सदस्य https://www.evotingindia.com पर "हेल्प" सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल तथा फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यू'ज") देखें। इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग हेतु सुविधा के साथ संबंधित सभी शिकायतें श्री राकेश दाल्वी, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (ई), मुंबई – 400013 को संबोधित करें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल भेजें अथवा टोलफ्री नंबर 1800 2109 911 पर कॉल करें।

वास्ते विंध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड

तिथिः 19 अगस्त, 2025
स्थानः रीवा (मध्य प्रदेश)

(दिनेश कपूर)
कम्पनी सचिव

# जिला स्वास्थ्य विभाग की फर्जी भर्ती हुई निरस्त




## कलेक्टर ने जांच दल की रिपोर्ट पर की कार्यवाही

### आउटसोर्स के माध्यम से की गई थी मनमानी भर्ती



जागरण, सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी द्वारा मानक वर्ष 2024 आउटसोर्स के माध्यम से की गई नियोजन/कार्यादेश सम्पूर्ण भर्ती प्रक्रिया निरस्त की गई है। कलेक्टर ने बताया कि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग मध्यप्रदेश शासन तथा प्रभारी मंत्री जिला सीधी के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के दृष्टिगत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिलास्तरीय जांच दल गठित किया जाकर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी द्वारा मानक वर्ष 2024 आउटसोर्स नियोजन के संबंध में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया गया। कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी के जांच प्रतिवेदन कमांक 10205/जांच समिति/ 2025 सीधी दिनांक 11 अगस्त 2025 के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी द्वारा मानक वर्ष 2024 के लिये डाटा एन्ट्री आपरेटर/वाहन चालक/मल्टी टास्क ग्रुप-डी वर्कर/भृत्य आउटसोर्स भर्ती क्रिया पूरी तरह से दूषित है। आउटसोर्स भर्ती प्रक्रिया सम्पूर्ण रूप से दूषित होने एवं अन्य किसी भी भर्ती में कलेक्टर द्वारा कोई अनुमोदन नहीं किया गया है, जिससे कलेक्टर द्वारा अनुमोदित उल्लिखित सभी कार्यादेश एतत द्वारा निरस्त किया जाता है। अन्य शिकायत बिंदुओं की जांच के लिये पृथक से जिला स्तरीय जांच दल गठित कर विस्तृत जांच की जावेगी। उधर जानकारों का कहना है कि जिला स्वास्थ्य विभाग में जिस तरह से थोक में आनन-फानन में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया को अंजाम दिया गया था उसके बाद से ही शिकायतों का दौर शुरू हो गया था। जिले के प्रभारी मंत्री के पास शिकायत पहुंचने पर उनके द्वारा इसे गंभीरता से लिया गया और उच्च स्तरीय जांच दल गठित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद भर्ती से संबंधित समूचे रिकार्डों में जांच टीम ने अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू किया तो समूचा फर्जीवाड़ा सामने आ गया।

### आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करने की अनुशंसा

भर्ती प्रक्रिया में संलिप्त दोषी अधिकारी/कर्मचारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सीधी, स्वास्थ्य विभाग से साक्षात्कार हेतु नामांकित सदस्य डॉ. रामभूषण पटेल चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमिलिया एवं डॉ. श्रिया त्रिपाठी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंजारी, प्रभारी स्थापना लिपिक के विरुद्ध विभागीय जॉच संस्थित किये जाने एवं सेडमैप से नामांकित सदस्य हरिओम शरण सोनी जिला समन्वयक रीवा/सीधी, अशोक त्रिपाठी जिला समन्वयक सिंगरौली व रवि वर्मा जिला समन्वयक शहडोल के विरुद्ध सेडमैप अपने स्तर से कार्यवाही करें तथा आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध करने की अनुशंसा की जाती है।

### फर्जी भर्ती को लेकर सख्त दिखे कलेक्टर



जिला स्वास्थ्य विभाग में फर्जी भर्ती का मामला सामने आते ही कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराई गई। इसके लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंशुमान राज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जांच टीम का गठन किया गया था। जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने भी आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से की गई भर्ती के रिकार्डों को खंगाला तो समूचा फर्जीवाड़ा सामने आ गया। जांच टीम द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से की गई भर्ती प्रकिया में हुई मनमानी का जांच प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष पुख्ता साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत किया। जिसको गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने तत्काल प्रभाव से समूची भर्ती को निरस्त करते हुए भर्ती प्रक्रिया में शामिल विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध भी कार्यवाही की अनुशंसा की है।

# मूकबधिरों ने एसपी से की शिकायत, हमें लोग अश्लील संकेतों से करते हैं जलील



## दिव्यांगजनों के लिए अधिनियम 2016 का नहीं हो रहा पालन

जागरण, सीधी

जिले के सोनांचल विंध्य बधिर संगठन सीधी द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा को आवेदन देकर यह मांग की गई है कि हम मूकबधिरों को अश्लील संकेतों से लोग परेशान करते हैं। उपहास उड़ाते हैं। जबकि इसके लिए कानून बना है उस पर कार्यवाही होनी चाहिए। इस संबंध में सोनांचल विंध्य बधिर संगठन के महासचिव विपिन मिश्रा ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि दिव्यांगजनों के लिए अधिनियम 2016 बनाया गया है किंतु उसका पालन नहीं हो रहा है। बताया गया कि हम लोग अलग-अलग स्थानों में काम करते हैं जिसमें शारदा गुप्ता मूकबधिर दिव्यांग आटा चक्की स्टेट बैंक सीधी के पास चलाते हैं वहीं रवी सिंह मूकबधिर एवं दिव्यांग बस सवारी का काम करते हैं। इसके साथ ही ओमप्रकाश सिंह बघवार तहसील रामपुर नैकिन, अनिल साकेत मूकबधिर न्यू बस स्टैंड तिराहे में काम करता है वहीं रामदर्शन कुशवाहा टिकरी होटल में एवं मोहित सोनी अस्सू ड्राई कटर्स गुरुद्वारा के पास काम करते हैं लेकिन इनके साथ अश्लील संकेतों से लोग परेशान करते हैं इसकी शिकायत की गई।

## स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

### स्वामी विवेकानंद एकेडमी में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



जागरण, मझौली। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हायर सेकेंडरी की मान्यता प्राप्त सर्वसुविधायुक्त विद्यालय स्वामी विवेकानंद एकेडमी छुही ताला में बड़े ही हर्षोल्लास से 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय से रैली निकालकर विजई विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊँचा रहे हमारा भारत माता की जय जैसे नारे लगाए गए तथा मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद तिवारी पूर्व सरपंच ताला, अध्यक्षता कर रहे विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र द्विवेदी प्राचार्य, विशिष्ट अतिथिगण एंड प्रवीण तिवारी भाजपा मंडल अध्यक्ष मझौली, कैलाश सिंह बैस सेवानिवृत सैनिक, आकाश सिंह चंदेल व उपस्थित अभिभावकगणों द्वारा माँ वीणावादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पण किया जाकर मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविताएं, नृत्य आदि की सुंदर प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। उपस्थित अतिथियों ने स्वतंत्रता का मूल अर्थ समझाते हुए विद्यार्थियों को प्रगति की ओर अग्रसर रहने की शुभकामनाओं सहित आशीर्वचन प्रदान किए। स्वामी विवेकानंद एकेडमी में आयोजित यह स्वतंत्रता दिवस समारोह अतिथियों व अभिभावकों की उपस्थिति छात्र-छात्राओं की मेहनत एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के अथक प्रयासों साथ ही अन्य विद्यालयीन कर्मचारियों के सहयोग से सफल रहा। कार्यक्रम में विद्यालय संचालिका नेहा गुप्ता, प्राचार्य सुरेन्द्र द्विवेदी व उपप्राचार्य कीर्ति द्विवेदी, शिक्षक-शिक्षिकाएं रमाशंकर सोनी, सुषमा सोनी, मानसी सुनानिया, नीलम तिवारी, निधी मिश्रा, अनिल सेन, पुष्पेन्द्र सिंह, अंकित गुप्ता, राशि सिंह, दीक्षा सिंह, निधी मिश्रा, वर्षा द्विवेदी, नैनिका द्विवेदी, नेहा सोनी, स्वर्णिमा सिंह, संध्या सोनी, स्वाती मिश्रा, शिल्पा पनिका, लालजी गुप्ता व अंकिता गुप्ता सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### बिजली करंट से युवक की मौत



जागरण, सीधी। रामपुर नैकिन थाना के पुलिस चौकी खड्डी अंतर्गत मोहनी गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में मृतक युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां परीक्षण के पश्चात डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मोहनी निवासी रजनीश बढ़ई पिता रामनारायण बढ़ई उम्र 24 वर्ष सुबह खेत की ओर टहलने गया था। वहां बिजली का करंट प्रवाहित तार गिरा था। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शिक्षक संघ जिला कार्यकारी की बैठक संपन्न



जागरण, सीधी। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारी की बैठक महारानी लक्ष्मीबाई हाई स्कूल सीधी में आहूत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि राजबहोर पाठक, प्रांत साहित्यिक प्रमुख अध्यक्षता सतीश पाण्डेय, जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक, संघ सुभाष चंद्र द्विवेदी संभागीय कार्यकारी सदस्य, शिव शंकर सिंह चौहान संगठन मंत्री के विशिष्ट अतिथि में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। बैठक में सभी दायित्व ऑन पदाधिकारी द्वारा संगठन के विस्तार के बारे में विधिवत चर्चा हुई, शिक्षकों की समस्याओं एवं ई-अटेंडेंस के संबंध तथा सदस्यता अभियान 2025-26 के लिए अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ना लगभग 2000 सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही प्रांत के निर्देशानुसार जिला मीडिया प्रभारी एवं सह मीडिया प्रभारी की नियुक्ति करना बैठक के मुख्य बिंदु थे। मुख्य अतिथि राजबहोर पाठक द्वारा अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सर्वप्रथम राष्ट्रहित, शिक्षा हित, छात्र हित इसके पश्चात शिक्षक की बात करता है एवं सतीश कुमार अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि यह संगठन प्रादेशिक नहीं बल्कि पूरे भारत देश में कार्यकर्ता हैं एवं राष्ट्रहित के निर्माण में समाज के निर्माण में शिक्षा के निर्माण में इसके पश्चात शिक्षक हित की बात करता है। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का अनुयाई संघ है। हम उसे विचारधारा से मिलान करते हैं। अपने कर्तव्य के प्रति छात्रों को शिक्षा देना मेरा पहला कर्तव्य है। हमें अपने कर्तव्य को समझना चाहिए। समय से समय तक विद्यालय में रहकर बच्चों के साथ अध्ययन अध्यापन करना चाहिए। यह हम सब शिक्षकों का दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव राम शुक्ला द्वारा किया गया एवं जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व मोहम्मद आजम नूरी को एवं सह मीडिया प्रभारी मुकेश सेन को बनाया गया। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर तिवारी, महिला उपाध्यक्ष निकिता सोनी, जिला कार्यकारी सदस्य ईश्वर दिन प्रजापति, बालेंद्र शेखर द्विवेदी, जिला कार्यकारिणी राजेश प्रताप सिंह, जिला कार्यकारी सदस्य सीधी ब्लाक के अध्यक्ष कुमुद पाण्डेय, सिहावल ब्लॉक के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर सिंह, सिहावल के सचिव सतीश पाण्डेय, कुसमी ब्लाक के अध्यक्ष प्रवीण कुमार शुक्ला, रामपुर ब्लाक के संयोजक आशुतोष पाण्डेय, विनोद तिवारी, जयशंकर उपाध्याय, कमलेश शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन

जागरण, सीधी। डॉ. डीके त्रिपाठी प्राचार्य पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट जिला सीधी मध्य प्रदेश के निर्देशन में विद्यालय इस समय शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी विभिन्न क्षेत्रों के स्किल टीचर्स को बुलाकर के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य कर रहे हैं। डांस के क्षेत्र में स्पेशलिस्ट अंजली भारती कत्थक स्पेशलिस्ट और फोक डांस की ट्रेनिंग दिनांक 18-08- 2025 से विद्यार्थियों के परफॉर्मिंग आर्ट को निखारने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। इसी प्रकार इवनिंग की सुपरवाइज स्टडी क्लासों में भी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, विशेष कर बोर्ड क्लास के विद्यार्थियों के लिए स्पेशल लेक्चर दिया जा रहा है। औचक निरीक्षण में प्राचार्य द्वारा पाया गया कि कक्षा 12वीं ह्यूमैनिटीज के छात्रों को इतिहास विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्याता श्रीमती रिचा ने साइंस एंड टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देते हुए, अपना लेक्चर लेसन प्लान के अनुसार डिजिटल बोर्ड के माध्यम से विद्यार्थियों के कठिनाई निवारण कार्य करने का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

# योग और मेडिटेशन स्वस्थ जीवन का आधार: प्रियंका द्विवेदी



जागरण, सीधी। योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह एक समग्र दृष्टिकोण है जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाने में सहायक होता है उक्त बातें हनविका फिटनेस क्लब सीएमआईटी कॉलेज के पास सीधी की संचालिका प्रियंका द्विवेदी ने कही। उन्होंने आगे कहा कि योग के नियमित अभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। योग एक शक्तिशाली औजार है जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाने में मदद करता है। इसके नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है और अपने स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार कर सकता है। इसलिए सभी को योग अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। हनविका फिटनेस क्लब सीएमआईटी कॉलेज के पास सीधी की संचालिका प्रियंका द्विवेदी ने बताया कि योग के नियमित अभ्यास से शारीरिक लचीलापन बढ़ता है, मांसपेशियों की ताकत बढ़ती है और शरीर की मुद्रा में सुधार होता है। यह रक्तचाप को नियंत्रित करने, मधुमेह को प्रबंधित करने और हृदय स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद करता है। इसके अलावा योग तनाव और चिंता को कम करने में भी मदद करता है, साथ ही साथ मानसिक शांति और एकाग्रता में सुधार करता है। यह आत्म जागरूकता और आत्म नियंत्रण को भी बढ़ावा देता है। प्रियंका ने बताया कि योग एक समग्र दृष्टिकोण है जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाने में सहायक होता है। यह एक प्राकृतिक और प्रभावी तरीका है जो व्यक्ति को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करता है। योग के नियमित अभ्यास से व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है और अपने स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार कर सकता है।

## उपखण्ड अधिकारी ने किया खाद वितरण केंद्र चुरहट का निरीक्षण

जागरण, सीधी। जिले में किसानों को समय पर एवं सुचारू रूप से उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में उपखण्ड अधिकारी चुरहट शैलेश द्विवेदी द्वारा खाद वितरण केंद्र चुरहट का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान किसानों से संवाद स्थापित कर आश्वस्त किया गया कि जिले में पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता जल्द ही सुनिश्चित होगी, किसानों को घबराने की अवश्यकता नहीं है। गोदाम प्रभारी भण्डारण केन्द्र चुरहट निरंजना पाण्डेय ने बताया कि विपणन संघ डीएलसी चुरहट में करीब 10 दिवस के अंतराल से रीवा रैक से प्राप्त 97.200 मै.टन यूरिया में से 40.500 मै.टन समितियों को दी गई, शेष 56.700 मै.टन की कैश-सेल लगभग 150 किसानों को दी गई।

# वसुधैव कुटुंबकम विषय पर कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## भारत का समृद्धशाली गौरव इस वसुधैव कुटुंबकम में समाहित है



जागरण, सीधी

संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. पीके सिंह के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किए गए। तत्पश्चात प्राचार्य के उद्बोधन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि भारत का समृद्धशाली गौरव इस वसुधैव कुटुंबकम में समाहित है, जब हम अपने परिवार समाज से आगे बढ़कर संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानते हैं। इस अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राम नारायण स्वर्णकार ने अपने उद्बोधन में भजन गाकर सभी का मार्गदर्शन किया। उक्त अवसर पर विश्व शांति एवं सौहार्द विषय पर केंद्रित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रथम स्थान दीक्षा शुक्ला प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान अंकिता सिंह बीए प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान शिवानी तिवारी बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया, जिन्हें मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर कई छात्र-छात्राओं द्वारा व्याख्यान एवं गीत गाकर सहभागिता दर्ज की गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. केबी सिंह विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने आभार, नोडल डॉ. दिलीप कुमार सोनी एवं संचालन डॉ. आशुतोष पांडेय ने किया। कार्यक्रम में प्रो.उमेश सोनी, प्रो. विनोद साकेत, प्रो. राकेश प्रजापति, डॉ. आकाश गुप्ता, डॉ. गुलाम मोईनुद्दीन, प्रो. पुष्पेंद्र शाह, डॉ. विभा सिंह, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. श्वेता सिंह, डॉ. सच्चिदानंद तिवारी, डॉ.कोमल पाण्डेय, डॉ. संजय द्विवेदी डॉ.रमाकांत पाण्डेय, रामानुज पटेल, श्रेया शर्मा सहित छात्र छात्राएं सम्मिलित होकर लाभान्वित हुए।

## डिप्टी कलेक्टर ने सुनी 161 आवेदकों की समस्याएं



जागरण, सीधी। नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर राकेश शुक्ला द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 161 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## विवि की बात रखने पर इंद्रलाल ने किया धन्यवाद



जागरण, सीधी। छात्र-छात्राओं के द्वारा सीधी जिले में पिछले कई साल से लगातार सीधी मांगे विश्वविद्यालय संघर्ष समिति के माध्यम से की जा रही है। इस मांग को लेकर छात्रों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया को ज्ञापन सौंपा। जिसे अजय सिंह राहुल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट और लेटर पैड के माध्यम से मुख्यमंत्री को जिले के छात्र-छात्राओं की आवाज और पीड़ा को पहुंचाया है। इस हेतु छात्र संगठन का नेतृत्व कर रहे शोध छात्र इंद्रलाल पटेल ने टीम की ओर से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया और जिले के तमाम जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, छात्र संगठनों एवं आम जनता से जिले में विश्वविद्यालय स्थापना करवाने में सहयोग हेतु अनुरोध एवं अपील किया है और उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्थापित न होने तक हम छात्रों की मांग लगातार जारी रहेगी।

# शिकारियों के करंट में फंसने से बाघ टी-43 की मौत





## संजय टाईगर रिजर्व के दुबरी परिक्षेत्र के डेवा वृत्त में हुई घटना

### मौके पर पहुंचे संजय टाईगर रिजर्व के बड़े अधिकारी

जागरण, सीधी

संजय टाईगर रिजर्व के दुबरी परिक्षेत्र के डेवा वृत्त के बीट खरबर में शिकारियों द्वारा बिछाये गये करंट में फंसने से बाघ टी-43 की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारियों का जमावड़ा लग गया। मृत बाघ का पोस्टमार्टम 3 डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गयाए वहीं अग्रिम फॉरेंसिक जांच के लिये बाघ का बिसरा एकत्रित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 19 अगस्त 2025 की रात्रि में शिकारियों द्वारा वन्य जीवों के शिकार के लिये हाई वोल्टेज लाइन से करंट जमीन में फैलाया गया था। बिछाये गये करंट की चपेट में जैसे ही बाघ टी-43 फंसा, तेज आग भडक उठी। उसी दौरान खरबर गांव के कुछ लोग मरीज की दवाई कराकर बोलेरो वाहन से वस्तुआ लौटे रहे थे। इनकी बोलेरो वस्तुआ डेवा रोड से खरबर की तरफ मुड़ी तो रास्ते से लगभग 50 मीटर की दूरी पर तेज आग नजर आई। जिस पर इनके द्वारा बोलेरो को मोडकर हेडलाइट से देखा गया तो जमीन में खूंटी गाडकर जीआई तार से करंट फैलाया गया था, उसी में बाघ टी-43 फंस चुका था। बोलेरो सवारों द्वारा तत्काल इसकी सूचना संजय टाईगर रिजर्व के कर्मचारियों को दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल टाईगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची लेकिन शिकारी वहां से भाग चुके थे और बाघ की मौत हो गई थी। टाईगर रिजर्व की टीम द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी देने के पश्चात पूरी रात मृत बाघ की रखवाली में मुस्तैद रही। आज सुबह खोजी कुत्ते के साथ विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। खोजी कुत्ते की मदद से अपराधियों तक पहुंचने के लिये दुबरी और वस्तुआ रेंज की टीमें लगी हुई थीं। खोजी कुत्ते की मदद से कुछ संदेहियों को पूंछतांछ के लिये बैठाया गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर सुबह विद्युत वितरण केन्द्र मड़वास के कनिष्ठ यंत्री आकाश राजपूत भी विद्युत कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। बताया गया है कि शिकारियों द्वारा 11 हजार केव्ही लाइन से घटिया फंसाकर करंट जीआई तार से फैलाया गया था। शिकारियों की मंशा छोटे जानवरों का शिकार करने के लिये थी किन्तु उनके करंट में बाघ ही दुर्भाग्यवश फंस गया। जिन शिकारियों द्वारा करंट लगाया गया था उनके द्वारा अक्सर छोटे जानवरों का शिकार इसी तरह से किया जाता है।

### वन अपराध दर्ज कर विवेचना हुई शुरू

क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व ने जानकरी देकर बताया कि आज दिनांक 19 अगस्त 2025 को रात्रि 12:05 बजे दुबरी परिक्षेत्र की खरबर बीट में 1 बाघ मृत पाया गया है। सूचना प्राप्त होते ही दुबरी परिक्षेत्र के अधिकारीध्कर्मचारी मौके पर पहुंचे एवं घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। घटना दुबरी परिक्षेत्र के डेवा वृत्त की बीट खरबर के कक्ष क्रमांक 509 की है। मृत नर बाघ की पहचान टी-43 के रूप में की गई। बाघ के सभी अंग सुरक्षित पाये गये हैं। प्राथमिक जांच में बाघ की मृत्यु ग्रामीणों द्वारा फसल बचाने के लिए लगाये गये बिजली के तार में फंसने से होना प्रतीत होता है। बाघ का पोस्टमार्टम तीन डॉक्टरों के दल द्वारा किया गया। अग्रिम फॉरेंसिक जॉच हेतु बाघ का विसरा एकत्रित किया गया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रोटोकॉल के अनुसार अमित कुमार दुबे क्षेत्र संचालक संजय टाइगर रिजर्व सीधी, कैलाश तिवारी प्रतिनिधि एनटीसीए एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में बाघ के शव को जलाकर नष्ट किया गया। वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 562/18 दिनांक 19 अगस्त 2025 जारी कर प्रकरण में विवेचना की जा रही।

# रामनगर के भितरी जंगल में हुई चौकीदार की अंधी हत्या का पुलिस ने 72 घण्टे में किया खुलासा



**जागरण, देवलौद।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देशन एवम मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रामनगर निरी. विजय त्रिपाठी द्वारा अंधी हत्या का खुलासा करते हुये आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया। फरियादिया सुन्दरिया कोल पति संतोष कुमार कोल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कन्दवारी ड़गनिहा टोला द्वारा दिनांक 13.08.24 को थाना रामनगर में अपने पति संतोष कुमार कोल की गुमशुदगी की रिपोर्ट लेख कराई गई थी । उसी रात संतोष कोल की मोटर सायकल भितरी के जंगल मे देर रात मिलने की सूचना पर सघनता से गुमशुदा की पता तलास प्रारंभ की गई। 14अगस्त 25 को गुमशुदा संतोष कोल का शव भितरी के जंगल मे मिला। जिस पर रामनगर पुलिस द्वारा मर्ग पंजीबद्ध कर जांच की गई। घटना स्थल सुरक्षित कर एफएसएल यूनिट द्वारा घटना स्थल एवं शव का निरीक्षण किया गया। घटना स्थल से भौतिक साक्ष्य संकलित किये गये । घटना स्थल से करीब 800 मीटर दूर एवम रोड से करीब 20 मीटर की दूरी पर अंदर जंगल मे खड़ी गुमशुदा की मोटर सायकल जिसकी डिग्गी मे मृतक का मोबाईल , स्कूल की चाबी का गुच्छा व खाने से भरा हुआ टिफिन जप्त किया गया । मृतक की मृत्यु संदेहास्पद होने से हर बिन्दु व पहलुओ का अध्ययन कर घटना के संबंध मे साक्ष्य संकलित किए गए। पीएम रिपोर्ट मे मृतक की मृत्यु किसी भारी हथियार से सिर मे प्रहार कर चोट पहुंचाने से होना लेख किया गया। संपूर्ण मर्ग जॉच पर मामला हत्या का होना पाए जाने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 449/25 धारा 103(1),238 बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा अज्ञात आरोपी की पता तलाश करते हुए आरोपी की शीघ्र हेतु थाना प्रभारी रामनगर को निर्देशित किया गया व थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। संदेह के आधार पर पुलिस के द्वारा गांव के एक युवक रजनीकान्त उर्फ रोहित कोल पिता रामस्वरुप कोल नि. कंदवारी को अभिरक्षा मे लेकर हिकमत अमली से पूछताछ की गई । जिसके द्वारा अपना जुर्म कबूल करते हुए मृतक संतोष कोल की लड़की से बात करने को लेकर मना करने कई बार विवाद करने व खजलइयां के दिन 10 अगस्त को रात करीब 09 बजे मृतक संतोष कोल द्वारा आरोपी रजनीकान्त को सार्वजनिक रुप से बेइज्जत करने के चलते बदला लेने की नियत से 13 अगस्त को बांस का डंडा लेकर भितरी के जंगल मे इंतजार करना व मृतक संतोष कोल का अपनी मोटर सायकल से सरिया स्कूल मे रात्रि ड्युटी करने जाने के दौरान भितरी के जंगल में पहुंचने पर आरोपी द्वारा मृतक को आवाज देकर रोकने व मृतक से गाली गलौज कर बांस के डंडे से हत्या करने की नियत से सिर मे पीछे तरफ वार करना बताया । आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त डंडा, घटना वक्त पहने हुए कपड़े एवम मृतक की लड़की से बात करने मे प्रयुक्त मोबाईल जप्त किया गया है । दिनाकं 17.08.2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर बाद आवश्यक कार्यवाही आज दिनांक 18.08.2025 को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड प्राप्त किया गया है।

**सराहनीय भूमिका :** निरी विजय त्रिपाठी थाना प्रभारी रामनगर, उनि राकेश मिश्रा चौकी प्रभारी मर्यादपुर ,उनि आकाश बागड़े , सउनि समरजीत कोल, सउनि भागचन्द कुशराम, आर. सन्नी छारी, आर. राजेश यादव, आर. राहुल मिश्रा, आर. गुड्डू पटेल, आर. नीरज लोधी।

# कमिश्नर कार्यालय में हुई जनसुनवाई

**जागरण शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियें को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम कोटमा निवासी दुआसिया कुशवाहा ने गरीबी रेखा में नाम जुड़वाने, अनूपपुर जिले के ग्राम सरफा निवासी राकेश मिश्रा ने अतिथि शिक्षक के पद हेतु किये गए आवेदन को स्वीकार कराने, ग्राम फुनगा निवासी श्री गणेश मिश्रा सेवा निवृत्त शिक्षक ने नियुक्ति वर्ष 1974-75 से पूर्ण वेतनमान दिलाए जाने, शहडोल जिले के ग्राम भमता बड़ाटोला निवासी सविता सिंह ने ऑगनवाडी सहायिका में हुए भर्ती की जांच कराने हेतु आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**हाई स्कूल सरवाही में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस : जागरण ब्यौहारी।** स्वतंत्रता दिवस पर हाई स्कूल सरवाही में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए ध्वजारोहण कृष्णनंदन बैगा जनपद सदस्य द्वारा किया गया इस अवसर पर कमलेश सिंह प्राचार्य ,राम प्रकाश पटेल ,अनंत देव सिंह गोवर्धन पटेल दीपक द्विवेदी, कमलेश सिंह नीलिमा सिंह ,राधा यादव अंजली सिंह ,संदीप सिंह ,विद्यालय स्टाफ स्कूल की छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


(कामिनी प्रजापति)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक SUC/5/25
पेशी दिनांक 12.09.2025

शेर बहादुर सिंह पिता रामपाल सिंह उम्र 65 वर्ष पेशा ड्राइवरी नि. ग्रा. सोहागी तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र. )
........ वादीगण/आवेदकगण
बनाम
आम जनता वगैरह
......... प्रतिवादीगण/अनावेदकगण

विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक SUC 05/2025 शेर बहादुर सिंह पिता रामपाल सिंह ग्राम सोहागी तहसील त्योंथर जिला-रीवा (म.प्र.) का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। आवेदक क्रमांक SUC 05/2025 शेर बहादुर सिंह पिता रामपाल सिंह ग्राम सोहागी तहसील त्योंथर जिला-रीवा (म.प्र.) द्वारा न्यायालय श्रीमती कामिनी प्रजापति व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत स्वत्व घोषणा आदेश-7, नियम-1 व्य.प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत हर आम व खास के विरूद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 12.09.2025 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 12.09. 2025 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी।

नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 12.09.2025 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

(कामिनी प्रजापति)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक
वरिष्ठ खण्ड त्योंथर,
जिला रीवा म.प्र.



In The Court Of XVI Additional District Judge, District Court, Rewa
Presiding Officer: यशपाल सिंह
Pro.No.735/25
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000058/2025)

रहमतुन निशा .................. वादी
VS
मुम्बइ पोर्ट ट्रस्ट फाइनेन्श डिपार्टमेन्ट पेशन शाखा ........... प्रतिवादी
Process Id:-/2025
पेशी दिनांक – 08.09.2025

प्रेषिती–
(1) आम जनता पता– रीवा म.प्र.

यह कि प्रार्थी रहमतुन निशा ने आपके विरूद्ध वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 12 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

मुद्रा
न्यायाधीश
(यशपाल सिंह)
सोलहवें जिला न्यायाधीश
जिला रीवा (म.प्र.)


## श्री कृष्ण की तरह अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएँ छात्र : डॉ शर्मा

**जागरण, कटनी।** सायना इन्टरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम मंत्रोच्चार के साथ सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, मैनेजमेंट प्रतिनिधि मिण् ऋषि अरोरा, हेडमास्टर लोकेश दुबे, कमल सरेचा, समन्वयक रीत मोंगा एवं सायना किड्स की प्रभारी श्रीमती भारती शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के विग्रह को पूजन हेतु स्थापित किया। जहाँ आचार्य दिनेश शर्मा एवं दिलीप झा ने विधिपूर्वक पूजन कराया। तदोपरांत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने कृष्ण भक्ति के गीत गाया और नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षकों द्वारा भी भजन गाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर हेडमास्टर डॉ.लोकेश दुबे ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि आज हम भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व मना रहे हैं। यह दिन केवल धार्मिक उत्सव ही नहीं बल्कि हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। श्रीकृष्ण ने हमें सिखाया कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ आएँ हमें सदैव धर्म और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। उनका बचपन नटखट और हँसमुख था, लेकिन जैसे-जैसे वे बड़े हुए उन्होंने समाज को न्याय, प्रेम, मित्रता और कर्तव्य का महत्व बताया। भक्तों द्वारा दी गई मधुराष्टकम् की प्रस्तुति एवं मनमोहक भजन ने सबको रोमांचित कर दिया। शुभम चौहान के निर्देशन में तैयार समूह नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। सायना के प्राचार्य डॉ.आदित्य कुमार शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि गीता का उपदेश हमें यह याद दिलाता है कि व कर्म करते रहो फल की चिंता मत करो। यह शिक्षा हर विद्यार्थी के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। पढ़ाई हो, खेल हो या जीवन का कोई और क्षेत्र यदि हम पूरी लगन और निष्ठा से प्रयास करेंगे तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को भी कृष्णजी की तरह अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना चाहिए, मित्रता निभानी चाहिए और सदैव सच बोलने व न्याय करने का प्रयास करना चाहिए।

## 12 दिन से लापता अर्चना तिवारी की ग्वालियर में लोकेशन मिली, पुलिस टीम रवाना

**जागरण, कटनी।** करीब 12 दिन से लापता कटनी की बेटी अर्चना तिवारी का सुराग लग गया है। इंदौर से कटनी आते वक्त 7 अगस्त को अचानक अर्चना ट्रेन से गायब हो गई थी अब खबर है कि अर्चना मध्यप्रदेश के ग्वालियर में मिल गई है। अर्चना के साथ क्या हुआ था यह तो बाद में पता लगेगा लेकिन यह उसके घर वालों ही नहीं पूरे कटनी और देश, प्रदेश की पुलिस के लिए राहत की बात है। सूत्रों के मुताबिक इस सिलसिले में भोपाल जीआरपी ने पुलिस के एक सिपाही को हिरासत में लिया गया था। बताया गया कि उसने भोपाल से ग्वालियर की अर्चना की टिकट कराई थी। इस मामले में ग्वालियर का जो कनेक्शन सामने आया उसके अनुसार अर्चना का ट्रेन टिकट ग्वालियर के भंवरपुरा थाने में तैनात एक पुलिस आरक्षक राम तोमर ने बुक कराया था जो इंदौर से ग्वालियर तक का था। जीआरपी ने राम तोमर को हिरासत में लिया है पूछताछ की जा रही है। दरअसल अर्चना की लगातार जिस नम्बर पर बात होती थी वह आरक्षक का नंबर था अर्चना की आखिरी लोकेशन भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर रात 10.16 बजे के आसपास मिली थी और कुछ यात्रियों के अनुसार वह नर्मदापुरम तक ट्रेन में थी। पुलिस ने 97 सीसीटीवी फुटेज की जांच की लेकिन धुंधले फुटेज के कारण कोई ठोस सुराग नहीं मिला। अर्चना का बैग उमरिया स्टेशन से बरामद हुआ जिसमें राखी, मिठाई और कुछ निजी सामान था। पुलिस कई थ्योरी पर जांच कर रही है जिसमें अपहरण और मानव तस्करी की आशंका भी शामिल है। परिवार सीबीआई जांच की मांग की है वहीं जीआरपी ने पूरे देश में सर्च ऑर्डर जारी किया है।


नाम परिवर्तन सूचना

मै घोषणा करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम MAMTA SANGTANI था जिसे मै बदल कर अब अपना नया नाम MAMTA DEVI SANGTANI W/O LAL CHAND SANGTANI कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम MAMTA DEVI SANGTANI W/O LAL CHAND SANGTANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता. 158 NAI BASTI NEAR SINDHI SCHOOL JAI PRAKASH, WARD MURWARA PO. KATNI, DISTRICT KATNI (M.P.) है।



नाम परिवर्तन सूचना

मै घोषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में GEETA PINJANI था। जिसे मै शादी के बाद बदल कर अब अपना नया नाम MADHU DEWANI कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम MADHU DEWANI W/O ANIL KUMAR DEWANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास पता. 5 OKHAIBAR LINE MADHAV NAGAR, NEAR CHICAGO PABLIK SCHOOL, SATN KANWAR RAM WARD NO. 43 MURWARA, KATNI DISTT KATNI (M.P.) है।


## गणेशोत्सव में मिट्टी से बनीं गणेश प्रतिमाओं का उपयोग करने की अपील

**जागरण, शहडोल।** जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और नागरिकों को प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित प्रतिमाओं के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत शहडोल जिले में जन अभियान के सदस्यो द्वारा लोगो को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के तहत जिला पंचायत के सभागार एवं विकासखंड गोहपारू के ग्राम पंचायत करूआ में लोगो को मिटटी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय ने कहा कि आगामी गणेशोत्सव को पूरे भक्तिमय के साथ मनाए और पर्यावरण के संरक्षण एव सवंर्धन के लिए मिट्टी से बने गणेश जी की प्रतिमाओ का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि मिट्टी की प्रतिमाएँ पानी में घुलकर पर्यावरण को किसी भी प्रकार की हानि नहीं पहुँचातीं, जल और भूमि को शुद्ध बनाए रखने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोगों को त्योहारों को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर मनाने की प्रेरणा देता है। जन अभियान परिषद के अन्य सदस्यो ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे गणेश उत्सव पर माटी से बने गणेश ही घर लाएँ और पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाएँ। प्रशिक्षण के दौरान मूर्तिकार श्री रितिक गुप्ता एवं श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा प्रतिभागियों को पारंपरिक विधि से गणेश प्रतिमाएँ बनाने की अन्य तकनीको से भी अवगत कराया गया। उक्त प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल, समाजसेवी श्री राजेश्वर उदानिया, श्रीमती निभा गुप्ता, श्री आलोक कुमार सोधिया, प्रशिक्षक श्री प्रवीण दुबे, मुकेश कुमार पाठक, राज पांडेय, लोकनाथ नामदेव सहित जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति के अन्य सदस्य, एसडब्लयू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र व अन्य लोग उपस्थित रहें।


पर्स गुमी सूचना

दिनांक 17 अगस्त 2025 को दोपहर लगभग 1 बजे धोबिया टंकी, कमसरियत मोहल्ला निवासी शहजाद शाह उम्र 36 वर्ष, पिता स्व. वहीद शाह अपने घर से ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दुकान जा रहे थे। इसी दौरान जब मैं पुराने बस स्टैंड स्थित समोसा दुकान के पास पहुंचे, तो पाया कि मेरे जेब से पर्स गायब है। गुम हुए पर्स में ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, यूनियन बैंक का हस्ताक्षरित चेक, इक्वीटास बैंक के 6 चेक मेरी पत्नी इशरत बानो के हस्ताक्षरित, इक्वीटास बैंक के एटीएम कार्ड स्वयं एवं मेरी पत्नी के, तथा करीब ढाई हजार रुपये नकद मौजूद थे। पीड़ित शहजाद शाह ने थाना प्रभारी से दस्तावेजों के दुरुपयोग को रोकने एवं बरामदगी की अपील की है। यदि किसी को यह पर्स या दस्तावेज मिले हों तो कृपया मोबाइल नंबर 9893148428 पर संपर्क करने का कष्ट करें।

सूचना देने या पहुंचाने वाले को उचित इनाम दिया जायेगा

प्रार्थी
शहजाद शाह पिता स्व. वहीद शाह निवासी धोबिया टंकी कमसरियत मोहल्ल थाना अमहिया जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 84231



In The Court Of I Civil Judge Class-I District Court Rewa
Presiding Officer श्री शिवानी शर्मा
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000024/2025)

गीता पासी ......... आवेदक
VS
छोटेलाल पासी ...............अनावेदक
Process Id:-/2025
पेशी दिनांक – 10/10/2025

प्रेषिती–
1. हर आम व खास पता–रीवा म.प्र.
2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गीता पासी पता ने मृतक शीला पासी पत्नी स्व. रामजियावन पासी ग्राम महसुआ तहसील रायपुर कर्चुलियान रीवा म.प्र. की राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 08 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

मुद्रा
(शिवानी शर्मा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,
जिला–रीवा (म.प्र.)
RN- 84229



जन्मतिथि सुधार सूचना

मैं किरण सिंह पति श्री रावेन्द्र सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम कोठार पोस्ट बहेलिया भाठ तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. की स्थायी निवासी हूं निम्न कथन करती हूं कि मेरे पुत्र पियूष सिंह के विद्यालय के समस्त शैक्षणिक अभिलेख / दस्तावेज जैसे एडमीशन फॉर्म में जन्म दिनाक 15/01/2010 हमारे द्वारा भूल वश लिखी गई थी जो असत्य व गलत है। जबकि मेरे पुत्र के आधार कार्ड, कार्ड, समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र मे जन्म दिनांक 14/01/2009 दर्ज है जो सही व सत्य है। अत: मेरे पुत्र के उक्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र की सही जन्मतिथि 14/01/2009 तथा नाम PIYUSH SINGH सुधार किया जाए एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

किरण सिंह
RN-84230



कार्यालय प्राचार्य, इंजीनियरिंग महाविद्यालय, नौगाँव
जिला-छतरपुर (म.प्र.)-471201
(म.प्र. शासन द्वारा वर्ष 2012 में स्थापित)
फोन ( ऑफिस ): 07685-292217-292218 फैक्सः 07685-292217
ईमेल-enggcollegenowgong@rediffmail.com बेबसाइट-www.necnowgong.in

क्र./ई.सी.एन./प्रवेश/2025/319 — नौगॉव दिनॉक 18/8/25

//संस्था स्तर ( CLC ) पर प्रवेश हेतु आवश्यक सूचना// सत्र 2025-26

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में संस्था स्तर काउन्सिलिंग (CLC) द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय नौगाँव, जिला-छतरपुर (म.प्र.) में बी.टेक. प्रथम वर्ष एवं लेटरल एन्ट्री द्वितीय वर्ष की ब्रांचवार रिक्त सीटो पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जानी हैं। रिक्त सीटो की जानकारी निम्नानुसार हैं-

बी.टेक. प्रथम वर्ष हेतु-
सिविल इंजीनियरिंग - 19 सीटे, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग - 45 सीटे
इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग - 55 सीटे मैकेनिकल इंजीनियरिंग - 46 सीटें

लेटरल एन्ट्री द्वितीय वर्ष-
सिविल इंजीनियरिंग- 44 सीटे, मैकेनिकल इंजीनियरिंग - 51 सीटे

| संस्था में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | संस्था में प्रवेश हेतु उपस्थित होने की दिनाँक/समय |
|---|---|
| 19/08/2025 से 21/08/2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 22/08/2025 प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |
| उपरोक्त काउंसिलिंग उपरांत रिक्त रह गयी सीटो के लिये | |
| 25/08/2025 से 01/09/2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 02/09/2025 प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |
| उपरोक्त काउंसिलिंग उपरांत रिक्त रह गयी सीटो के लिये | |
| 03/09/2025 से 08/09/2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 09/09/2025 प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |
| उपरोक्त काउंसिलिंग उपरांत रिक्त रह गयी सीटो के लिये | |
| 10/09/2025 से 15/09/2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 15/09/2025 प्रातः10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

प्रवेश लेने हेतु संस्था में प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थिति दर्ज कराये। ऑनलाइन पंजीयन रसीद, जे.ई.ई. कॉमन मेरिट मार्कशीट, फीस की राशि ( रू. 24,880/-), मूल दस्तावेज (अर्हकारी परीक्षा अंकसूची, टी.सी., माइग्रेशन) आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रतियो के दो सेट के साथ प्रवेश हेतु नियत दिनॉक एवं समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होवें।

अधिक जानकारी लेने हेतु संपर्क करे- संस्था की बेबसाइट www.necnowgong.in एवं प्राचार्य मो.नं. 9981195918

G-17408/25


## मोटर साईकिल चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, कटनी।** होटल के बाहर खड़ी मोटर साइकिल को चोरी करने वाले आरोपी को कटनी पुलिस ने पकड़ लिया है। इसके साथ मोटर साइकिल भी बरामद कर ली गई है।

बताया गया हैं कि थाना माधवनगर में 17 अगस्त 2025 को मोहम्मद मारून पिता मोहम्मद मयुनुद्दीन उम्र 40 वर्ष निवासी वेस्ट लैण्ड लखेरा थाना रंगनाथनगर जिला कटनी द्वारा थाना आकर रिपोर्ट लेख कराया कि 17 अगस्त 25 को दोपहर 1 बजे अपनी मोटरसाईकल क्रं एमपी 21 एमजी 1242 होण्डा एचएफ डिलक्स से बाम्बे होटल कैम्प गया था अपनी मोटरसाईकल को होटल के बाहर खड़ी करके अंदर नाश्ता करने चला गया था जो किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरी मोटर साईकिल चोरी कर ली है जिसकी रिपोर्ट पर थाना माधवनगर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की गई एवं आरोपी मिन्टू उर्फ अश्वनी पांडे पिता अरूण कुमार पांडे उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पहाडी निवार थाना माधवनगर जिला कटनी के कब्जे से मोटरसाईकल जप्त की गई एवं आरोपी द्वारा अपने कथन में अन्य साथी सोनू वंशकार पिता गिरधारी लाल वंशकार उम्र 32 वर्ष निवासी पहाडी थाना माधवनगर जिला कटनी के द्वारा एक अन्य मोटर साईकिल थाना माधवनगर क्षेत्र से चोरी करना स्वीकार किया है। मोटर साईकिल एचएफ डिलक्स काले रंग की जिसको आरोपी सोनू वंशकार एवं रज्जन चक्रवर्ती के द्वारा मोटर साईकिल में दूसरा अन्य नम्बर नम्बर प्लेट बदलकर एमपी 21 एमसी 3715 लिखावाकर चला रहे थे जिसे आरोपी सोनू वंशकार के कब्जे से जप्त किया गया एवं आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाकर जिला जेल में निरूद्ध किया गया है।

## कट्टा लिए युवक का वीडियो वायरल होने पर तत्काल कार्यवाही

**जागरण, कटनी।** असलहे के साथ वीडियो वयारल करने वाले युवक रोशन ठाकुर पिता गजराज ठाकुर उम्र 23 निवासी लक्ष्मी पान भंडार पाठक वार्ड थाना रंगनाथ नगर को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से 1 देशी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस एवं 1 पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस जब्त कर जेल भेजा गया। दरअसल आरोप का असलहे के साथ वीडियो वायरल होने पर पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा कार्रवाई के निर्देश दिए जिस पर 24 घण्टे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।


पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा
विद्युत ( सामान्य शाखा )

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांक**-जबल/एल/टी/17/2025 दिनांक 13.08.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**-जबलपुर मंडल के स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं में सुधार (i) BINA-KTE-SGRL (ii) ET-MKP और STA-REWA सेक्शन। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में)**-Rs. 1,73,69,227.53, **निविदा फार्म की कीमत (रुपए में)**-0.00/-, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है**-वरि.मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य / जबलपुर, **बयाना राशि रूपये**-Rs. 2,36,900/-, **समापन अवधि (माह/वर्ष)**-6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक)**-08.09.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक)**-08.09.2025। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।

( हस्ता. )
वरि. मंडल विद्युत अभियंता ( सामान्य ) जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



जिला आयुष अधिकारी, जिला रीवा (म.प्र.)
थाना सिटी कोतवाली के बगल में, फोर्ट रोड, जिला रीवा (म.प्र.) पिन - 486001
ई-मेल:disttayushofficerrewa78@gmail.com फोन नंबर(07662) 299189
क्र./स्टोर/2025/ — रीवा, दिनांक.........

निविदा विज्ञप्ति वर्ष 2025-26

कार्यालय जिला आयुष अधिकारी रीवा में राज्य पेंशनरों हेतु शास्त्रोक्त औषधियां क्रय करने हेतु निविदा:-

1- निविदा शर्तों एवं निविदा प्रारूप प्राप्त करने की अंतिम तिथि 29/08/25 दोपहर 12 बजे तक।
2- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08/09/2025 दोपहर 12 बजे तक।
3- निविदा खुलने की तिथि 09/09/2025 दोपहर 01:00 बजे तक।

कार्यालय जिला आयुष अधिकारी रीवा में राज्य के पेंशनरों की चिकित्सा हेतु शास्त्रोक्त औषधियां आयुर्वेद/होम्योपैथी औषधि क्रय करने हेतु शीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रारूप एवं शर्तें कार्यालयीन दिवसों में चालान रुपये 1000/- जमा कर प्राप्त किया जावेगा।

शीलबंद निविदाएं निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यालय जिला आयुष अधिकारी रीवा के कक्ष में संबंधित फर्मों के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगीं। निविदा के लिफाफे के ऊपर औषधि प्रदाय हेतु निविदा वर्ष 2025-26 लिखना अनिवार्य है। निविदा के साथ धरोहर राशि रुपये 5000/- का बैंक ड्राफ्ट जिला आयुष अधिकारी के नाम से देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। ड्राफ्ट के अभाव में निविदा पर विचार किया जाना संभव नहीं है। डाक से निविदा मंगाने पर रुपये 50/- पृथक से देय होगा। निविदा फार्म एवं लिफाफे पर स्पष्ट रुप से लिखा जाना अनिवार्य है, कांटछांट की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

( डॉ. शारदा मिश्रा )
जिला आयुष अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
मो.नं. 7400629270

G-17455/25



कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-मऊगंज (म.प्र.)
sunit.rajpoot@mp.gov.in
क्रमांक/311/खनिज/2025 — मऊगंज/दिनांक 02/07/2025

मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1-क) के अतंर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक आस्था इंटरप्राइजेज पार्टनर अरविन्द कुमार आत्मज श्री महेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम-कमोद, पोस्ट-मिसरी, जिला-चरखी दादरी, हरियाणा हाल निवासी वार्ड क्रमांक 08, सगरा कला, बिजली ऑफिस के सामने, हनुमना, जिला-मऊगंज द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 08/05/2025 को प्रस्तुत किया गया है। तीस दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन ईखनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार शासकीय /निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मऊगंज | हनुमना | सरदमन | 654,657, 662, 656, 660, 664/1, 670/1 | क्रमशः0.210, 0.186, 0.215, 0.579, 0.368, 0.146, 0.319 | शासकीय | गिट्टी पत्थर | क्रेशर आधारित पत्थर उत्खनि पट्टा |
| | | | कुल रकवा | 2.023 हेक्टेयर | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा)
जिला मऊगंज (म.प्र.)

G-17433/25



सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।



जमीन बेचना है

पद्मधर कॉलोनी के पीछे नदी से लगा व 11,500 वर्गफिट फार्म हाउस मात्र 1200 रूपये वर्गफिट बेचना है। सम्पर्क करें। पंकज सिंह मो. 9753664665 आरएन-जीएमसर(23/8)



आवश्यकता है

● कर्मचारी/हेल्पर,
● टाइपिस्ट सम्पर्क-
8770231515
आरएन-84222(19/8)


**बैठक आयोजित : कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में मंगलवार को जिला न्यायाधीश संजय गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।


लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944



उत्तर मध्य रेलवे
निविदा सूचना सं. T_25-26_VSS_01/Notice — दिनांकः 19.08.2025
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

कोच एम.एल.आर. कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा संख्या** : T_25-26_VSS_01, **कार्य का विवरणः** भारतीय रेलवे की कोचों में आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग (एस आईटीसी)

**निविदा मूल्यः ₹ 29,26,55,626.90/-** (रूपये उन्तीस करोड़ छब्बीस लाख पचपन हजार छः सौ छब्बीस एवं नब्बे पैसे मात्र)

**बयाना राशि** : ₹ 16,13,300/- | **निविदा प्रपत्र मूल्य** : ₹ 0.00/-
**मात्रा** : एक कार्य | **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 10 माह

(1) निविदा दिनांक 18.09.2025 को 11:00 बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। (2) निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट www.ireps.gov.in को देखें। (3) ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का प्रत्राचार किया जायेगा। 1489/25 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)
क्रमांक/341/ज.प्र./2025 — :: ई-निविदा आमंत्रण :: — रतलाम, दिनांक 18.08.2025

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है:-

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 445355 | Detailed Estimate for the Demolished Water Tank Thawariya Bazar at Ratlam City as per Estimate and Conditions ( द्वितीय आमंत्रण ) | 1- 15 Days 2- 19,92,718/- | 1- 2,000/- 2- 39,854/- | 1- 26/08/2025 15:30 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जलप्रदाय
नगर पालिक निगम, रतलाम

# पीएम जनमन योजना जनजातीय समुदाय के जीवन में ला रही बदलाव : राज्यपाल

## ग्राम अमाही में बैगा एवं भारिया समुदाय के लोगों से किया संवाद



**जागरण, मंडला ।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनाएं जनजातीय समुदाय के प्रति विशेष रूप से है। जनजातीय वर्ग के भाई-बहनों को आगे लाने के लिए सभी समन्वित प्रयास केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री मोदी के द्वारा पीएम जनमन योजना की शुरूआत की गई जिसमें 24 हजार करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान है। यह बात त्रश1द्गह्ठ्ठश्रह्न स्क्क श्री पटेल ने मंडला जिले के नैनपुर विकासखंड के ग्राम अमाही में आयोजित पीएम जनमन योजना अंतर्गत लाभान्वित बैगा एवं भारिया समुदाय के साथ संवाद कार्यक्रम में कही। राज्यपाल श्री पटेल ने जय जोहार के साथ अपने उद्बोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किए जाने का काम देश एवं प्रदेश में एकसाथ किया जा रहा है। इसके तहत विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जसमें सड़क, बिजली, पानी, स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्र शामिल हैं। इस योजना का लाभ मिलने से जनजातीय लोगों के जीवन में बदलाव आएगा। आयुष्मान भारत योजना के तहत बीमार व्यक्ति के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की जिम्मेदारी सरकार ने उठाई है। महिलाओं को खाना बनाने के दौरान धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला गैस योजना की शुरूआत की गई है। राज्य सरकार द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं लाड़ली बहना योजना से उनके जीवन में बदलाव देखने को मिला है। स्व-सहायता समूहों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। महिलाओं का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उनके चेहरे की मुस्कान से यह सिद्ध हो रहा है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल की बीमारी आनुवांशिक है। इसके उन्मूलन के लिए व्यापक जागरूकता आवश्यक है। सरकार ने इस बीमारी को जड़ से खत्म करने का बीड़ा उठाया है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को सिकल सेल एनीमिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने यहां मौजूद सभी लोगों से आग्रह किया है कि विवाह के पहले लड़के-लड़कियों को अपने सिकल सेल जेनेटिक कार्ड्स का मिलान अवश्य कराना चाहिए। सिकल सेल से पीड़ित व्यक्ति का चिन्हांकन एवं त्वरित रोग उपचार ही इस बीमारी से बचा सकता है। जितनी जल्दी इस रोग का पता चलेगा, इसे नियंत्रित करने की संभावना उतनी होगी। जनजातीय क्षेत्रों में यह बीमारी प्रायः देखी जा रही है। अतः आप आंगनवाड़ी केन्द्र एवं अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर सिकल सेल एनीमिया की जांच करवाएं। इस बीमारी के उन्मूलन के लिए सभी की सक्रिय सामूहिक भागीदारी जरूरी है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आज हमारे लिए सौभाग्य का दिन है राज्यपाल मंडला जिले में आए हैं। उन्होंने हमारे जनजातीय भाई-बहनों को उनके नवनिर्मित घर में गृहप्रवेश कराया है। सरकार सिकल सेल एनीमिया की बीमारी को गंभीरता से समझकर उसके उन्मूलन के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्य सरकार जनजातीय वर्ग के कल्याण के क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम की शुरूआत राज्यपाल श्री पटेल एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर की। कार्यक्रम के प्रारंभ एवं अंत में राष्ट्रगान का भी गायन हुआ। मंचीय कार्यक्रम में पहुंचने के पहले राज्यपाल श्री पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम परिसर पर रेशम विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया स्वास्थ्य शिविर का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम के अंत में सिकल सेल दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं कान की मशीन भी वितरित की गई। जनजातीय समुदाय द्वारा स्नेह स्वरूप आदिवासी पारंपरिक वाद्ययंत्र मृदंग राज्यपाल श्री पटेल को भेंट किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, पूर्व विधायक श्री देवसिंह सैयाम, नगरपालिका परिषद नैनपुर की अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शालिनी प्रभात साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष नैनपुर श्रीमती ओमवती उइके, सरपंच श्री अखिलेश मरावी, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ श्री विनोद मरावी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# डिंडौरी में कांग्रेस की राजनीति आई पुराने ढर्रे पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष मरकाम ने दिया इस्तीफा



**जागरण, डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष नियुक्ति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस नियुक्ति से असहमति जताते हुए समनापुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष मरकाम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।मरकाम ने इस्तीफा पत्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भेजते हुए कहा कि संगठन सृजन अभियान में जिले से कुल 15 दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। सभी कार्यकर्ताओं ने आपसी सहमति से अपने-अपने सुझाव दिए, लेकिन इनमें कहीं भी विधायक ओमकार सिंह मरकाम का नाम नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक ने न तो आवेदन किया और न ही दावेदारी जताई, इसके बावजूद उन्हें जिला अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया।संतोष मरकाम का कहना है कि यह निर्णय कार्यकर्ताओं की राय को दरकिनार कर लिया गया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने संगठन को मजबूत करने के लिए स्पष्ट कहा था कि जमीनी कार्यकर्ताओं की राय और सहमति से ही जिला अध्यक्षों का चयन किया जाएगा, लेकिन डिंडौरी में उस दिशा-निर्देश का पालन नहीं किया गया।मरकाम ने इसे न केवल कार्यकर्ताओं के साथ धोखा बताया बल्कि राहुल गांधी की भावना और संगठनात्मक प्रक्रिया के साथ भी विश्वासघात करार दिया। उन्होंने नाराज़गी जताते हुए कहा कि यह नियुक्ति पूरी तरह मनोनयन आधारित है, जबकि कार्यकर्ता लंबे समय से संगठन को मजबूत करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे कांग्रेस पार्टी से नाराज़ नहीं हैं और न ही पार्टी छोड़ रहे हैं। मरकाम ने कहा कि वे बिना किसी पद के भी पार्टी की सेवा और कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने का काम जारी रखेंगे।इस घटनाक्रम के बाद डिंडौरी जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। स्थानीय कार्यकर्ताओं के बीच भी इस नियुक्ति को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएँ देखने को मिल रही हैं। कुछ कार्यकर्ता इसे उच्चस्तरीय निर्णय बताते हुए समर्थन कर रहे हैं, जबकि कई कार्यकर्ताओं ने संतोष मरकाम के पक्ष में अपनी सहमति जताई है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि संतोष मरकाम का इस्तीफा कांग्रेस संगठन में असंतोष का संकेत है।

# कलेक्टर नेहा मारव्या ने 83 आवेदनों पर जनसुनवाई कर किया निराकरण



**जागरण, डिंडोरी ।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय-सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया।जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, डिंडोरी एसडीएम सुश्री भारती मेरावी, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत खरगवारा के पोषक ग्राम कुकर्रा के ग्रामवासियों ने आवेदन प्रस्तुत कर की सरपंच श्रीमती नयनवती सैयाम के पति द्वारा पंचायत कार्यों में हस्तक्षेप एवं फर्जी बिलों से भुगतान करवाने की शिकायत ग्रामीणों ने की। गांव के अन्य विकास कार्यों की जांच की माँग की। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सीईओ जनपद पंचायत मेंहदवानी को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत जरहा नैझर के पोषक ग्राम खैरदा विकासखंड मेंहदवानी के प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक श्री रमे सिंह परस्ते पर मादक पदार्थ का सेवन करके विद्यालय आने और पढ़ाई प्रभावित करने का आरोप लगाया गया। ग्रामीणों ने उन्हें हटाकर किसी योग्य शिक्षक की नियुक्ति की माँग की। जिस पर उन्होंने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। ग्राम पाटन के निवासी श्री बजरू सिंह ने चांदरानी और भद्दा टोला के बीच की जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग की, आने जाने में समस्या समस्याऐं आ रहीं हैं जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने संबंधित अधिकारियों को जांच निराकरण करने के निर्देश दिए।

# रैगिंग के दुष्प्रभावों एवं रोकथाम पर प्रतिभागियों ने व्यक्त किए विचार

**छतरपुर ।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,छतरपुर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देश एवं कुलगुरू प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन में 12 अगस्त से 18 अगस्त 25 तक चले एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन रैगिंग के विरुद्ध जागरूकता हेतु निबंध लेखन प्रतियोगिता से हुआ।एंटी रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ 12 अगस्त को छात्र छात्राओं को अलग अलग संकायों में रैगिंग जैसी गतिविधि में शामिल न होने की शपथ दिला कर हुआ था। एंटी रैगिंग समिति के संयोजक डा.एस.पी. जैन ने बताया कि एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतिम दिन रैगिंग के दुष्प्रभाव एवं रोकथाम के उपाय विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के कर्मशिला भवन में डा आनंद प्रताप यादव तथा डॉ निकिता यादव ने संपन्न कराई।इस निबंध प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के 28 छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और रैगिंग जैसी नाकारात्मक तथा हानिप्रद गतिविधि के दुष्प्रभाव तथा रैगिंग की रोकथाम के उपायों पर अपने विचार व्यक्त किए। यूनिवर्सिटी के नवनिर्मित कर्मशिला भवन के रूम नं 09 में आयोजित इस निबंध प्रतियोगिता में श्री देवेंद्र कुशवाहा, श्री जयप्रकाश नीरज,श्री सीताराम अहिरवार का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।शीघ्र ही निर्णायक समिति निबंधों का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित करेगी।

# लव-कुश जन्म महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब



**जागरण, लवकुशनगर ।** भगवान् लवकुश जी के जन्म महोत्सव पर मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, इस शोभा यात्रा में बैंड बाजे,करीब आधा सैकड़ा घोड़े, झांकी, रथ, और पारंपरिक वेशभूषा में हजारों लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा में भगवान राम, माता सीता, और लव-कुश की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। नगर के अलावा आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ कुशवाहा समाज द्वारा लव-कुश भगवान की पूजा अर्चना कर एवं उनकी प्रतिमा पर आरती एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद गायत्री मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर के मुख्य मार्गों महोबा रोड गायत्री मंदिर, पुराना बस स्टेंड से होते हुए चंदला रोड दुर्गा मंदिर से होते हुए छतरपुर मार्ग पेट्रोल पम्प के पास शोभा यात्रा का समापन किया गया, नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह सर्व समाज के लोगों ने शोभा यात्रा का स्वागत किया और पुष्पवर्षा भी की। भगवान् लवकुश के जन्म महोत्सव शोभायात्रा में क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पटेरिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष खलक राजपूत,युवा मोर्चा जिला मंत्री रामू यादव,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोंटी अवस्थी एवं सभी समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं शोभा यात्रा को सफल बनाया।

# डिंडौरी में महिला की हत्या का खुलासा

## जादू-टोना के शक में की गई हत्या, पुलिस ने पकड़ा कातिल



**जागरण, डिंडोरी।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के चौकी अमरपुर अंतर्गत ग्राम जलेगांव में 55 वर्षीय महिला सावित्री बाई परस्ते की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को घर के आंगन में महिला का शव खून से लथपथ हालत में मिला। पास ही एक लोहे की बरछी पाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा और एसडीओपी बजाग विवेक गौतम के निर्देशन में एफएसएल टीम बालाघाट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं वीडियोग्राफी की गई।जांच के दौरान मृतका की पुत्री एवं ग्रामीणों से पूछताछ की गई। संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी दद्दू उर्फ राधे (24) निवासी जलेगांव को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने आपसी रंजिश और जादू-टोना करने के संदेह में धारदार हथियार से हत्या करना कबूल किया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 103(1), 332(ड्ड) ब्ह्रस् के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।इस सफल अन्वेषण एवं शीघ्र गिरफ्तारी में एसडीओपी बजाग विवेक गौतम, थाना प्रभारी समनापुर निरीक्षक हरिशंकर तिवारी, उप निरीक्षक पारस यादव, चौकी प्रभारी अमरपुर सउनि अतुल हरदाहा, सउनि रामरतन झारिया, प्र.आर. गंगा यादव एवं आर. अजीत धुर्वे की सराहनीय भूमिका रही।


**कार्यालय प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस**
**शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा (म. प्र. )**

क्रमांक– 2143 /जन.भा./2025 **विज्ञप्ति** दिनांक: 19.08.2025

जनभागीदारी व्यवस्था के अंतर्गत अंशकालिक अतिथि विद्वान के रूप में अध्यापन हेतु पात्र अभ्यर्थियों से दिनांक. 12.09.25 सायं काल 5:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित है। आवेदन समस्त योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ स्वयं पहुँचाकर अथवा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा प्राचार्य प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा के नाम से कार्यालयीन समय में स्वीकार किये जायेंगें। लिफाफें के ऊपर विषय का उल्लेख अवश्य करें।

| क्र. | पदनाम | संकाय/विषय का नाम | पदों की संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मानदेय | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंशकालिक अतिथि विद्वान | भूगोल | 01 | संबंधित विषय में स्नातकोत्तर एवं नेट/स्लेट/ पी.एच.डी. | जनभागीदारी समिति द्वारा निर्धारित | म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार मैरिट के आधार पर |
| 2 | अंशकालिक अतिथि विद्वान | भू-विज्ञान | 01 | | | |
| 3 | अंशकालिक अतिथि विद्वान | वाणिज्य | 01 | | | |

शते :-
1- यह व्यवस्था पूर्णतः अस्थाई है एवं जब तक आवश्यकता रहेगी तब तक जारी रहेगी। अध्यापन आवश्यकता नही होने पर आमंत्रण समाप्त किया जावेगा।
2- प्राचार्य / समिति द्वारा कार्य भार के अभाव में आमंत्रण समाप्त किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा।
3- किसी भी विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय अंतिम होगा।

प्राचार्य/सचिव
शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय,रीवा (म.प्र.)


# झरना घुघरी में ग्रामीणों का चक्काजाम : आज़ादी के 79 साल बाद भी सड़क, बिजली और पानी से वंचित



**जागरण, डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। आज़ादी के 79 वर्षों बाद भी सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। यही हाल ग्राम पंचायत झरना घुघरी का है, जहां मंगलवार को ग्रामीणों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर चक्काजाम हड़ताल किया।ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिर जनप्रतिनिधियों का काम सिर्फ जनता से वोट लेना ही है या जनता की समस्याओं का समाधान करना भी है? उनका आरोप है कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी न तो जिला प्रशासन और न ही जनप्रतिनिधियों ने उनकी समस्याओं पर ध्यान दिया।

**स्थानीय ग्रामीणों की मुख्य मांगें :1** सड़क निर्माण ङ्क झरना देवसिंह के घर से भुरका टोला होते हुए जैतहरी तक तथा घुघरी से कुसमी भानपुर तक मुख्य सड़क का निर्माण। बिजली व्यवस्था ङ्क भुरका टोला चारददरा में विद्युत लाइन की सुविधा उपलब्ध कराना। पेयजल समस्या ङ्क पूरे झरना घुघरी ग्राम में पानी की गंभीर समस्या का तत्काल समाधान। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और नेताओं की अनदेखी के चलते वे आज भी बुनियादी जरूरतों के लिए आंदोलन करने को मजबूर हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# बमीठा पुलिस ने पशु चोरी के फरार दो इनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जागरण, राजनगर ।** थाना बमीठा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2023 में बमारी रोड पेट्रोल पंप के पास से पशु चोरी संबंधी रिपोर्ट पर अपराध पंजीकृत किया गया था। पुलिस टीम द्वारा घटना के अगले दिन आरोपी अनाड़ी कुशवाहा पिता मन्नू कुशवाहा निवासी ग्राम पीरा को गिरफ्तार कर 10 मवेशी (भैंस पड़ा) कीमत करीब साढ़े 45 लाख रुपए बरामद की गई थी। शेष आरोपी फरार थे। पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन ने फरार पशु चोरों की गिरफ्तारी हेतु 5000 के इनाम के उद्घोषणा की थी।

**पुलिस टीम द्वारा पशु चोरी में फरार 5000 के इनामी दो आरोपी :** वहीद मुसलमान पिता जमील मोहम्मद निवासी ग्राम भडार थाना लवकुश नगर,कल्लू उर्फ खलील पिता जमील मोहम्मद निवासी ग्राम भडार थाना लवकुश नगर को गिरफ्तार किया गया विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी खजुराहो श्री मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बमीठा निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रीय, सहायक उप निरीक्षक राम रूप पाठक,भानू, निकेश, राघवेंद्र, रामनिवास की भूमिका रही।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 11 हितग्राहियों को सौंपे पेंशन स्वीकृति पत्र

**छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में 19 अगस्त 2025 मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई जनपद पंचायत बड़ामलहरा के बीआरजीएफ भवन में सम्पन्न हुई। जिला प्रशासन का यह नवाचार आमजन की सुविधा के दृष्टिगत शुरु किया गया है। इस नवाचार से लोग उत्साहित और खुश नजर आए। बड़ामलहरा में कलेक्टर श्री जैसवाल ने जनसुनवाई में 190 शिकायती आवेदनों की सुनवाई की और जिला अधिकारियों को प्राप्त शिकायती आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम आयुष जैन, एसडीओपी, तहसीलदार रंजना यादव सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जनसुनवाई में पेंशन संबंधित आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही कराते हुए परीक्षण उपरांत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनांतर्गत हितग्राही चत्तु रजक, पानबाई रैकवार, भागीरथ रैकवार, रामकली रजक, मोहन लाल लोधी, दुर्जन यादव, संतान सिंह, विद्यावती चौहान, धंशी बाई बसोर कुल 9 हितग्राही एवं मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना में 2 हितग्राही वती घोषी व विलई रैकवार को पेंशन स्वीकृति पत्र सौंपे। जनसुनवाई में राजस्व विभाग से संबंधित 87 आवेदन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 09, नगरीय निकाय के 15, शिक्षा विभाग की 16, स्वास्थ्य विभाग की 06, बैंक के 03, पुलिस विभाग के 12, वन विभाग के 03, महिला बाल विकास के 16, पंजीयक विभाग के 3, बीआरसीसी के 6, मत्स्य के 4 सहित ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, आबकारी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और अन्य विभागों सहित कुल 190 आवेदन प्राप्त हुए।


MP BIRLA GROUP

बिरला केबल लिमिटेड
सीआईएन: L31300MP1992PLC007190
पंजीकृत कार्यालय: उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.)
टेलीफोन नंबर: +91-7662-400580; फैक्स नंबर: +91-7662-400680
ई-मेल: headoffice@birlacable.com; वेबसाइट: https://www.birlacable.com

**33वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना और रिमोट ई-वोटिंग संबंधी जानकारी**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की **तैंतीसवीं** (33वीं) वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) **शुक्रवार, 12 सितम्बर, 2025** को **प्रातः 10.00** बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय उद्योग विहार, पी.ओ. चोरहटा, रीवा – 486 006 (म.प्र.) में आयोजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, अन्य के साथ एजीएम की सूचना उसमें निष्पादित किए जाने वाले व्यवसाय की सूची, प्रतिनिधि प्रपत्र तथा उपस्थिति पर्ची सहित, कम्पनी के सदस्यों को पृथकतः उनके पंजीकृत पते पर भेजी जा चुकी है। उपरोक्त दस्तावेज उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक विधि से भेजे गए हैं, जो अपना ई-मेल पता पंजीकृत करवा चुके हैं। कम्पनी ने 19 अगस्त, 2025 को सदस्यों को वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना सहित वार्षिक रिपोर्ट भेजने का कार्य पूरा कर लिया है।

सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना तथा अन्य दस्तावेज सहित वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट https://www.birlacable.com पर "Investor Relation" अनुभाग के अंतर्गत, स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट https://www.bseindia.com तथा https://www.nseindia.com क्रमशः पर उपलब्ध करा दी गई हैं तथा कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में भी एजीएम की तिथि, उस तिथि सहित, तक शनिवार छोड़कर प्रत्येक कार्यदिवस को सामान्य व्यवसाय समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कम्पनी ने 33वीं एजीएम के प्रयोजन के लिए 5 सितंबर, 2025 को "रिकॉर्ड तिथि" के रूप में तय की है।

रिमोट ई-वोटिंग जानकारी:

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 और सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुसरण में, कम्पनी अपने सदस्यों को एजीएम में निष्पादित किए जाने वाले व्यवसायों के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोट डालने के उनके अधिकार का प्रयोग करने हेतु सुविधा प्रदान कर हर्षित है। सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के प्रयोग द्वारा एजीएम के स्थान से इतर किसी अन्य स्थान से वोट डालने की सुविधा ("रिमोट ई-वोटिंग") सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल), https://www.evotingindia.com द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जो सदस्यों को एजीएम की सूचना में दी गई सभी व्यवसाय मदों पर उनका वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा डालने हेतु सक्षम बनाएगी। रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी कम्पनी के सदस्यों को भेजी गई वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना में दी गई है। कृपया इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के लिए वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना सीडीएसएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**रिमोट ई-वोटिंग सुविधा मंगलवार, 9 सितम्बर, 2025 को प्रातः 9.00 बजे आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 11 सितम्बर, 2025 को शाम 5.00 बजे समाप्त होगी। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी और तदुपरांत सीडीएसएल द्वारा अक्षम कर दी जाएगी।**

सदस्यगण, जिनका नाम 5 सितंबर, 2025 ("कट-ऑफ तिथि") को डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज मौजूद होगा, केवल वही सदस्य रिमोट ई-वोटिंग/अथवा एजीएम में वोटिंग की सुविधा पाने के हकदार होंगे। कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि को शेयर्स का धारक है, वह helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

एजीएम में मतपत्र के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जो सदस्य रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं परंतु उनको एजीएम में अपना वोट दोबारा डालने का अधिकार/अनुमति नहीं होगी।

रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में सदस्य https://www.evotingindia.com पर "हेल्प" सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल तथा फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यू'ज") देखें। इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग हेतु सुविधा के साथ संबंधित सभी शिकायतें श्री राकेश दाल्वी, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (ई), मुंबई – 400013 को संबोधित करें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल भेजें अथवा टोलफ्री नंबर 1800 2109 911 पर कॉल करें।

वास्ते बिरला केबल लिमिटेड

तिथि : 19 अगस्त, 2025
स्थान : रीवा (मध्य प्रदेश)

(सुमन)
कम्पनी सचिव

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## ट्रेड डील में अनिश्चितता किसी के हित में नहीं

*डोनाल्ड ट्रंप की अस्थिर नीतियों की वजह से भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर बातचीत अधर में लटक गई है। यह अनिश्चितता दोनों में से किसी भी देश के लिए ठीक नहीं। हालांकि अलास्का समिट में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति ट्रंप का नरम रवैया थोड़ी उम्मीद जरूर जगाता है।*

*ट्रेड डील के लिए अमेरिकी अधिकारियों को 25 अगस्त को भारत आना था, लेकिन मौखिक तौर पर बताया गया कि अब यह विजिट नहीं होगी। अभी तक नई तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, जिससे असमंजस बढ़ गया है। पहले माना जा रहा था कि अगस्त आखिर या सितंबर तक दोनों देश एक मिनी डील तक पहुंच जाएंगे। इसके लिए दोनों के बीच कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है, लेकिन अब सबकुछ बिल्कुल थम जाना द्विपक्षीय रिश्तों के लिए सही नहीं।*

*निश्चित रूप से अब भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को और बहिर्मुखी बनाना होगा। भारत को तेजी के साथ बढ़ना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के मुक्त व्यापार समझौते भारत की वैश्विक व्यापार उपस्थिति को नया रूप देते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि ट्रंप के ऊंचे टैरिफ से विकास दर और निर्यात घटने की चुनौतियों का सामना करने और हरसंभव तरीके से निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार ने रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना शुरू किया है।*

*व्यापारिक समझौते में क्यों अड़चन आ रही है, इस बारे में अब सभी को पता है, लेकिन भारत की चिंताओं को समझने और बातचीत के जरिये समाधान निकालने के बजाय ट्रंप दबाव की रणनीति अपना रहे हैं। मौजूदा संकट इसलिए भी ज्यादा उलझ गया है, क्योंकि चीन की बढ़ती मनमानी को रोकने के लिए भारत को अहम साझेदार मानने के बावजूद अमेरिका आपसी संबंधों को नुकसान पहुंचाने वाले कदम उठा रहा है। हालांकि इतिहास पर नजर डालें, तो वॉशिंगटन के लिए यह नई बात नहीं लगती।*

*80 के दशक के आखिर में भी अमेरिका को व्यापार घाटे की चिंता सता रही थी और तब उसके निशाने पर जापान था। उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को यह अधिकार मिला कि अगर कोई देश अमेरिका के खिलाफ अनुचित व्यापार नीतियां अपनाता है, तो उस पर टैरिफ लगाया जा सके। लेकिन, यह अधिकार मिलने के बाद तत्कालीन प्रेसिडेंट जॉर्ज एचडब्ल्यू बुश ने जापान के साथ-साथ भारत और अमेरिकी सहयोगियों - यूरोप, दक्षिण कोरिया व ताइवान पर भी एक्स्ट्रा टैक्स लाद दिया। 1989 में जब उन्होंने भारत को टारगेट किया था, तब भी तत्कालीन सरकार का यही कहना था कि वह किसी दबाव में नहीं झुकेगी।*

*अमेरिका फिर से इतिहास को दोहरा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप चीन को सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी मानते हैं, लेकिन सबसे पहले समझौता उसी से किया। वहीं यूरोपीय संघ और भारत जैसे सहयोगियों के प्रति उनका रुख ज्यादा अड़ियल बना हुआ है। भारत को ट्रंप प्रशासन से बात करते हुए अमेरिका के अतीत और आज के हालात, दोनों पर नजर रखने की जरूरत है। दरअसल, यह डील अमेरिकी इकॉनामी के लिए भी उतनी ही जरूरी है, जितनी भारत के लिए।*

# परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच जटिल है संबंधों का प्रबंधन

परमाणु हथियार संकट

श्याम सरन

मौजूदा हालात में सबसे अहम सवाल जो सामने है- क्या भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु द्वंद्व द्विराष्ट्रीय ही रहेगा या इसमें चीन भी भूमिका निभाएगा? तब क्या भारतीय उपमहाद्वीप के परमाणु युद्ध में चीन की आमद होने पर रूस और अमेरिका भी इसमें कूद पड़ेंगे? आशंकाएं अब अधिक हैं, क्योंकि परमाणु हथियार अब साइबर व उपग्रह प्रणालियों पर निर्भर हैं। एक परमाणु-साइबर-स्पेस में किसी भी बिंदु पर बनी रुकावट, परमाणु हथियारों के आकस्मिक उपयोग या फिर मिथ्या चेतावनी समय से पहले जवाबी कार्रवाई का कारण बन सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग व निर्णय-प्रक्रिया में कम हो रहा मानवीय दखल, परमाणु खतरे को कहीं अधिक बढ़ा देगा।

बीते दिनों जापान के दो शहर, हिरोशिमा और नागासाकी पर, क्रमशः 6 और 9 अगस्त, 1945 को हुए परमाणु बम हमले की 80वीं बरसी मनाई गई। इन बम विस्फोटों से जितनी भीषण मानवीय हानि हुई, वह हमलावरों द्वारा बमों को दिए गए मासूम नामों 'लिटिल बॉय' और 'फैट मैन' की क्रूर विडंबना से ही कम हो गयी थी। जिस विमान से बम गिराया गया था, उसके पायलट के लिए मानो 'यमराज के वाहन' को चलाना उसके जीवन का एक गौरवशाली क्षण था, तभी तो उसका नामकरण अपनी मां एनोला गे के नाम पर कर रखा था। जो दुष्टता की चरम सीमा थी।

जैसे-जैसे साल बीतते गए, उन भयावह घटनाओं की यादें- वे पिघलते मानव शरीर और वाष्पीकृत हुए बदन, धमाके के चलते घड़ी की थम गई सुइयां, और मशरूम रूपी बादल का भयानक आतंक जो सर्वनाश का प्रतीक बन गया -वक्त के साथ धुंधली होती गईं। ऐसा होना नहीं चाहिए था। इतने विशाल स्तर और तीव्रता वाले सर्वनाश का खतरा एक व्यापक आत्मसंतुष्टि के तले दबता जा रहा है। युवा पीढ़ियां इस दुखद इतिहास से बहुत कम परिचित हैं, हालांकि यह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें ही काम करना होगा कि यह प्रलयंकारी घटना फिर कभी न घटने पाए। यह सत्य है कि हिरोशिमा और नागासाकी के बाद से ही परमाणु हथियारों के इस्तेमाल करने को संयम बना रहा। परंतु इन परमाणु धमाकों के बाद की गई अनेकानेक आशावादी भविष्यवाणियों के विपरीत, परमाणु हथियार संपन्न देशों की संख्या मूल पांच (अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और चीन) से बढ़कर आज 9 हो गई है (इजराइल, भारत, पाकिस्तान और उत्तर कोरिया के जुड़ने से)। यह भी तथ्य है कि परमाणु हथियारों का वैश्विक भंडार मुख्यतः अमेरिका और रूस के शस्त्रागारों में है, जिनकी गिनती शीत युद्ध के दौरान रही अधिकतम 40,000 से घटकर आज लगभग 14,000 रह गई है, आज भी अमेरिका और रूस के भंडार सबसे बड़े हैं, यह आशा की किरण कही जा सकती है। लेकिन यह भी सत्य है कि जब तक परमाणु हथियार मौजूद रहेंगे, परमाणु सर्वनाश का खतरा मंडराता रहेगा।



> चिंता की बात यह है कि परमाणु हथियार-मुक्त विश्व के आह्वान में नागरिक समाज की लामबंदी और सक्रियता का अभाव है। वैश्विक स्तर पर नागरिक समाज आंदोलन के बगैर, परमाणु हथियार-मुक्त विश्व की कल्पना महज मरीचिका ही रहेगी। क्या भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु द्वंद्व द्विराष्ट्रीय ही रहेगा या इसमें चीन भी भूमिका निभाएगा? परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच संबंधों का प्रबंधन कहीं अधिक जटिल और अप्रत्याशित बनने का खतरा बन गया है।

चिंता की बात यह है कि परमाणु हथियार-मुक्त विश्व के आह्वान में नागरिक समाज की लामबंदी और सक्रियता का अभाव है। साल 1980 के दशक में, यूरोप में परमाणु निरस्त्रीकरण को लेकर सबसे मुखर अभियान चला हुआ था। यहां तक कि महाबोधि सोसायटी अपने प्रमुख, फुजी गुरु के नेतृत्व में, परिषद कक्ष के बाहर खड़ी होकर शांति-मंत्र जपती रही, जो कि केवल एक जापानी कार्यकर्ता ही कर सकता था, दुनिया को यह याद दिलाने के लिए कि हिरोशिमा और नागासाकी परमाणु हथियार-मुक्त विश्व प्राप्ति में एक आवश्यक कारण बने रहें।

बाद में, सदी के अंत में, मैं 'ग्लोबल ज़ीरो' नामक आंदोलन का हिस्सा था, जिसने परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया के लिए जुनून और दृढ़ता के साथ अभियान चलाया। इसका नेतृत्व ब्रूस जी ब्लेयर ने किया था, जो कभी अमेरिकी परमाणु कमान और नियंत्रण केंद्र का हिस्सा रहे थे और परमाणु शांति की नाजुकता को अच्छी तरह समझते थे। ब्लेयर का 2020 में निधन हो गया और इस आंदोलन ने अपनी गति और ऊर्जा खो दी। मेरा मानना है कि वैश्विक स्तर पर नागरिक समाज आंदोलन के बगैर, परमाणु हथियार-मुक्त विश्व की कल्पना महज मरीचिका ही रहेगी।

पारस्परिक विनाश की मंशा की सोच वास्तविकता का प्रतिबिम्ब होने की बजाय दिमागी खेल ज्यादा है। परमाणु शक्तियों की बहुतायत और उनकी प्रतिक्रियाओं की भविष्यवाणी असंभव होने से, परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच संबंधों का प्रबंधन कहीं अधिक जटिल और अप्रत्याशित बनने का खतरा बन गया है। सभी परमाणु-हथियार संपन्न देशों की भागीदारी वाली बहुपक्षीय वार्ताओं से ही परमाणु युद्ध के खतरे का समाधान संभव है।

शुरुआत परमाणु हथियार संपन्न देशों के बीच एक बहुपक्षीय समझौते से की जा सकती है कि परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने में वे कभी भी पहल न करेंगे और आदर्श रूप से तो, वे उनका इस्तेमाल ही न करने या उपयोग करने की धमकी न देने का प्रण करें। इस किस्म का समझौता इन दिनों जारी लड़ाई में रूस को यूक्रेन के खिलाफ सीमित क्षमता के परमाणु हथियार के इस्तेमाल की बात करने से रोक सकता।

परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ाने में तकनीक भी एक भूमिका निभा रही है। एक अपरिष्कृत किंतु अत्यधिक विनाशकारी अस्त्र बना सकने की तकनीक अब आसानी से उपलब्ध है। यह कल्पना की जा सकती है कि कोई आतंकवादी या जिहादी समूह किसी खतरनाक हथियार या अस्त्र को हथियाकर, उसे किसी दूसरे देश के क्षेत्र से, उसकी जानकारी और मिलीभगत के बिना भी, अपने लक्षित देश पर दाग दे। तब क्या उस देश के विरुद्ध परमाणु हथियारों से की जाने वाली जवाबी कार्रवाई न्यायोचित होगी जिसकी भूमि का इस्तेमाल अस्त्र दागने में किया गया? परमाणु हथियार अब साइबर प्रणालियों के साथ भी जुड़ गए हैं और निशाना साधने के लिए उपग्रह प्रणालियों पर निर्भर हैं। पहले से ही एक परमाणु-साइबर-स्पेस अबाध क्रम प्रणाली मौजूद है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रयोग और निर्णय-प्रक्रिया में कम हो रहा मानवीय दखल, परमाणु खतरे को पहले की अपेक्षा कहीं अधिक बढ़ा देगा। हम एक ऐसे भविष्य की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं जिसमें हमारे अपने विनाश के बीज छिपे हैं। पवित्र स्मारकों पर श्रद्धासुमन से कहीं ज्यादा विचार करने लायक है हिरोशिमा और नागासाकी की भयावहता- एक ऐसी चेतावनी जिस पर ध्यान देना आवश्यक है।

(लेखक पूर्व विदेश सचिव हैं।)

# महंगाई का सामना करने के लिए आम आदमी को वेतन वृद्धि का सहारा

वेतन आयोग

डॉ पीएस वोहरा

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर दी है, जिससे सरकारी कर्मचारियों के वेतन में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज होने की संभावना है। इससे न्यूनतम वेतन जहां 50,000 रुपये से अधिक होने की संभावना है, वहीं न्यूनतम पेंशन में भी काफी वृद्धि होने की संभावना है। नौकरीपेशा हर आदमी चाहता है कि उसका वेतन बढ़ता रहे। निजी क्षेत्र में वेतन वृद्धि की अलग प्रक्रिया है, जिसमें भेदभाव की आशंका रहती है। सरकारी क्षेत्र में भेदभाव न हो, इसके लिए वेतन आयोग का गठन कर विभिन्न वेतनमान में वृद्धि की सिफारिश की जाती है, जिसे वेतन आयोग कहा जाता है। समय के हिसाब से इनमें नये वेतन आयोग के माध्यम से महंगाई सहित दूसरे बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए रिवीजन होते रहते हैं। अभी सातवां वेतन आयोग अस्तित्व में है। इसका गठन 2016 में हुआ था। दिसंबर, 2025 तक सातवें वेतन आयोग द्वारा तय वेतनमान ही प्रचलित रहेंगे। सातवें वेतन आयोग के तहत अभी न्यूनतम वेतन 18000 रुपये और न्यूनतम पेंशन 9000 रुपये है। मूल वेतन के अलावा सरकारी कर्मचारियों के कुल वेतन में महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा यात्रा भत्ता सम्मिलित होता है। हालांकि इनमें महंगाई भत्ता मुख्य भूमिका निभाता है। अभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए इसकी तय सीमा मूल वेतन का 53 प्रतिशत है। वेतन आयोग की सिफारिशों से देश की कुल आबादी के पांच प्रतिशत से अधिक का हिस्सा आर्थिक रूप से समृद्ध होगा, क्योंकि अभी केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के अंतर्गत करीब 50 लाख कर्मचारियों, रक्षा विभाग के सभी सैनिकों और 65 लाख पेंशनधारियों के लिए वेतन आयोग का गठन किया गया है। बैंकर्स वेतन आयोग में सम्मिलित नहीं हैं।




> आठवें वेतन आयोग से एक करोड़ से अधिक लोगों को आर्थिक फायदा मिलेगा और ये पांच करोड़ या उससे अधिक लोगों के परिवारों के प्रतिनिधि होंगे। हर 10 वर्ष बाद नये वेतन आयोग का गठन अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए किया जाता है। दूसरी तरफ आम आदमी को महंगाई का सामना करने के लिए वेतन वृद्धि का सहारा उपलब्ध करवाया जाता है।

मोटे तौर पर इस वेतन आयोग के माध्यम से एक करोड़ से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक फायदा मिलेगा और ये औसतन पांच करोड़ या उससे अधिक लोगों के परिवारों के प्रतिनिधि होंगे। देश में हर वेतन आयोग 10 वर्षों के लिए गठित किया जाता है। प्रथम वेतन आयोग 1964 में अस्तित्व में आया था। हर वेतन आयोग की चर्चा उसकी वित्तीय नीतियों के माध्यम से कर्मचारियों के वेतन में होने वाली वृद्धि के लिए रहती है और यह भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार स्तंभ भी है। इसके माध्यम से सरकार अपने कर्मचारियों के आर्थिक उत्थान के साथ उनके सामाजिक विकास के लिए भी दृढ़ निश्चित दिखती है। हर 10 वर्ष बाद नये वेतन आयोग का गठन अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए किया जाता है। दूसरी तरफ आम आदमी को महंगाई का सामना करने के लिए वेतन वृद्धि का सहारा उपलब्ध करवाया जाता है। वेतन आयोग द्वारा वेतन में होने वाली वृद्धि के संबंध में सिफारिश एक जटिल प्रक्रिया का भाग होती है। नये वेतनमानों से सरकार पर अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ की गणना भी जरूरी होती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करते समय लगभग एक लाख करोड़ रुपये का आर्थिक बोझ वेतन और पेंशन के माध्यम से अर्थव्यवस्था पर पड़ा था। वेतन वृद्धि में सबसे मुख्य भूमिका 'फिटमेंट फैक्टर' की होती है, जो दरअसल भोजन, कपड़ा और मकान की न्यूनतम लागत निर्धारित करने का एक सूत्र होता है। इस फॉर्मूले का श्रेय डॉ वालेस एक्रॉयड को जाता है।

भारत में वेतन आयोग की सिफारिशों के अंतर्गत फिटमेंट फैक्टर को छठे और सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों में सम्मिलित किया गया। छठे वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 1.86 और सातवें वेतन आयोग में 2.57 था। आठवें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2.86 तक हो सकता है। इसी आधार पर न्यूनतम वेतन और न्यूनतम पेंशन के क्रमशः 50,000 तथा 25,000 या उससे अधिक होने की संभावना की जा रही है। फिटमेंट फैक्टर ही मूल वेतन में मुख्य भूमिका निभाता है।

मूल वेतन के अलावा सरकारी कर्मचारियों के कुल वेतन में महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा यात्रा भत्ता सम्मिलित होता है। अभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए इसकी तय सीमा मूल वेतन का 53 प्रतिशत है। वेतन आयोग की सिफारिशों से देश की कुल आबादी के पांच प्रतिशत से अधिक का हिस्सा आर्थिक रूप से समृद्ध होगा, क्योंकि अभी केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों के अंतर्गत करीब 50 लाख कर्मचारियों, रक्षा विभाग के सभी सैनिकों और 65 लाख पेंशनधारियों के लिए वेतन आयोग का गठन किया गया है।

सरकारी और निजी क्षेत्र में वेतन की अवधारणा अलग-अलग है। निजी क्षेत्र में ऊपरी ओहदों पर वेतन सरकारी क्षेत्र के बड़े ओहदों से अधिक होते हैं, जबकि सरकारी क्षेत्र के बड़े पदों में विभिन्न कार्य शक्तियां निहित होती हैं। वेतन आयोग के समय-समय पर गठन का मुख्य मकसद यह भी है कि सरकारी और निजी क्षेत्र के वेतनमानों की तुलना में पारदर्शिता बनी रहे और सरकारी क्षेत्र निजी क्षेत्र के मुकाबले वेतन में पिछड़ न जाये।

प्रसंगवश

## सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण में तेजी रणनीतिक ताकत देगी

प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से सबसे महत्वपूर्ण और सुखद घोषणा यह की कि साल के अंत तक हम 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप बनाने लगेंगे। यदि यह घोषणा जमीनी स्तर पर साकार हो जाए, तो आने वाले 10-15 सालों में भारत वाकई 'सोने की चिड़िया' वाला देश बन सकता है। यह अतिशयोक्ति नहीं है, बल्कि वैश्विक वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के आकलन हैं। भारत एक व्यापक, विविध देश है, जनसंख्या 146 करोड़ से अधिक है, निवेश पर्याप्त हैं और सरकार की प्राथमिकता है, लिहाजा व्यापक स्तर पर 'चिप' का उत्पादन संभव है। हालांकि हम अभी चीन, अमेरिका, ताइवान सरीखे देशों से बहुत पीछे हैं। वे 'चिप्स क्रांति' के देश हैं, जबकि भारत अभी शोध के दौर में है। दुनिया डिजिटल क्रांति के दूसरे चरण में प्रवेश कर रही है, जहां सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण एक रणनीतिक ताकत बन चुके हैं, लेकिन भारत अब भी तैयारियों के शुरुआती मोड़ पर खड़ा है। हालांकि गुजरात और बेंगलुरु में कुछ प्लांट लगाए गए हैं। स्टार्टअप भी काम कर रहे हैं, लेकिन अभी राष्ट्रीय उत्पादन के लिहाज से हम पीछे हैं। चीन आज दुनिया की 'डिजिटल रीढ़' है। माइक्रोचिप से लेकर मोबाइल फोन और सर्वर तक, हर जगह, उसकी उपस्थिति है। अब भारत के लिए चिप का राष्ट्रीय उत्पादन, विस्तार और रोजगार 'तकनीकी संप्रभुता' का सवाल है। भारत के पास प्रतिभाशाली इंजीनियर और डिजाइनर हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनियों के लिए 'चिप निर्माण' के सूत्रधार बने हैं। यदि हम सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण को निरंतरता देने में सफल रहे, तो सेमीकंडक्टर चिप भारत के लिए 'तेल' साबित हो सकते हैं।

> दुनिया डिजिटल क्रांति के दूसरे चरण में प्रवेश कर रही है, जहां सेमीकंडक्टर और चिप निर्माण एक रणनीतिक ताकत बन चुके हैं, लेकिन भारत अब भी तैयारियों के शुरुआती मोड़ पर खड़ा है।

जीएसटी में राहत की उम्मीद

दूसरी महत्वपूर्ण और देशव्यापी घोषणा प्रधानमंत्री ने जीएसटी को लेकर की है। सरकार ने अपने प्रस्ताव जीएसटी परिषद को विचारार्थ भेज भी दिए हैं। जीएसटी के दायरे में 10 लाख से ज्यादा वस्तुएं हैं। उसकी स्लैब दरें 12 फीसदी से घटा कर 5 फीसदी की जाती हैं, तो यह देश के लिए वाकई 'दीपावली का तोहफा' होगा। दैनिक जीवन में उपयोग की काफी वस्तुएं सस्ती हो सकती हैं। जाहिर है कि आम आदमी को राहत मिलेगी।

सरकार का आकलन है कि जीएसटी की दरें घटाने से (एमएसएमई) में नौकरियों के अवसर बढ़ेंगे, देश की अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और जीडीपी 0.6 फीसदी से 0.7 फीसदी तक बढ़ सकती है।

प्रधानमंत्री ने 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' की घोषणा की है। दावा किया जा रहा है कि इससे करीब 3.5 करोड़ युवाओं को नौकरियां और रोजगार मिल सकेंगे। इस संदर्भ में सवाल उठ रहे हैं कि संसद में बजट पेश करते हुए एक घोषणा की गई थी कि देश की 500 बड़ी कंपनियों में युवाओं को इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा। भत्ता भी मिलेगा, हुनर भी सीख सकेंगे, सरकार पहली नौकरी पर 15,000 रुपए भी देगी। उस योजना का क्या हुआ, देश को अद्यतन स्थिति ब्रीफ की जाए।

॥गीता॥



श्लोक

गीती शीघ्री शिरः कम्पी तथा लिखित पाठकः।
अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठश्च षडेते पाठकाधमाः॥

भावार्थ

गाकर पढ़ना, शीघ्रता से पढ़ना, पढ़ते हुए सिर हिलाना, लिखा हुआ पढ़ जाना, अर्थ न जानकर पढ़ना, और धीमा आवाज होना ये छह पाठक के दोष हैं।

जीवन दर्शन

# तेज भागने के कारण बदल रहीं हैं मंजिलें

हम सब तेज भाग रहे हैं। किसी को कुछ हासिल करना है, किसी को कुछ साबित करना है, किसी को किसी से आगे निकलना है। सुबह आंख खुलते ही दौड़ शुरू हो जाती है- काम की, समय की, सफलता की, नाम की। पर कभी सोचा है कि ये रेस किसके लिए है? और किस दिशा में है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हम इतनी तेजी से भाग रहे हैं कि रास्ता ही भूल गए हैं? या शायद मंजिल ही बदल गई है, पर हम रुके नहीं, जांचने नहीं गए। बस उसी रफ्तार से भागे जा रहे हैं, जैसे बस दौड़ते रहना ही जीवन हो। आज की दुनिया में हर चीज फास्ट हो गई है- फास्ट इंटरनेट, फास्ट फूड, फास्ट डिलीवरी, फास्ट रिजल्ट। धीरे चलने का मतलब है पीछे छूट जाना। ठहरने का मतलब है असफलता। और इस डर में, हम दौड़ते चले जा रहे हैं। पर भीतर कहीं कुछ चुपचाप टूटता जा रहा है। दौड़ में सबसे पहले जो खोता है, वह है शांति। फिर आता है ध्यान। फिर रिश्ते। और धीरे-धीरे, हम खुद को ही खो देते हैं। हम जो बनना चाहते थे, वह कब छवि पीछे छूट जाती है। हम जिस इंसान को बचाकर रखना चाहते थे वो मासूम, वो संवेदनशील, वो सोचने-समझने वाला इंसान, वह इस तेज रफ्तार में कहीं धुंधला पड़ जाता है। हम सुबह जागते हैं, मोबाइल उठाते हैं, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं। हर कोई कुछ कर रहा है- किसी ने कोई बड़ी डील क्लोज की है, कोई विदेश घूम रहा है, कोई नया बिजनेस लॉन्च कर रहा है और हम बेचैन हो जाते हैं। लगता है हमें भी दौड़ना है। कहीं पीछे न रह जाएं।

> कहीं ऐसा तो नहीं कि हम इतनी तेजी से भाग रहे हैं कि रास्ता ही भूल गए हैं? या शायद मंजिल ही बदल गई है, पर हम रुके नहीं, जांचने नहीं गए, बस उसी रफ्तार से भागे जा रहे हैं।

लेकिन रुककर पूछने वाला कोई नहीं बचा कि क्या जिस रास्ते पर हम भाग रहे हैं, वह वाकई हमारे लिए है? कभी-कभी सबसे बहादुरी भरा कदम होता है रुक जाना। अपनी रफ्तार को धीमा करना। भीतर की आवाज सुनना। खुद से पूछना- क्या मैं खुश हूं? क्योंकि जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है। यह एक यात्रा है। और अगर इस यात्रा में आप सिर्फ भागते रहे और नजारे ही नहीं देखे, तो अंत में बस थकान बचेगी, अनुभव नहीं। कई बार जिनको हम पीछे समझते हैं, वे असल में अपने जीवन के सबसे सुंदर मोड़ पर होते हैं। वे चल रहे होते हैं- फूलों को देखते हुए, रिश्तों को सींचते हुए, अपने मन से बातें करते हुए। वे देर से पहुंचते हैं, पर सही जगह पहुंचते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि हम रफ्तार को सफलता से न जोड़ें। सफलता वह नहीं जो तेज भागने से मिले, सफलता वह है जो अपने भीतर की सच्चाई को जीने से मिले। जो जितना धीरे चलता है, वह उतना अधिक देखता है। और जो खुद को पूरे होश में जितना देखने लगे वही सचमुच और उतना ही जिंदा होता है।

-सुंदरचंद ठाकुर

## संक्षिप्त खबरें

### भाकपा सम्मेलन में जिला परिषद का हुआ गठन

**जागरण, भोपाल।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का सम्मेलन राज्य कार्यालय शाकिर सदन में सम्पन्न हुआ। कामरेड अजय राउत जिला सचिव चुने गए। कामरेड गुणशेखरन कोषाध्यक्ष चुने गए। इस अवसर पर 35 सदस्यीय जिला परिषद का भी चुनाव हुआ। राज्य सम्मेलन के बाद जिला भोपाल के सचिव मंडल का चुनाव होगा। राज्य सम्मेलन के लिए भोपाल जिले से 20 प्रतिनिधि भी चुने गए। जिला सम्मेलन में भोपाल जिले से 52 प्रतिनिधि शामिल हुए। जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि कामरेड अजीत कुमार जैन ने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड सत्यम पांडे ने भाकपा की स्थापना के तत्कालीन परिदृश्य और एक शताब्दी के भाकपा के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख किया। भाकपा राज्य सह-सचिव कामरेड शैलेंद्र शैली ने फासीवाद के संकट को रेखांकित किया और इसके प्रभावी प्रतिरोध के लिए भाकपा को वैचारिक और संगठनात्मक स्तर पर मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिला सम्मेलन की अध्यक्षता कामरेड वीके शर्मा ने की।

### लैंड जिहाद से बना देते हैं मजिस्द-मजार : सारंग

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का कहना है कि लैंड जिहाद के माध्यम से मस्जिदें और मजार बना दी जाती है। विशेषकर भोपाल के बड़ा तालाब पर इस तरह का अतिक्रमण का दायरा बढ़ा है,जो पूरी तरह से अनुचित है। सारंग ने कहा कि तालाबों पर इस तरह के अतिक्रमण करना और मस्जिदों का दायरा लगातार बढ़ाना पूरी तरह से गलत है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक आदेश के बाद निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की हठधर्मिता दिखाई जाएगी,तो उसे सहन नहीं किया जाएगा।

### आयुष विभाग की सेमर खापा में कार्यशाला आज

**विसं, भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल 20 अगस्त को मंडला जिले के सेमर खापा में आयुष विभाग द्वारा परंपरागत चिकित्सा का स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान एवं सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल होंगे। कार्यशाला में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार भी शामिल होंगे। कार्यशाला में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह, पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मंडला जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल भी उपस्थित रहेंगे।

### राष्ट्रीय रक्षा विवि में प्रवेश लेने 26 तक होंगे आवेदन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राष्ट्रीय रक्षा विवि (आरआरयू) की कक्षाएं एक सितंबर से शुरू होंगी। आरआरयू में प्रवेश लेने अंतिम तिथि में बढ़ोतरी कर 26 अगस्त कर दी गई है। विद्यार्थी आरआरयू की वेबसाइट पर जाकर चार वर्षीय बीटेक इन कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (साइबर सिक्युरिटी) में प्रवेश नहीं ले सकते हैं। जेईई क्वालीफाई विद्यार्थी को प्राथमिकता दी जाएगी। आरसीईटी क्वालीफाई विद्यार्थी ही प्रवेश ले पाएंगे। वहीं पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्युरिटी एंड डिजिटल फोरेंसिक्स की बीस सीट में बीटेक डिग्री होल्डर को प्रवेश दिया जाएगा। पीजी डिप्लोमा पुलिस साइंस एंड मैनेजमेंट बीस सीट और पीजी डिप्लोमा स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोर्स की बीस सीटों में प्रवेश लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों से पल्ला झाड़ा... कहा-

# मैं तो अर्जुन हूं, युधिष्ठर कोई और है, राहुल ने मुझसे नहीं पूछा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जिलाध्यक्ष की नियुक्तियों को लेकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने कहा कि मैं तो अर्जुन हूं, युधिष्ठर कोई और है। जयवर्धन सिंह हों या कोई दूसरा उनकी नियुक्ति को लेकर राहुल गांधी ने उनकी राय नहीं ली। उन्होंने कहा कि वोट चोरी को लेकर कांग्रेस 24 अगस्त से दूसरे चरण का अभियान शुरू करेगी। पीसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के मामले में राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा तय मापदंड के अनुरूप ही निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षों की नियुक्तियों में उनका कोई व्यक्तिगत हस्तक्षेप नहीं रहा है, वह तो युधिष्ठर की भूमिका में हैं। नियुक्तियां कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व एवं राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप की गई हैं। इस सिलसिले में राहुल गांधी ने सीधे तौर पर कई नेताओं से चर्चा भी की थी, जिनमें जयवर्धन सिंह भी शामिल थे।



### पन्ना प्रमुख की तरह बात कर रहा आयोग

पटवारी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हुए कहा कि आयोग अब भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहा है। उनके द्वारा ऐसी बातें की जाती हैं, जैसे भाजपा का कोई पन्ना प्रमुख कार्यकर्ता हो। उन्होंने कहा कि आयोग की भूमिका निष्पक्ष नहीं रह गई है और वह लोकतंत्र के प्रहरी की जगह चोर की तरह कार्य कर रहा है। उन्होंने सवाल किया कि मैं चुनाव आयोग से पूछना चाहता हूं कि भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने खुलेआम कहा कि उन्होंने खुद हर घर में जाकर फर्जी 1000-1000 वोट सत्यापित किए हैं। इसका वीडियो भी मैंने ट्वीट किया है। भाजपा के मंत्री अनुराग ठाकुर ने रायबरेली में वोट बढ़ने की बात कही है। यह दोनों तथ्य साबित करते हैं कि भाजपा खुद चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी की बात मान रही है। राहुल गांधी ने जिस वोट चोरी की समस्या को उठाया था, अब वही बातें भाजपा नेता भी कह रहे हैं और चुनाव आयोग भी उन्हीं दलीलों को दोहरा रहा है। इससे साफ है कि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का प्रश्न है। चुनाव आयोग कांग्रेस नेताओं से हलफनामा मांग रहा है, जबकि उसे स्वयं जनता के सामने हलफनामा देना चाहिए कि इस बार वोट चोरी नहीं होगी।

### 25 अगस्त से दूसरा चरण

पटवारी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अपने अभियान के दूसरे चरण में वोट चोरी के मुद्दे को लेकर 25 अगस्त से 5 सितंबर तक पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन और प्रदर्शन करेगी। मालवा में एक लाख से ज्यादा कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में भाग लेंगे। इन प्रदर्शनों में प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के नेता मौजूद रहेंगे।

### जेबी मुझसे चार गुना योग्य

पटवारी ने कहा कि जिलाध्यक्ष पद के लिए राहुल गांधी ने 15 लोगों से सीधे बात की। जयवर्धन सिंह ने भी राहुल गांधी से बात की जानकारी भी उन्हें नहीं दी। उन्होंने कहा कि यदि हम बात करें, तो मुझ में जितने गुण है,उससे चार गुना जयवर्धन में है, क्योंकि उन पर बात सुनने की और लोगों से मिलने की क्षमता है,वह मुझ से ज्यादा है। मैं जयवर्धन से सीखता हूं। उनकी युवाओं के बीच ज्यादा लोकप्रियता है,ऐसे में उनकी उपयोगिता भोपाल में ज्यादा थी,लेकिन अब उन्हें डबल मेहनत करनी होगी।

### अभियान को नहीं समझने वाले कर रहे विरोध

पत्रकार वार्ता में मौजूद जयवर्धन सिंह ने कहा कि जो लोग सृजन अभियान की गहराई को नहीं समझते हैं, वही नियुक्तियों का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सब प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में एकजुट हैं। कांग्रेस पार्टी ने जो भी निर्णय लिया है, हम उसका पालन पूरी निष्ठा और समर्पण से करेंगे।

## कांग्रेस के भोपाल शहर जिला अध्यक्ष प्रवीण के खिलाफ मोनू ने खोला मोर्चा

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र कांग्रेस में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद मचा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिलाध्यक्ष रहे मोनू सक्सेना ने प्रवीण सक्सेना को अध्यक्ष बनाए जाने का खुलकर विरोध किया है। उन्होंने गांधी प्रतिमा के सामने विरोध करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े प्रवीण को जिलाध्यक्ष बनाया जाना मैदानी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भोपाल जिलाध्यक्ष बनाए गए प्रवीण सक्सेना को एक बार फिर से जिला कांग्रेस की कमान सौंपी गई है। जिसका पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप मोनू सक्सेना ने अपने समर्थकों के साथ विरोध किया है। सोमवार को मिंटो हॉल स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर मोनू और उनके समर्थकों ने पुष्पाजंलि अर्पित करने के उपरांत प्रवीण सक्सेना को अध्यक्ष बनाए जाने का जमकर विरोध किया। इस मौके पर मोनू ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने पूरे देश भर में सृजन संगठन अभियान चलाया हुआ था। इसके अंतर्गत पार्टी के वफादार और जमीनी नेताओं को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी जानी थी लेकिन राजधानी भोपाल में बीजेपी से साठगांठ रखने वाले प्रवीण सक्सेना को जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने तमाम भाषणों में यह स्पष्ट किया था कि भाजपा के स्लीपर सेल को सर्जन संगठन अभियान




के तहत किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी लेकिन उसके बावजूद भोपाल में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति ऐसे व्यक्ति की कर दी गई है, जिनके भाई संजीव सक्सेना का नाम देश के सबसे बहुचर्चित घोटाले व्यापम में आया था। उनके खिलाफ न्यायिक प्रकरण भी दर्ज हुए हैं और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। मोनू ने आरोप लगाया कि प्रवीण सक्सेना और संजीव सक्सेना के भाजपा नेताओं से काफी करीबी संबंध हैं। भाजपा सरकार में मंत्री विश्वास सारंग और संजीव सक्सेना, प्रवीण सक्सेना के रिश्ते भी हैं। संजीव सक्सेना अनेकों बार पार्टी से हट कर निर्दलीय व बीएसपी से चुनाव लड़ पार्टी प्रत्याशी को हरा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भोपाल में हुए जिला अध्यक्ष के निर्णय को लेकर उनका आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

## 'कर्मयोगी बनें' का विजन- प्रोफेसर और छात्रों की जवाबदेही तय करना

### उच्च शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में कर्मयोगी बनें के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चुनौती एवं समाधान के लिए, देश के प्रतिष्ठित विद्वतजनों की उपस्थिति में सर्वोच्च परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। मंत्री परमार ने उच्च शिक्षा में प्रोफेसरों और विद्यार्थियों की जवाबदेही तय करने को लेकर कर्मयोगी बनें के विजन को रेखांकित किया। मंत्री परमार ने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता एवं जवाबदेही के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। उच्च शैक्षणिक संस्थानों के परिवेश को सर्वसाधन सम्पन्न, विद्यार्थी अनुकूल, उत्कृष्ट एवं सकारात्मक बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। परमार ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सहानुभूति एवं सख्ती दोनों के समन्वय के साथ, विद्यार्थी केंद्रित कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। मंत्री परमार ने कहा कि प्रोफेसर के प्रति विद्यार्थी का लगाव रहे और विद्यार्थी, प्रोफेसर के आचरण एवं व्यक्तित्व का अनुसरण करें, इसके लिए प्रोफेसरों को अपनी जवाबदेही स्वतः भी तय करनी होगी। प्रोफेसरों के लिए भी सहानुभूति एवं सख्ती दोनों के समन्वय के साथ, शिक्षक प्रशिक्षण के लिए कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता है। प्रोफेसर और विद्यार्थियों दोनों के लिए इंडेक्स बनाने के लिए, जवाबदेही तय करना आवश्यक है। मंत्री परमार ने कहा कि रिक्त पदों की पूर्ति करने की योजना बनाई जा रही है। विश्वविद्यालय और कालेजों में आपसी समन्वय भी स्थापित हों। मंत्री परमार ने कहा विद्यार्थियों के समग्र हितों को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग कर्मयोगी बने के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए क्रियाशील है। अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने प्रस्तावना वक्तव्य दिया। एसीएस राजन ने मुख्यमंत्री की अवधारणा के अनुरूप एक-एक बिन्दु पर कार्य करने और मंत्री परमार के निर्देश और सभी से प्राप्त सुझावों के आधार पर और बेहतर कार्य करने की बात कही।

### शिक्षक निश्चित ही निष्काम कर्मयोगी की तरह कार्य करेंगे

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली की कुलगुरु प्रो. शांति श्री धुलीपुड़ी ने कहा कि टोटल मॉडल के शार्ट एवं लांग टर्म तय करें, शिक्षक आगे चलकर निश्चित ही निष्काम कर्मयोगी की तरह कार्य करेंगे। आईआईएम अहमदाबाद के निदेशक प्रो. भरत भास्कर ने कर्मयोगी बने के लिए लक्ष्य निर्धारण कर क्रियन्वित किए जाने का विचार प्रस्तुत किया। प्रमुख सचिव राजभवन डॉ नवनीत मोहन कोठारी और ओएसडी डॉ धीरेंद्र शुक्ल सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित थे। आयुक्त प्रबल सिपाहा ने आभार व्यक्त किया।

## 19 पटवारी भोपाल जिले की तहसीलों में किए गए पदस्थ

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के विभिन्न जिलों से स्थानांतरण होकर आए 19 पटवारियों को भोपाल जिले की तहसीलों में पदस्थ किया गया है। सोमवार को कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख से आदेश जारी हुआ। इसमें श्योपुर से स्थानांतरण होकर आईं मीनाक्षी यादव को बैरसिया तहसील में पदस्थ किया गया है। खरगौन से श्वेता चौकसे, छतरपुर से अंजना दीक्षित, बालाघाट से सरिता यादव, सागर से स्थानांतरित होकर आए अभय कुमार को बैरसिया तहसील में नई पदस्थापना दी गई है। सीहोर से आईं पूजा मालवीय को भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ किया गया है। रायसेन से रितु दीक्षित टीटी नगर, शिवपुरी से दीपक धाकड़, हरदा से प्रशांत उपाध्याय को गोविंदपुरा तहसील व सागर से आए धर्मेंद्र चढ़ार को बैरसिया और आशीष मिश्रा, लेखराज को गोविंदपुरा से बैरसिया तहसील में पदस्थापना दी गई है। हुजूर से पटवारी मनोज कुशवाह, जावेद खान, निधि नेमा, प्रज्ञा मालवीय, ममता जमोरिया, सत्यप्रकाश यादव को बैरसिया तहसील में भेजा है।

## करोड़ों की किताबें छापने निकाला महाप्रबंधक विशेषज्ञ का पद

# पाठ्यपुस्तक निगम में कर्मचारियों का अभाव सेवानिवृत्त को किया जा रहा संविदा पर नियुक्त

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र पाठ्यपुस्तक निगम में ढाई सौ करोड़ रुपए की कागज खरीदी और छपाई की जिम्मेदारी संभालने वाले महाप्रबंधक (कागज) संजीव त्यागी की संविदा अविधि 21 जुलाई को समाप्त हो गई है। अवधि खत्म होने के बाद पाठ्यपुस्तक निगम ने कागज विशेषज्ञ का पद भी निकाल दिया है। निगम में लगभग दो सौ करोड़ की कागज खरीदी होने के बाद पांच करोड़ की छपाई होती है। निगम में महाप्रबंधक (कागज) संजीव त्यागी उक्त कार्य को देखते हैं। उन्होंने अक्टूबर 2016 में विभाग से अचानक त्यागपत्र दे दिया था, जिससे तत्कालीन एमडी सतीश मिश्रा ने स्वीकार भी कर लिया था। एमडी मिश्रा के जाते ही वर्ष 2017 में निगम द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संविदा के आधार पर खाली पदों को भरने के लिए निकाले गए विज्ञापन के तहत संजीव त्यागी को महाप्रबंधक (कागज) के पद पर संविदा नियुक्ति प्रदान की गई। साठगांठ के चलते बीआरएस लेने वाले त्यागी को निगम में महत्वपूर्ण पद पर बैठा दिया गया। पद के लिए शासन के नियमानुसार अर्द्धवार्षिकी आयु पूरी कर सेवानिवृत हुए लोगों का चयन किया जाना था। निगम ने संविदा नियुक्ति के लिए अपने ही विज्ञापन की शर्तों का पालन नहीं किया। विज्ञापन से सिर्फ संजीव त्यागी को ही निगम में नियुक्ति दी गयी। शेष पदों को नहीं भरा गया।

### पांच साल के बाद बढ़ती रही कार्यअवधि

संविदा नियम के अनुसार यह अवधि अधिकतम पांच साल हो सकती है। पांच साल का कार्यकाल दो साल पहले पूरा हो चुका है। इसके बाद उनका कार्यकाल एक-एक साल लगातार बढ़ाया गया। इस साल उनकी संविदा अवधि बढ़ाने की संभावना कम है। उनकी संविदा अवधि खत्म होने के बाद पाठ्यपुस्तक निगम ने कागज विशेषज्ञ की भर्ती के लिए सेडमैप को पत्र लिखा है। इसका मानदेय 87 हजार रुपए रखा गया है। उक्त पद की भर्ती के लिए पीएमयू सेल बनाई गई है।

### टेस्टिंग के बाद बदल जाता है कागज

निगम में पूरा खेल कागज खरीदी व प्रिटिंग के करोड़ों के टेंडर का है। अधिकारियों के मुताबिक लैब टेस्टिंग के बाद जो कागजआते हैं, उन्हें बदल दिया जाता है। लैब टेस्टिंग कर दोबारा कम जीएसएम कागज की रिपोर्ट बना दी जाती है। इससे कागज बच जाता है और इसी से अवैध रूप से प्रिंटर किताबों की छपाई करते हैं। लैब में आए कागज के जीएसएम व मार्केट में बिक रहीं निगम की किताबों की जांच की जाए, तो करोड़ों के हुए भ्रष्टाचार का खुलासा हो जाएगा।

निगम में काफी पद रिक्त हैं। उनकी पूर्ति करने संविदा पर नियुक्तियां हो रही हैं। पूर्व में संविदा नियुक्तियों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। अब दोबारा से नियुक्ति करने विज्ञापन जारी किया जाएगा। ■ **विनय निगम**, एमडी, पाठ्यपुस्तक निगम

## सुशासन और जनसेवा के लिए प्रशासन व पुलिस की साझेदारी बेहद अहम: डीजीपी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में राज्य प्रशासनिक सेवा के 27 प्रोबेशनरी डिप्टी-कलेक्टरों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुशासन और जनसेवा के लिए पुलिस और प्रशासन की साझेदारी बेहद अहम है। डीजीपी ने अपने संबोधन में अफसरों को सफलता के टिप्स देते हुए कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अगर पारदर्शिता और संवेदनशीलता के काम करेंगे तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जनता से जीवंत संपर्क जरूरी है क्योंकि असली फीडबैक वहीं से मिलता है।



### नोट्स बनाएं और लगातार सीखें

डीजीपी ने युवा अधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं का बारीकी से अध्ययन करने और प्रभावी क्रियान्वयन के मौके तलाशने का दायित्व सौंपा। उन्होंने सलाह दी कि अधिकारी अपनी छवि को लेकर सजग रहते हुए अपने आचरण को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि ज्ञान का उपयोग केवल किताबों तक सीमित न रहें बल्कि व्यावहारिक तौर पर भी इसका उपयोग करें। उन्होंने युवा अफसरों को नोट्स बनाने की आदत डालने और लगातार सीखते रहने पर जोर दिया।

## प्रोफेसर और कर्मचारियों को स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग


**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एक्सीलेंस कालेज में आईक्यूएसई और आईटी सेल प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पांच दिवसीय कौशल संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सोमवार को हुआ। इसमें कालेज के 20 प्रोफेसर और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह कार्यक्रम 11 अगस्त से आरंभ होकर सोमवार तक चला। इसमें एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावरप्वाइंट, एमएस पब्लिशर, इंटरनेट तथा ई-मेल सिक्योरिटी संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण देते हुए आवश्यक जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान में कार्यरत मानसेवी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रयोगशाला तकनीशियनों का प्रशिक्षण कर दक्षता में वृद्धि करना था। कार्यक्रम में डॉ. अमित जैन, डॉ. अनुज हुंडेत, डॉ अखिलेश शेंडे और डॉ. अमित मांदले ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

**बदलाव**

## 19.88 करोड़ से होगा निर्माण, आधुनिकतम सुविधाओं से होगा लैस

# पुलिस भर्ती बोर्ड को एक साल बाद मिलेगा मुख्यालय

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एमपी में पुलिस भर्ती बोर्ड की घोषणा के साथ ही एक अहम बदलाव भी अगले साल होने जा रहा है। अब तक पीएचक्यू में संचालित होने वाली चयन एवं भर्ती शाखा को अगले साल अगस्त में नए दफ्तर में शिफ्ट करने की तैयारी है। मप्र पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन इस नई बिल्डिंग को श्यामला हिल्स पर तैयार कर रहा है। रेल पुलिस मुख्यालय के ठीक बगल में बनने जा रही इस आलीशान बिल्डिंग के निर्माण का काम पिछले साल शुरू हो गया है। लगभग 19 करोड़ 88 लाख की लागत वाले इस भवन में पुलिस भर्ती बोर्ड का नया मुख्यालय शिफ्ट होगा। इसके निर्माण के लिए पुलिस हाउसिंग बोर्ड ने अगले साल जुलाई के अंत की टाइम लिमिट तय की है। सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर ही पुलिस की भर्ती के लिए पुलिस भर्ती एवं चयन बोर्ड के गठन की घोषणा की थी। इस नए भवन में आरक्षक भर्ती और सब इंस्पेक्टर भर्ती के लिए अलग-अलग सेल बनाए जाएंगे, जिनकी कमान एआईजी स्तर के अफसरों के पास होगी।



### यहीं होगी एग्जाम पेपर की प्रिंटिंग, मूल्यांकन की भी सुविधा

जानकारी के अनुसार, इस आधुनिक बिल्डिंग में ही अब चयन की प्रारंभिक से लेकर अंतिम प्रक्रिया तक पूरी की जाएगी। पुलिस भर्ती बोर्ड के लिए तय होने वाले पेपर की छपाई के साथ ही यहीं पर सभी पेपर्स के मूल्यांकन की भी सुविधा होगी। इसके लिए दो बड़े हॉल बनाए जा रहे हैं जिनमें आधुनिक तकनीक वाले कंप्यूटर लगाए जाएँगे जिसके जरिए ओएमआर शीट्स की सेकंडों में ही जांच की जा सकेगी। इस परिसर में एक बार में 50 से ज़्यादा कार और 500 से अधिक दो पहिया वाहन पार्क हो सकेंगे। इस इमारत के चारों तरफ़ गार्डन भी बनाए जाएंगे, जिसमें फलदार और छायादार पेड़ होंगे। एक बार में इस भवन में एक हजार से ज़्यादा आगंतुकों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकेगा।

### सीसीटीवी से लैस होगा परिसर बच्चों के लिए झूलाघर भी

इस चार मंजिला बिल्डिंग को सभी आधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। पूरा परिसर सीसीटीवी सर्विलांस में कैद होगा और सभी आला अफ़सर समेत कंट्रोल रूम के जरिए हर आगंतुक पर नज़र रखी जा सकेगी। इसके साथ ही यहाँ आने वाले आगंतुकों, खासतौर से महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों का भी ख़ास ख्याल रखा जाएगा। उनके लिए यहाँ क्रेच (झूलाघर) भी स्थापित होगा। इसके अलावा, परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के इंटरव्यू भी यहीं होंगे।

### लोअर ग्राउंड फ्लोर पर होंगी ये सुविधाएं

हीटिंग, वेंटिलेशन एंड एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) रूम, लॉबी कम रिसेप्शन, ड्राइवर रिटायरिंग रूम, स्टोर, सीसीटीवी रूम, मेन्स रिटायरिंग रूम, हाउस कीपिंग रूम, लिफ्ट।

### ग्राउंड फ्लोर पर ये होंगे इंतजाम

प्रिंटिंग रूम, स्ट्रॉन्ग रूम, 2 मूल्यांकन कक्ष, स्टोर रूम, कॉम्पैक्टर, वेटिंग एरिया, लाइब्रेरी, वुमेन्स रिटायरिंग रूम, हाइड्रोलिक सिस्टम, क्रेच रूम, किचन।

### प्रथम तल पर होंगे ये इंतज़ाम

एआईजी भर्ती और चयन (कांस्टेबल) का दफ्तर, एआईजी भर्ती (एसआई और अन्य) का दफ्तर, 2 मीटिंग रूम, पेंट्री, डीपीओ यूनिट, एआईजी (याचिका और सूचना) का दफ्तर, लॉबी, एआईजी (ईएसटीटी और डीडीओ) का दफ्तर, 3 डेटा सेंटर, सर्वर मॉनिटरिंग रूम, अग्नि शमन कक्ष, कर्मचारियों और स्टेनो के रूम, एक एआईजी के लिए अतिरिक्त कार्यालय।

### दूसरी मंजिल पर होंगे ये दफ्तर


एडीजी चेंबर एवं प्रतीक्षा कक्ष, पीए स्टाफ का ऑफिस, पेंट्री, मीटिंग रूम, 4 विज़िटर रूम, आईजी चेंबर और उनके स्टाफ के रूम, प्रशासनिक कार्यालय, लॉबी, मूल्यांकन हॉल, डीआईजी ऑफिस, कॉन्फ्रेंस रूम, समिति अध्यक्ष का दफ्तर।

## सितंबर तक नए बाड़े में शिफ्ट होगा पार्क का एकमात्र बायसन

### प्रबंधन ने शुरू की तैयारी, करीब से देख सकेंगे पर्यटक

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** वन विहार नेशनल पार्क में मौजूद एकमात्र नर बायसन को सितंबर तक पार्क में बनाए गए बाड़े में शिफ्ट कर दिया जाएगा। पर्यटक नजदीक से वन्य प्राणियों को देख सकें इसके लिए वन विहार प्रबंधन लगातार नए नवाचार कर रहा है। इसके तहत बायसन को नए बाड़े में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। बता दें कि वन विहार द्वारा लंबे समय से एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत बायसन को वन विहार लाने की तैयारी की जा रही है, लेकिन प्रबंधन को इसमें सफलता नहीं मिल सकी है। वन विहार में वर्तमान में एक ही नर बायसन मौजूद है, जिसे नए बाड़े में शिफ्ट किया जाना है। बाड़े में शिफ्ट होते ही लोग नजदीक से इसे देख सकेंगे। वन विहार प्रबंधन द्वारा वन विहार में लंबे समय से बायसन की शिफ्टिंग का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन सफलता नहीं मिली है। सबसे पहले बायसन की संख्या बढ़ाने के लिए गोवा के बोंडला चिड़ियाघर को पत्र लिखा गया, लेकिन गोवा ने बायसन देने से मना कर दिया। इसके बाद विशाखापट्टनम को पत्र लिखकर भारतीय प्रजाति के गौर और वुल्फ को एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत देने की मांग की गई। सेंट्रल जू अथॉरिटी से अनुमति के बाद विशाखापट्टनम के इंदिरा गांधी जूलॉजिकल पार्क से विभिन्न वन्य प्राणियों के जोड़े वन विहार आने वाले थे। बायसन, लकड़बग्घा, जंगली कुत्ते, भेड़िया और अन्य जंगली जानवरों के जोड़े विशाखापट्टनम से आने थे। जिनके बदले वन विहार से बाघ और तेंदुए का एक जोड़ा इंदिरा गांधी जूलॉजिकल पार्क भेजा जाना था। वन विहार से एसडीओ और पशु चिकित्सकों सहित अन्य लोगों की एक टीम विशाखापट्टनम के इंदिरा गांधी जूलॉजिकल पार्क गई थी। यहां जानवरों का चिकित्सीय परिक्षण करने के बाद अदला बदली पर सहमति दी गई।





# एआई ओलंपिक्स : रोबोट बने मुक्केबाज, पहलवान और धावक

**बीजिंग, जेएनएन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का एक अद्भुत नमूना चीन में देखने को मिला है। चीन ह्यूमनॉइड रोबोट्स का ओलंपिक करवा दिया। अपनी तरह के इस पहले अंतरराष्ट्रीय इवेंट में 16 देशों की 280 टीमों ने हिस्सा लिया। इस ओलंपिक में 500 से ज्यादा रोबोट शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक रोबोट्स गेम्स देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुट रहे थे। इस इवेंट के कई वीडियो भी सामने आ रहे हैं जिनमें देखा जा सकता है कि किस तरह से रोबोट फुटबॉल खेल रहे हैं। बॉक्सिंग रिंग में एक दूसरे पर अटैक करते हैं और रेसिंग ग्राउंड में भागते नजर आते हैं। चीन की राजधानी बीजींग में यह इवेंट गुरुवार को शुरू हुआ था। चार दिन चला वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स रविवार को खत्म हो गया है। पांच-पांच की टीम वाले फुटबॉल में चीन के शिंगुआ हेफेस्टस् रोबोट्स ने जीत हासिल की।

## कई खेलों का हुआ आयोजन

इस अंतरराष्ट्रीय रोबोट ओलंपिक में 100 मीटर, 400 मीटर और 1500 मीटर रेस, स्टैंडिंग लॉन्ग जंप, जिमनास्टिक, फुटबॉल, नृत्य, वुशु,बॉक्सिंग को शामिल किया गया था। विश्व ह्यूमनॉइड गेम्स का उद्देश्य एआई और रोबोटिक्स की प्रगति को दुनिया के सामने पेश करना है। इन गेम्स में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका, जर्मनी, ब्राजीस समेत 16 देशों से टीमें आई थीं। चीन की यूनिट्री और फूरियर जैसी कंपनियां इस इवेंट में हिस्सा ले रही थीं। इस इवेंट की खास बात यह भी थी कि सफाई और दवाओं को छांटने जैसे कई कामों में रोबोट्स को ही लगाया गया था। 10 हजार की क्षमता वाला स्टेडियम भरा रहा इन गेम्स को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और करीब 10 हजार लोग वहां डटे रहे।





## मिस्टर रोबोट की हुई फिजियोथेरेपी

कई रोबोट प्लेयर 'चोटिल' भी हुए। इस दौरान फुटबॉल के मैदान पर कई रोबोट गिर भी गए। फुटबॉल, क्रिकेट जैसे किसी खेल में जब प्लेयर घायल होते हैं तो उनके इलाज और राहत के लिए तुरंत ही फिजियोथेरेपिस्ट ग्राउंड पर भेजे जाते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा यहां भी देखने को मिला, जब एक टेक्नीशियन रोबोट के गिरने पर पहुंचा। देखने से ऐसा लग रहा था कि जैसे मिस्टर रोबोट की फिजियोथेरेपी की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सूरत में तिजोरी काटकर 20 करोड़ के हीरे चोरी

**सूरत, जेएनएन।** गुजरात के सूरत में में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए डायमंड कंपनी की तिजोरी काटकर 20 करोड़ से ज्यादा के हीरे और नगदी चुरा लिए। इतना ही नहीं, चोर अपने साथ सीसीटीवी और डीवीआर भी ले गए। सोमवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही डीसीपी, एसीपी, सिटी क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। सीसीटीवी तोड़े और डीवीआर साथ ले गए तस्करों ने न केवल हीरे और नकदी चुराई, बल्कि चोरी का कोई सबूत न रहे। इसके लिए कारखाने के सभी सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ दिया और डीवीआर भी साथ ले गए। पुलिस कॉम्प्लेक्स और अन्य दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। 3 दिनों से बंद था। 15 अगस्त, जन्माष्टमी और इसके बाद रविवार के चलते कॉम्प्लेक्स और मार्केट तीन दिनों से बंद था।

### रेप के आरोप में शिवसेना विधायक पर मामला दर्ज

**बेंगलुरु, जेएनएन।** बेंगलुरु पुलिस ने उत्तर प्रदेश के विधायक भगवान शर्मा, उर्फ गुड्डू पंडित के खिलाफ एक महिला से बलात्कार के प्रयास और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायत के अनुसार, शर्मा 14 अगस्त को महिला और उसके बेटे को बेंगलुरु लाए थे। कथित तौर पर वह उन्हें शहर में कई जगहों पर ले गए और बाद में 16 अगस्त को चित्रदुर्ग ले गए। उत्तर प्रदेश लौटते समय, शर्मा ने हवाई अड्डे के पास एक ताज होटल में एक कमरा बुक किया। इसी होटल में विधायक ने कथित तौर पर महिला को यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।

### मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगी ममता बनर्जी



**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता एक बार फिर पीएम नरेंद्र मोदी के दूसरी बनाए रख सकती है। वह कोलकाता मेट्रो परियोजनाओं के उद्घाटन समारोह से नदारद रह सकती हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ममता बनर्जी को पत्र लिखकर इन कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया है लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 22 अगस्त के कार्यक्रम में मौजूद रहने की संभावना नहीं है। राज्य सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोलकाता मेट्रो की तीन परियोजनाओं का उद्घाटन पीएम मोदी करने वाले हैं। लंबे समय से सीएम ममता बनर्जी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नहीं दिखी हैं। ममता बनर्जी की तरफ से दावा किया गया है कि उन्होंने रेल मंत्री रहते हुए इन मेट्रो परियोजनाओं की योजना बनाई थी।

### उड़ते विमान के इंजन में लगी आग, टला बड़ा हादसा



**बर्लिन, जेएनएन।** जर्मनी में हवा में उड़ते विमान में आग लग जाने से हड़कंप मच गया। इस विमान में 273 यात्री और आठ क्रू मेंबर सवार थे। शनिवार रात इस विमान ने ग्रीस के कॉर्फू से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ ही पलों के भीतर ही विमान के दाहिने इंजन से आग की लपटें दिखाई देने लगीं। इसके बाद बोइंग 757-300 एयरक्राफ्ट को इटली के ब्रिंडिसी में उतारना पड़ा। यह सारा वाकया विमान के उड़ान भरने के एक घंटे बाद हुआ। घटना का बेहद डरावना वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। इसमें 18 सेकंड की एक क्लिप है, जिसमें विमान के दाहिनी हिस्से से चिंगारी निकलती दिखाई दे रही है।

# गौवंश के मांस से लदा आटो पकड़ा गया बजरंग दल ने तीन घंटे किया चक्काजाम

- आटो में रखा था 14 क्विंटल मांस, गौवंश के 6 सिर मिले
- डेयरी संचालक और उसका बेटा गिरफ्तार, भेजा जेल
- कम्मू का बाग, ऐशबाग इलाके की घटना

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गौवंश के मांस से लदे एक लोडिंग आटो को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पकड़ा है। आटो में 14 क्विंटल गौवंश का मांस रखा था, जिसमें गौवंश के 6 सिर थे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने 80 फीट रोड पर तीन घंटे तक प्रदर्शन कर चक्काजाम कर दिया। इससे यातायात बाधित रहा। कई लोगों की ट्रेन छूट गई। मामले में ऐशबाग पुलिस ने डेयरी संचालक और उसके बेटे के खिलाफ गौवंश वध अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बाद में जेल भेज दिया है। बजरंग दल के विभाग संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत ने बताया कि सोमवार सुबह करीब सात बजे सूचना मिली थी कि लाल रंग के आटो में गौवंश का मांस लेकर कुछ लोग जा रहे हैं। मांस को पीली पन्नी से ढंक कर रखा है। किसी पूर्व पार्षद के बेटे का नाम सामने आ रहा था। आठ बजे कार्यकर्ताओं ने पटेल नगर के पास लाल रंग के लोडिंग आटो को रोक लिया। आटो में एक पुलिसकर्मी भी सवार था। जबकि दो पुलिसकर्मी आटो के आगे-पीछे बाइक से चल रहे थे। जब पुलिसकर्मियों से पूछा कि कहां जा रहे हो और आटो में क्या है, तो उन्होंने बताया कि इसे पीएम के लिए ले जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने अपने सामने गौवंश को पीएम के लिए भिजवाया। अभिजीत का कहना है कि आटो में 14 क्विंटल गौवंश का मांस था। गौवंश के 6 सिर रखे थे।



### डेयरी हटाई जाए, अवैध निर्माण तोड़ा जाए

इसके बाद करीब 100 से अधिक बजरंग दल के कार्यकर्ता व अन्य हिंदू संगठन एकजुट हो गए। वह अस्सी फीट रोड पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एसीपी व तीन थानों के थाना प्रभारी मौके पर मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं की मांग थी कि डेयरी संचालक जब्बार काफी दिनों से गौवंश का मांस बेच रहा है। उसकी डेयरी हटाई जाए और उसके अवैध निर्माण को तोड़ा जाए।

### तीन घंटे तक किया प्रदर्शन

कार्यकर्ताओं ने करीब तीन घंटे तक रोड पर प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद वे शांत हुए। इधर, ऐशबाग थाना प्रभारी वीबीएस सेंगर ने बताया सूचना मिलने पर पुलिस ने गौवंश का मांस बरामद कर लिया था। दो गौवंश के सिर मिले। इस मामले में डेयरी संचालक जब्बार कसाई और उसके बेटे रूसी के खिलाफ गौवंश वध अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की जांच जारी है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत

**जागरण,भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत हो गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 19 वर्षीय विकास राय पुत्र धनीराम दोपहर के वक्त अपनी स्कूटी से सतलापुर मंडीदीप से बंगरसिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तत्काल उसे एम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## वृदावन ढाबे में परोसे गए सलाद में मिली जिंदा इल्ली

**भोपाल।** नर्मदापुरम रोड के वृदावन ढाबा में परोसे गए सलाद में जिंदा इल्ली मिली। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मध्य भारत प्रांत के रोजगार सृजन प्रमुख अर्जुन कुशवाह ने इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा अधिकारी को की। इस पर तत्काल खाद्य सुरक्षा अमले ने ढाबा पर जाकर सलाद, मिक्सवेज, दाल, आटा, सेव-टमाटर के सैंपल लिए। कुशवाह ने बताया कि वे कुछ दोस्तों के साथ रविवार रात करीब 10 बजे भोजन करने गए थे। जैसे ही सलाद परोसा गया तो खीरा व टमाटर में जिंदा इल्ली रेंगती हुई दिखी। जब ढाबा के मैनेजर को शिकायत की तो उन्होंने यह कहकर बात टाल दी कि सर दूसरा सलाद मंगवा देते हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से खाद्य सुरक्षा अधिकारी को शिकायत की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि वृदावन ढाबा पर ईल्ली मिलने की शिकायत पर सैंपल लेकर जांच के लिए लेब में भेज दिए हैं।

**बिहार में राहुल-तेजस्वी की वोटर अधिकार यात्रा**

# एसआईआर का मतलब नए तरीके से चोरी करना: राहुल



**गयाजी, जेएनएन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि केंद्र और बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर 'वोट चोरी' के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान गयाजी में एक सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि एसआईआर के रूप में विशेष पैकेज लेकर आया है। निर्वाचन आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है, लेकिन जनता इस आयोग से हलफनामा मांगेगी, क्योंकि जल्द उसकी चोरी पूरे देश में पकड़ी जाएगी। निर्वाचन आयोग यह कहता है कि एक सप्ताह के अंदर हलफनामा दो, जबकि जिम्मेदार वो हैं, चोरी उनकी पकड़ी गई। मुझे कहते हैं कि हलफनामा लाओ। निर्वाचन आयोग से मैं कहना चाहता हूं कि पूरा देश आपसे हलफनामा मांगेगा। हम हर राज्य, हर लोकसभा क्षेत्र, हर विधानसभा क्षेत्र में आपकी चोरी पकड़ेंगे और देश को दिखाएंगे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, जैसे मोदी जी बिहार के लिए विशेष पैकेज की बात करते हैं, वैसे ये बिहार के लिए नया विशेष पैकेज लाए हैं, उसका नाम एसआईआर है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि एसआईआर का मतलब नए तरीके से चोरी करना है।जनता का वोट चोरी किया जा रहा है, इसलिए यात्रा निकाली गई है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों पर भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया और कहा, एक बात समझ लें, एक दिन बिहार और दिल्ली में इंडिया गठबंधन की सरकार होगी, तो आप लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### औरंगाबाद के सूर्य मंदिर में की पूजा

इससे पहले सोमवार सुबह राहुल गांधी औरंगाबाद के देव पहुंचे। जहां सूर्य मंदिर में राहुल गांधी ने पूजा की। दंडवत द्वार से राहुल गांधी मंदिर के अंदर गए। गर्भ गृह में पहुंचे, हाथों में फूल लेकर संकल्प किया फिर पूजा की। भगवान के आगे माथा टेका। करीब 5 मिनट बाद गर्भ गृह से बाहर निकले तो ललाट पर तिलक, गले में माला और कंधे पर गुलाबी चुनरी थी।

## शुभांशु शुक्ला पर चर्चा के दौरान विपक्ष का हंगामा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर चर्चा के दौरान लोकसभा में विपक्ष के आचरण की आलोचना की। उन्होंन इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक बताया। रक्षा मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष जैसे विषयों को दलीय राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए। विपक्ष इस चर्चा में भाग ले सकता था और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए रचनात्मक सुझाव दे सकता था।वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर एक विशेष चर्चा आयोजित कर उन्हें सम्मानित करने वाला था।

### यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण: राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री ने एक्स पर कहा, आज लोकसभा में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, इसरो मिशन पायलट की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा और उसके बाद उनकी वापसी पर विशेष चर्चा के दौरान जिस तरह से विपक्ष ने सदन में हंगामा किया और सदन को चलने नहीं दिया, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पुतिन ने पीएम मोदी को फोन कर ट्रंप से हुई बातचीत की जानकारी दी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इसके साथ ही राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी शिखर वार्ता के बारे में जानकारी दी। पुतिन ने पीएम मोदी को फोन पर बताया कि अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ साथ हाई-प्रोफाइल मीटिंग हुई। राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बातचीत के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 15 अगस्त की देर रात अलास्का में मुलाकात की थी। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई थी।



### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को कहा धन्यवाद

प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल हैंडल एक्स पर लिखा, मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपनी हालिया बैठक के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि भारत ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं।

## चीनी विदेश मंत्री वांग यी की जयशंकर से मुलाकात



**नई दिल्ली, जेएनएन।** वैश्विक राजनीति में चल रही उठापटक के बीच के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत पहुंचे। अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान उन्होंने आज अपने समकक्ष डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। उनकी इस मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ अपनी बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, हमारे संबंधों में एक कठिन दौर देखने के बाद, दोनों देश अब आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इस प्रयास में हमें तीन पारस्परिक बातों-आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित को ध्यान में रखना चाहिए। मतभेद विवाद नहीं बनने चाहिए और न ही प्रतिस्पर्धा। इस दौरान उन्होंने चीनी विदेश मंत्री के भारत आने के लिए आभार व्यक्त किया।

## पतंजलि को मिला अंतरराष्ट्रीय स्तर का एईओ टीयर-2 प्रमाण-पत्र



**नई दिल्ली।** देश की आजादी के अमृत महोत्सव में भारत के घर-घर में विश्वास का प्रतीक बनी पतंजलि फूड्स लिमिटेड ने स्वदेशी इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। वर्ल्ड कस्टम्स ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूसीओ) और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय-भारतीय सीमा शुल्क ने पतंजलि को एईओ (आथोराइज्ड एकोनोमिक ऑपरेट्र) टीयर-2 प्रमाण पत्र प्रदान किया है। यह प्रमाण पत्र विश्वस्तरीय व्यापार में ईमानदारी, पारदर्शिता और सप्लाई चेन सुरक्षा के उच्चतम मानकों का प्रतीक है। भारत की सर्वोच्च कंपनियों में केवल गिनी-चुनी कंपनियों के पास ही यह दर्जा है, और एफएमसीजी सेक्टर में तो यह गौरवशाली प्रमाणपत्र केवल कुछ ही कंपनियों को प्राप्त है। अब इस सूची में पतंजलि का नाम स्वर्ण अक्षरों में जुड़ गया है। उल्लेखनीय है कि पतंजलि फूड्स को इस एईओ टीयर-2प्रमाणपत्र से कंपनी को ड्यूटी डिफर्ड पेमेंट, बैंक गारंटी से छूट, डायरेक्ट पोर्ट डिलीवरी और 24×7 क्लियरेंस सुविधा इत्यादि के साथ और कुल 28 प्रकार से अधिक अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक लाभ प्राप्त होंगे।

## प्रियंका ने शाहिद कपूर संग अपनी 16 साल पुरानी फिल्म को किया याद

आज हॉलीवुड में बड़ा नाम बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड की बेहतरीन अदाकाराओं में से एक रही हैं। हिंदी फिल्मों के साथ-साथ उन्होंने हॉलीवुड में भी दर्शकों का दिल खूब जीता है। प्रियंका को बॉलीवुड से दूर हुए काफी वक्त गुजर चुके हैं और अपने डायहार्ड फैन्स के लिए प्रियंका ने एक मजेदार पोस्ट किया है जो बॉलीवुड से जुड़ा है। अब इस पोस्ट को देखकर प्रियंका के फैन्स की बेचैनी और बढ़ती दिख रही है। प्रियंका चोपड़ा ने लेटेस्ट पोस्ट में साल 2009 में आई फिल्म कमीने की तस्वीर शेयर की है जिसमें उनके साथ शाहिद कपूर नजर आए थे। एक्ट्रेस ने इसी के साथ निर्देशक विशाल भारद्वाज को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने अपने किरदार स्वीटी भोपे और शाहिद कपूर के गुड्डू की झलकियां दिखाई हैं। प्रियंका ने इस फिल्म की अपनी कई तस्वीरें शेयर की हैं और बताया है कि कैसे उन्हें मियामी, फ्लोरिडा में फिल्म दोस्ताना (2008) की शूटिंग के दौरान उन्हें यह फिल्म ऑफर हुई थी। उन्होंने इस पोस्ट में विशाल भारद्वाज का भी जिक्र किया है और प्रियंका ने कहा है, मुझे याद है कि उन्होंने मुझे कहानी सुनाई थी और मैंने कहा था- ठीक है, इसमें लगभग 8 सीन हैं और उन्होंने कहा- हमारे इस पर काम करने से यह और भी बड़ा हो जाएगा। मेरा यकीन करो। और मैंने वाकई किया। उन्होंने वादा किया कि इस भूमिका में वह इसके बाद मेरे लिए कुछ अलग बनाएंगे। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मैं उनके साथ काम करने के लिए बस लालची थी।



**खतरा** अजीबो-गरीब जीव ने दी केरल में नए खतरे की दस्तक

# इंसानों के दिमाग को खा जाता है ब्रेन ईटिंग अमीबा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केरल में इन दिनों ब्रेन ईटिंग अमीबा से संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है। केरल के कुछ हिस्सों में एक नए खतरे ने दस्तक दे दी है। केरल की सरकार ने इसे लेकर चेतावनी जारी की है।

दरअसल हाल ही में इस खतरनाक जीव ने केरल के कोझिकोड में कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। इससे संक्रमित एक 9 साल की एक बच्ची की मौत भी हो गई है। जिले में स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस से सावधानी बरतने को कहा है। पीड़ित नौ साल की एक बच्ची की मौत के बाद सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया है। इस बीमारी के लिए एक अजीबोगरीब जीव जिम्मेदार है। जानकारी के मुताबिक बच्ची को शिकार बनाने के अलावा और भी कई मामले सामने आए हैं। दो मरीजों का कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने पुष्टि की है कि एक मरीज वेंटिलेटर पर है। स्थानीय चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लोगों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने की सलाह दी जा रही है।



### क्या है अमीबा जीव

अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस एक तरह का संक्रमण है जो अमीबा नाम के जीव के कुछ रोगाणु द्वारा फैलता है। यह जीव इंसानों के मस्तिष्क को प्रभावित करते हैं। चूंकि यह जीव पानी में पाए जाते हैं इसीलिए यह बीमारी आमतौर पर उन लोगों को प्रभावित करती है जो पानी के पूल या इस तरह के अन्य स्रोतों में तैराकी करते हैं।

### क्या है लक्षण?

अमीबा से संक्रमण होने पर लक्षण आमतौर पर संपर्क के पांच से दस दिनों के अंदर दिखाई देते हैं। लोगों को तेज सिरदर्द, बुखार, उल्टी, और रोशनी देखने में परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि तैराकी करने वाले लोगों को अगर बुखार की शिकायत हो तो उन्हें तुरंत डॉक्टर मिलना चाहिए।

### कैसे करें बचाव?

ब्रेन ईटिंग अमीबा से बचने का सबसे आसान तरीका है सावधानी बरतना। स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि लोगों को ठहरे हुए पानी में तैराकी से बचना चाहिए। स्विमिंग पूल और वाटर पार्क का पानी हमेशा क्लोरीन युक्त होना चाहिए। अगर आप तैराकी कर रहे हैं तो नाक पर क्लिप लगाना संक्रमण से बचा सकता है।

### कैसे फैलाता है बीमारी

विशेषज्ञों के अनुसार, यह अमीबा नाक के जरिए दिमाग में प्रवेश करता है। नाक से होते हुए यह दिमाग तक पहुंचता है और वहां संक्रमण फैला देता है। इसके कारण मरीज को तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी और रोशनी सहन न कर पाने जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। संक्रमण के पांच से दस दिनों के भीतर इसके लक्षण साफ दिखाई देने लगते हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इस बीमारी का मृत्यु दर बहुत अधिक है, इसलिए शुरुआती लक्षण दिखते ही तुरंत इलाज बेहद जरूरी है। हालांकि फिलहाल इसके मनुष्य से मनुष्य में नहीं फैलने के संकेत नहीं मिले हैं।

## उत्तराखंड में नेचुरलिस्ट ट्रेनिंग कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

**देहरादून।** उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद (टीडीबी) तथा ' पर्यटन एवं हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल' (टीएचएससी) के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को देहरादून स्थित मंथन हॉल, वन मुख्यालय में नेचुरलिस्ट ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह पंद्रह दिवसीय उन्नत स्तर का प्रशिक्षण राज्य के उन युवाओं, गाइड्स और प्रकृति प्रेमियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो पारिस्थितिकी, जैव विविधता संरक्षण और सूसटेनेबल यूरिज्म के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं।इस अवसर पर पर्यटन सचिव धीराज सिंह गर्ब्याल ने अपने संदेश में कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विभाग 17 अगस्त से चार प्रमुख प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर रहा है, जिनमें नेचुरलिस्ट ट्रेनिंग, टूर गाइड ट्रेनिंग, स्ट्रीट फूड उद्यमी प्रशिक्षण तथा एस्ट्रो टूर गाइड प्रशिक्षण शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के जरिए 2300 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ये सभी पहल न केवल राज्य के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा देंगे, बल्कि स्थानीय समुदायों को रोजगार और आत्मनिर्भरता से भी जोड़ेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तराखंड के सतत पर्यटन मॉडल को मजबूत करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित रखने और इसे पर्यटन के माध्यम से वैश्विक पहचान दिलाने के लिए इस प्रकार की पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# हमारी संस्कृति और सभ्यता की जड़ है संस्कृत




## संस्कृत दिवस पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

**जागरण, पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में दिनांक 19 अगस्त को संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृत संकल्प ज्ञान, संस्कृति और करियर की दिशा में विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी द्वारा मां वीणावादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति और सभ्यता की जड़ है। इसे सीखना मात्र भाषा का अध्ययन नहीं, बल्कि अपने गौरवशाली अतीत और भविष्य का आलोक पाना है। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि संस्कृत दिवस केवल परंपरा का उत्सव नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेने का अवसर है कि हम अपने ज्ञान, करियर और जीवन मूल्यों में संस्कृत को अंगीकार करें। संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के सह संयोजक डॉ. सतीश त्रिपाठी अपने उद्बोधन में संस्कृत की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ङ्क संस्कृत केवल भाषा ही नहीं, वरन् भारतीय ज्ञान परंपरा की आत्मा है। उन्होंने संस्कृत के शाश्वत स्वरूप को स्पष्ट करते हुए श्लोक उच्चारित किया ङ्क सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत उन्होंने कहा कि संस्कृत की यही भावना हमें सर्वजनहित और विश्वकल्याण का मार्ग दिखाती है। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राम मोहन तिवारी ने संस्कृत को विश्व की वैज्ञानिक भाषाओं में से एक बताते हुए कहा कि यह भाषा कंप्यूटर कोडिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में भी भविष्य की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित हो रही है। डॉ. शुभम पाठक (सह संयोजक, भारतीय ज्ञान परंपरा) ने संस्कृत को आधुनिक युग में करियर और अनुसंधान की दिशा में उपयोगी बताते हुए कहा कि ङ्क संस्कृत में निहित विज्ञान, गणित, खगोल, चिकित्सा और दर्शन आज भी नई राहें खोल रहे हैं। उन्होंने श्रोताओं को प्रेरित करते हुए श्लोक सुनाया विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम्। पात्रत्वात् धनमाप्नोति, धनात् धर्मं ततः सुखम् उन्होंने समझाया कि संस्कृत की विद्या ही सच्चे चरित्र और उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है। भारतीय ज्ञान परंपरा के संयोजक डॉ. सचिन गोयल ने बताया कि संस्कृत भाषा ज्ञान और संस्कृति को जोड़ने वाली सेतु है। उन्होंने बताया कि आज संस्कृत के अध्ययन से न केवल अध्यात्मिक चेतना का विस्तार होता है, बल्कि विभिन्न करियर अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सचिन गोयल ने सुंदर शैली में किया तथा अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. राम मोहन तिवारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. गुलाबधर, डॉ रचना गुप्ता, डॉ पियूषा शर्मा, डॉ वरदानी प्रजापति, श्री विपिन सिंह एवं अन्य प्राध्यापक के साथ साथ बड़ी मात्रा में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ससुराल में उत्पात के बाद युवक ने गुस्से में अपनी बाइक जलाई

**जागरण, टीकमगढ़।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने अपनी ही बाइक को आग के हवाले कर दिया। यह घटना गोल ढाबे के निकट टीकमगढ़ङ्कसागर मार्ग पर घटी। स्थानीय लोगों ने जब धधकती बाइक देखी तो तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही बाइक जलकर राख हो चुकी थी।

## यहां से हुई विवाद की जड़ पैदा

वही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छतरपुर जिले के मलगुवां निवासी महेंद्र लोधी दधिखाना महोत्सव में शामिल होने अपनी ससुराल ग्राम डूडा आया था। महोत्सव के दौरान उसने शराब का सेवन किया। शराब के नशे में होने के कारण घर में विवाद शुरू हो गया।

## परिजनों से हुई मारपीट

वही महेंद्र की पत्नी सविता लोधी और ससुर रतिराम लोधी ने जब उसे शराब पीने से मना किया, तो वह गुस्से में आ गया और घर में ही उत्पात मचाने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि उसने परिजनों से मारपीट तक कर दी।

## गुस्साए दामाद ने बाईक को किया आग के हवाले

वही झगड़े के बाद महेंद्र घर से निकलकर अपनी बाइक लेकर अमरपुर की ओर चला गया। रास्ते में पहुंचकर उसने गुस्से में आकर बाइक को सड़क किनारे पर खड़ा किया और उसमें आग लगा दी। देखते ही देखते बाइक लपटों में घिर गई और धू-धू कर जलने लगी। यह नजारा देखकर आसपास के लोग दहशत में आ गए।

## घटनाक्रम की जाएगी बारीकी से जांच

वही घटना की सूचना पर बड़ागांव थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच कर रही है।

# महिलाओं द्वारा किया गया ध्वजारोहण एवं पौधरोपण

**जागरण, पन्ना।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुराना पन्ना स्थित जगन्नाथ सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र में संकुल स्तरीय संगठन की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा ध्वजारोहण एवं पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल की अलग-अलग ग्राम की महिला सदस्य सहित आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला, जिला प्रबंधक अमित पाण्डेय, ब्लॉक प्रबंधक विवेक कुमार मिश्र, सहायक विकासखण्ड प्रबंधक व सीटीसी प्रभारी मनीष पाण्डेय भी उपस्थित रहे।

# शहर की सफाई व्यवस्था पर सख्त हुए सीएमओ नालियों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**जागरण, टीकमगढ़।** मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान नालियों पर किए गए अतिक्रमण को लेकर शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि इन्हें शीघ्र हटाया जाए। साथ ही दुकानदारों को भी नालियों पर अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी गई। सीएमओ श्री भदौरिया ने वार्डों की साफ-सफाई और नालियों की नियमित सफाई कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि नगरपालिका का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना है, इसके लिए नागरिकों को भी सहयोग करना होगा।

## स्वच्छता हमारी प्रथम प्राथमिकता : सीएमओ

सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया का कहना है शहर की स्वच्छता और सुव्यवस्था हमारी पहली प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जो कमियां मिली हैं, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। दुकानदारों से भी अपील है कि वे नालियों पर अतिक्रमण न करें और नगरपालिका की टीम को सफाई व्यवस्था में सहयोग दें।

## सीएमओ की मैदानी भ्रमण लोगो ने की प्रशंसा

स्थानीय नागरिकों ने निरीक्षण का स्वागत करते हुए कहा कि नगरपालिका अधिकारी का मैदानी भ्रमण सराहनीय पहल है। नागरिकों ने बताया कि कई जगह नालियों की सफाई समय पर नहीं हो पाती, जिससे बरसात के दिनों में गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है। लोगों ने अपेक्षा जताई कि अगर इसी तरह नियमित निरीक्षण होते रहे तो शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार जरूर होगा।

# नशा करना हमारे लिए और परिवार के लिए अभिशाप : टीआई

**जागरण, टीकमगढ़/जतारा।** थाना परिसर जतारा में मंगलवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीण अंचलों से आए आदिवासी समाज के लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी रविभूषण पाठक ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए सभी को नशा छोड़ने और बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश दिया। थाना प्रभारी रविभूषण पाठक ने कहा कि नशा चाहे शराब का हो, बीड़ी-सिगरेट या तंबाकू का, यह किसी भी रूप में जीवन और परिवार के लिए घातक है। नशा धीरे-धीरे शरीर को खोखला करता है, मानसिक शांति छीनता है और आर्थिक तंगी का कारण बनता है। इसके चलते परिवार की खुशियाँ भी प्रभावित होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई-लिखाई की ओर प्रेरित करना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। ङ्कयदि आपके बच्चे शिक्षा प्राप्त करेंगे तो समाज और गांव का नाम रोशन करेंगे। जैसे कीचड़ में खिलने वाला कमल अपनी सुंदरता और सुगंध से वातावरण को महकाता है, वैसे ही आपके बच्चे भविष्य में इतिहास रच सकते हैं। पाठक ने यह भी कहा कि नशा इंसान के जीवन के लिए जहर है, इसलिए इसे पूरी तरह त्यागना जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन-प्रशासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को सुधारें और नशे जैसी बुराइयों से हमेशा दूर रहें। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से नशा छोड़ने की शपथ ली और संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करेंगे।

# उप स्वास्थ्य केंद्र बोरी पर ताला, ग्रामीणों में आक्रोश



**जागरण, पन्ना।** शाहनगर स्वास्थ्य केंद्र के बोरी ग्राम का उप स्वास्थ्य केंद्र मे पिछले 15 अगस्त से लगातार ताला बंद है। स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मी महीनों से केंद्र पर ताला लटकाए हुए हैं, जिससे इलाज के लिए मरीजों को दूर-दराज जाना पड़ रहा है। जिसकी बजह से मज़बूरी मे लोगो को झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करवाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र के न खुलने से बीमार मरीजों, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में लोग प्राइवेट क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को विवश हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार इस समस्या की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उप स्वास्थ्य केंद्र को नियमित रूप से नहीं खोला गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करेंगे। सरकार द्वारा भले ही लोगो के स्वास्थ्य के लिए करोडो रूपये खर्च कर ग्रामीण क्षेत्रो मे उपस्वास्थ केंन्द्रो का निर्माण कार्य करवा दिया हो परन्तु वहां पर पदस्थ लापरवाह कर्मचारीयों कि बजह से लोगो को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस ओर जिम्मेदारो कि भी लापरवाही का ही नतीजा है।

# अब आस्था पर भी प्रशासन का बैरिकेड, श्रीजुगल किशोर मंदिर में परिक्रमा बाधित, मंदिर कमेटी औचित्यहीन

## कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित ने जताया कड़ा विरोध



**जागरण, पन्ना।** नगर का ऐतिहासिक व जन-जन की आस्था का केंद्र श्री जुगल किशोर मंदिर जिला प्रशासन की मनमानी का शिकार हो गया है। मंदिर के अंदर प्रशासन द्वारा लगाए गए स्थाई स्टील बैरिकेड्स से श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी परंपराएं बाधित हो गई हैं। न तो भक्त भगवान की परिक्रमा कर पा रहे हैं और न ही सीधे तौर पर प्रसाद अर्पित कर पा रहे हैं। यहां तक कि दर्शन के के लिए भी भक्तों को कई तरह की परेशानियों से जूझना पड़ा। इस पर कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा आस्था पर बैरिकेड बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार जन्माष्टमी पर्व पर मंदिर परिसर खाली पड़ा रहा जबकि बाहर सड़कों पर श्रद्धालु अव्यवस्था और धक्का-मुक्की में परेशान रहे। कई महिलाएं भीड़ में गिरकर चोटिल हो गईं और भक्त भगवान के जन्मोत्सव के क्षण में भी अपने आराध्य के दर्शन से वंचित रह गए।

## वर्षो पुरानी रही अनूठी परंपरा

श्री दीक्षित ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने मंदिर की दीवारों व फर्श में छेद कर इसके पुरातात्विक स्वरूप के साथ खिलवाड़ किया है। दरबार हाल के बीचों-बीच बैरिकेड लगाकर उसे दो हिस्सों में बांट दिया गया है, जो न केवल अवैज्ञानिक है बल्कि श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला कदम भी है। उन्होंने बताया कि संवत 1813 में निर्मित यह मंदिर बुंदेली स्थापत्य का अनुपम उदाहरण है, जिसकी विशेषता भगवान की परिक्रमा करने की अनूठी परंपरा रही है।


दबाव में काम कर रही मंदिर समिति - कांग्रेस नेता श्रीकान्त दीक्षित ने सीधे तौर पर श्री जुगल किशोर जी मंदिर समिति को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मंदिर के अंदर वर्षों पुराने मौजिक फर्शको क्षति पहुंचाते हुए बैरिकेट लगा दिये गये, परंतु आखिर ऐसी कौन सी वजह है कि मंदिर समिति ने किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं की। मंदिर समिति की यह कार्य प्रणाली कहीं न कहीं इस बात की ओर इंगित करती है कि उक्त समिति प्रशासनिक दबाव में काम कर रही है और समिति में शामिल सदस्यों की निष्क्रियता उनकी कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर रही है।

## ऐतिहासिक जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा प्रशासनिक उपेक्षा

उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार पन्ना की ऐतिहासिक जगन्नाथ स्वामी जी की रथयात्रा प्रशासनिक उपेक्षा के चलते समाप्ति की कगार पर है, उसी तरह अब जुगल किशोर मंदिर की परंपराएं भी खतरे में हैं। कांग्रेस नेता ने मांग की है कि मंदिर के अंदर लगे स्थाई बैरिकेड्स को तत्काल हटाया जाए। मंदिर की दीवारों और फर्श पर किए गए छेदों को भरकर मूल स्वरूप बहाल किया जाए। श्रद्धालुओं को बिना किसी बाधा के दर्शन, परिक्रमा और प्रसाद अर्पण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो इसे जनता की आस्था से खिलवाड़ मानते हुए सभी को दलगत राजनीति से हटकर एकसाथ आकर आन्दोलन शुरू करना चाहिए।

# खजुराहो के विकास के लिए सांसद ने लोकसभा में उठाए प्रश्न

**जागरण, पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा व वर्तमान सांसद के द्वारा खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र की सडक परियोजनाओं के लिए वन मंत्री तथा भारतीय कृषि अनुशंधान परिषद की जिम्मेदारियों से संबंधित कृषि मंत्री से सवाल किये गए। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने क्षेत्र की समस्याओं को राज्य स्तर से लेकर केन्द्र स्तर तक समस्याओं के निराकरण एवं क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयत्न कर इसका लाभ भी क्षेत्र को मिल रहा है। अभी हाल ही में सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने दिनांक 18 अगस्त् को क्षेत्र की सडक परियोजनाओं के लिए वन स्वीकृतिके संबंध में एवं दिनांक 19 अगस्त को भारतीय कृषि अनुशंधान परिषद (आईसीएआर) की जिम्मेदारियों से संबंधित लोकसभा में महत्वपूर्ण सवाल किये । सांसद के प्रश्नों के उत्तर में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सडक परियोजनाओं के लिए वन स्वीकृति के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि मडला-हरसा-बगौंहा सडक के लिए वन भूमि के उपयोग से संबंधित म.प्र. राज्य में संबंधित प्रस्ताव राज्य वन विभाग को प्राप्त नहीं हुआ है साथ ही अजयपार सडक के निर्माण के संबंध में राज्य सरकार द्वारा वन्य-जीव संबंधी स्वीकृति प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की स्थाई समिति के विचारार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है इसके अलावा राष्ट्रीय राज मार्ग एवं ऊंची सडक बनाये जाने हेतु भी राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की विभिन्न प्रक्रियाओं के पालन पश्चा्त शीध्र निराकरण का आश्वाशन दिया गया है।



सांसद विष्णु दत्त शर्मा द्वारा कृषि एवं किसान कल्यानण विभाग के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुशंधान परिषद (आईसीएआर) की जिम्मेदारियों के अंतर्गत पशुपालन, कृषि चिकित्सा विज्ञान, डेयरी, मत्स्य पालन, पक्षी विज्ञान आदि प्राकृतिक संशाधनों के प्रबंधन की जिम्मोदारी के संबंध में तथा कृषि और इससे संबंधित वैज्ञानिक विषयों में उच्च शिक्षा को विनियमित करने और बढावा देने के लिए स्वतंत्र सामुहिक निकाय अथवा समर्पित एजेंसी स्थापित करने के सरकार के प्रस्तव के संबंध में प्रश्न किया।जिसके उत्तर में केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्यण मंत्री शिवराज सिंह ने अपने उत्तर में बताया कि भारतीय कृषि अनुशंधान परिषद (आईसीएआर) एक स्वा यत्य निकाय है जिसका अधिदेश टिकाऊ कृषि के लिए योजना तैयार करना, योजना को प्रारंभ और उसका समन्व य करना, अनुशंधान एवं प्रोद्योगिकी विकास को प्रोत्साहित करना, गुणवत्ताआ पूर्ण मानव संसाधन विकास को समर्थ बनाने हेतु शिक्षा देना तथा समन्वय करना एवं कृषि आधारित ग्रामीण विकास के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने शिक्षा एवं विस्तार के क्षेत्र में नीति तैयार करने एवं परामर्शी सेवा प्रदान करना प्रमुख कार्य हैं। आइसीएआर एक 113 अनुसंधानों का नेटवर्क है जो कृषि से संबंधित 08 विषय वस्तु विभागों पर कार्य करता है। इस तरह से सांसद द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर में केन्द्री य मंत्रियों द्वारा सभी सकारात्मक उत्तर दिये गये, जिसके लिए सांसद द्वारा सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जिले को मिले 16 नवीन डायल 112 वाहन सेवाएँ होंगी और अधिक सशक्त व त्वरित

## इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जागरण, पन्ना।** जिलेवासियों की सुरक्षा एवं त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करने हेतु पन्ना पुलिस को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई. कृष्ण एस. थोटा के सतत प्रयासों एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के सहयोग से जिले को कुल 16 नवीन एफआरवी (डायलङ्क112) वाहन प्राप्त हुए हैं। अब नागरिकों को पुलिस सहायता हेतु पहले के डायल-100 की जगह डायल-112 नंबर का उपयोग करना होगा। डायल-112 राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा है, जिसमें पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, आपदा प्रबंधन और अन्य आपातकालीन एजेंसियाँ एकीकृत रूप से शामिल हैं। इससे आपात परिस्थितियों में सहायता और प्रतिक्रिया अधिक त्वरित, समन्वित और प्रभावी होगी। अब इन नए वाहनों के जुड़ने से जिले में पुलिस की प्रतिक्रिया समय में सुधार होगा तथा सड़क दुर्घटनाओं, अपराध की सूचनाओं, आगजनी, महिला सुरक्षा संबंधी घटनाओं एवं अन्य आकस्मिक परिस्थितियों में नागरिको को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी। प्राप्त नवीन डायल 112 वाहनों के लोकार्पण अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा विधिवत पूजाङ्कअर्चना कर सभी गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान, रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कंवर, यातायात थाना प्रभारी श्रीमती नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक पन्ना ने नवीन वाहनों का निरीक्षण किया तथा जनता को त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के संकल्प को दोहराया।

**वाहनों की प्रमुख तकनीकी सुविधाएँ:** ट्रैकिंग सिस्टम कंट्रोल रूम से वाहनों की रियल-टाइम लोकेशन मॉनिटरिंग। वायरलेस और संचार उपकरण ङ्क तुरंत संवाद एवं सूचना साझा करने में सहायक। प्राथमिक उपचार किट दुर्घटनाओं व आपात स्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता। सायरन एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम ङ्क भीड़ नियंत्रण व त्वरित प्रतिक्रिया हेतु। उच्च गति व सुरक्षित डिजाइन ङ्क घटनास्थल तक समय पर पहुँचने में सक्षम। सुरक्षा उपकरण ङ्क अपराधियों पर नज़र रखने एवं गिरफ्तारी में सहयोगी। इन सुविधाओं से न केवल पुलिस बल की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि गोल्डन आवर में नागरिकों को आवश्यक सहयोग शीघ्र मिल सकेगा।

## पुलिस अधीक्षक पन्ना का संदेश

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना ने जिले की जनता से अपील की कि अब जिलेवासी किसी भी आपातकालीन स्थिति में डायल-112 का उपयोग करें। पुलिस का प्रत्येक वाहन हर समय तत्पर है। नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिक आकस्मिक परिस्थितियों में तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें और पुलिस को अपना सहयोग प्रदान करें।

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विश्व बंधुत्व दिवस के दिन पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस कर्मचारियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**जागरण, पन्ना।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पन्ना पुलिस तथा विश्व बन्धुत्व दिवस एवं राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि के पावन अवसर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पन्ना के सहयोग से पुलिस द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा एवं पुलिस टीम के इस मानवीय प्रयास हेतु प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पन्ना से उपस्थित अमित कुमार गुप्ता एवं सीताराम दुबे द्वारा प्रशंसा की गई । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा कहा गया कि ङ्क स्वतंत्रता दिवस हमें देशसेवा और बलिदान का संदेश देता है, वहीं विश्व बन्धुत्व दिवस हमें मानवता और भाईचारे का मार्ग दिखाता है। रक्तदान एक ऐसा अमूल्य दान है, जो किसी जरूरतमंद को नई जिंदगी प्रदान करता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा,उनि. रतीराम प्रजापति,उनि. अभिषेक भास्कर, प्र.आर. संतोष तोमर, खेमचन्द राय, गुलाम मोहम्मद, आर. बृजगोपाल बागरी, रमेश पटेल, रामप्रताप राजपूत एवं सुजीत यादव द्वारा स्वेच्छिक रक्तदान किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पन्ना से उपस्थित अमित कुमार गुप्ता एवं सीताराम दुबे द्वारा कहा गया कि पन्ना पुलिस के इस सामूहिक रक्तदान ने न केवल जरूरतमंदों को जीवनदान देने की राह खोली, बल्कि समाज को यह प्रेरणा भी दी कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं और रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। विश्व बन्धुत्व दिवस और दादी प्रकाशमणि जी की पुण्यतिथि पर किया गया यह सेवा कार्य पूरे जिले में भाईचारे, एकता और करुणा का संदेश देने वाला है।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर शिविर का आयोजन

**जागरण, पवई।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई मे तहसील अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोम पांडेय की उपस्थित मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे संस्था के छात्र छात्राओं को यातायात नियम, घरेलू हिंसा,मोटर दुर्घटना,व्यवहारिक एवं अपराधिक प्रकरणों के संबंध विस्तार से जानकारी दी गई न्यायाधीश ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत शासकीय विभाग से जानकारी लेने का प्रावधान है यदि समय पर आपको जानकर उपलब्ध नही कराई जाती उसकी शिकायत संबंधित संस्था के वरिष्ठ अधिकारियों से कर सकते है शिविर में प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी आशीष त्रिपाठी छात्र छात्राए उपस्थित रही।




# निगमायुक्त ने अस्थाई गौशाला का किया निरीक्षण

**जागरण, कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने मंगलवार को स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी के साथ नगर निगम द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल के आगे निर्माणाधीन अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान निगमायुक्त ने गौशाला में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कर पशुओं के लिए चारा, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गौशाला परिसर की स्वच्छता व्यवस्था नियमित रूप से बनाए रखने के साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से उचित प्रबंध करने तथा गौशाला परिसर के रखरखाव को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि नागरिकों को सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराने सहित नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से सार्वजनिक मार्गों में आवारा रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशाला एवं कांजी हाउस में भेजने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर के अन्य स्थलों के आवारा मवेशियों को क्षेत्रीय स्थलों में रखने के उद्देश्य से अस्थाई गौशाला की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने की कार्यवाही की जा रही है।

# नवागत निगमायुक्त का दो टूकः शहर में निर्बाध जल आपूर्ति शहर की सफाई व्यवस्था को करें चाक चौबंद

## नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने की नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा

**जागरण, बैढ़न**



नगर पालिक निगम सिंगरौली की नवागत आयुक्त सविता प्रधान ने कार्यपालन यंत्री सहित सहायक एवं उपयंत्रियो की बैठक आयोजित कर नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो पेय जल आपूर्ति पीएमजेवाई की विस्तार से समीक्षा की। निगमायुक्त ने सर्व प्रथम नगरीय क्षेत्र मे चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुयें संबंधित जोनो के सहायक एवं उपयंत्रियो के निर्माण कार्यो को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरे हों इसकी जिम्मेदारी आप सब पर होगी। निर्माण कार्यो के में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। निगमायुक्त श्रीमती प्रधान ने शहर में पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली। तथा निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र में निवासरत प्रत्येक परिवार को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करे। उन्होने नगरीय क्षेत्र में पेयजल की आपूर्तिए वितरण प्रणाली और गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। साथ ही पानी की बर्बादी को कम करने और जलापूर्ति प्रणाली में दक्षता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने निर्देश दिए कि शहर के सभी निवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराये। बैठक मे निगमयुक्त ने नगरीय क्षेत्र के साफ सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्र के साफ सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। नगर प्रमुख स्थलो सहित वार्डो की साफ सफाई व्यवस्था बेहतर रहे इसकी लगतार मानीटरिंग किया जाये। उन्होने कहा कि मेरे द्वारा भी अपने औचक निरीक्षण के दौरान शहर के साफसफाई व्यवस्था की जॉच की जायेगी। निगमायुक्त कहा कि यह सुनिश्चित करे कचरा संग्रहण करने वाले वाहन समय पर वार्डो में पहुचे ताकि आम जन मानस अपने घरो से निकलने वाले कचरे कचरा वाहनो मे। उन्होने कहा कि प्रायः समस्या आती है कि कचरा वाहनो के समय पर नही पहुचने पर आम लोगो के द्वारा कचरे को कही पर भी फेक दिया जाता है। इसलिए इसकी भी मानीटरिंग किया जाये कि कचरा वाहन निर्धारित समय पर पहुचे। उन्होने प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा करते हुयें संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री उपयंत्री तथा वार्ड प्रभारियों को निर्देश दिए कि ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा आवास की राशि प्राप्त करने के बावजूद भी आवास का निर्माण कार्य नही कराया जा रहा है उनको आवास निर्माण के लिए समझाइश देने के साथ ही उन्हे अवगत कराये कि आवास का निर्माण नही करने पर जारी की गई राशि को आपके चल अचल सम्पत्ति को कुर्क कर वसूल करने की कार्यवाही की जायेगी। बैठक के अंत में निगमायुक्त ने सभी सहायक यंत्रियो एवं उपयंत्रियो को निर्देश दिए कि सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतो का शिकायतकर्ता से समन्वय बनाकर उन्हे बंद करने की कार्यवाही करे। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री प्रदीप चड़ार सहायक आयुक्त एच.एम श्रीवास्तव सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय एस.एन द्विवेदी प्रवीण गोस्वामी दिनेश तिवारी अभय राज सिंह डी.के सिंह आलोक टीरू उपंयत्री शिवानी गर्ग विशाल खत्री उपस्थित रहे।

# सराफा व्यापार मंडल ने कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शहर प्रवीण सिंह चौहान का किया सम्मान



**जागरण, बैढ़न ।** आज सराफा व्यापार मंडल सोनी कटरा बैढ़न के द्वारा कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शहर प्रवीण सिंह चौहान का स्वागत सम्मान समारोह रखा गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री संतोष सोनी पुनवासी ने बताया कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत सोनी समाज द्वारा कटरा में आयोजित किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष का फूल माला से मुंह मीठा करा कर उनका सम्मान किया गया उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता लखनलाल शाह भी मौजूद रहे संतोष सोनी ने बताया कि स्वागत समारोह के बाद सोनी समाज ने अध्यक्ष से अपनी कई समस्याएं व जनहित कार्य से अवगत कराया व्यापारियों ने मुख्य रूप से शहर में ऑटो चालकों द्वारा मनमाने ढंग से बीच रोड में ऑटो खड़ा करके ट्रैफिक का उल्लंघन करते हैं अंबेडकर चौक बस स्टैंड में मेन गेट के सामने काली मंदिर रोड से अक्सर जाम लगा रहता है आने जाने वालों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है कभी.कभी तो ऑटो वाले लड़ने झगड़ने लगते हैं वह अन्य बातें राजा जी के सामने रखी गई जिसको लेकर जिला अध्यक्ष ने तत्काल अधिकारियों से फोन पर वार्तालाप किया वह अधिकारियों ने आश्वासन दिया है समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा जिला अध्यक्ष ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि आपकी हर एक समस्या तकलीफके साथ हम खड़े रहेंगे जहां भी मेरी जरूरत पड़ेगी आपके एक आवाज पे हम आपके साथ रहेंगे 2 बजे रात जरुरत पड़े हम आपके साथ कंधे से कंधे मिलाकर आपके लिए लड़ेंगे कार्यक्रम का संचालन संजय सोनी ने किया उन्होंने अतिथियों का स्वागत व मुँह मीठा कराया कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सोनी समाज के वरिष्ठ अंजनी सोनी मोहन सोनी रतन सोनी सूरज सोनी सीनियर सूरज सोनी जूनियर बाके लाल सोनी शुभम सोनी विन्नी सुभाष सोनी अनिल सोनी अविनाश सिकंदर सोनी नीरज सोनी प्रेम सोनी मदन सोनी जमुना सोनी रिंकू सोनी सचिन सोनी सुखदेव सुरेश सोनी बाबू भाई गुलाम भाई व अन्य समाज के साथी मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष सोनी पुनवासी ने किया वह संचालन संजय सोनी के द्वारा किया गया।

# जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने पार्षद दल के साथ नवागत कमिश्नर से किया मुलाकात

**जागरण, बैढ़न ।** आज जिला कांग्रेस कमेटी शहर सिंगरौली के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने आज नगर पालिक निगम सिंगरौली में कांग्रेस पार्षद दल तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ सौजन्य मुलाकात कर प्रमुख मुद्दों पर चर्चा किया गया । शहर अध्यक्ष श्री चौहान ने नगर निगम अंतर्गत बाई पास सड़क बनाने रात्रि में सड़कों पर गोवंश के विचरण करने तथा उनके पुर्नावास की व्यवस्था कराने तथा सदन में कांग्रेस पार्टी के पार्षदों के साथ भेदभाव करने तथा विकाश कार्यों में सत्ता दल के पार्षदों के वार्डो में ज्यादा निर्माण कार्यों को दबाव में करवाए जाने पर रोक लगाकर समानता के आधार पर विकाश कार्यों को प्राथमिकता से करवाए जाने सड़कों के गड्ढों को दुरुस्त करवाने तथा साफसफाई में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर तत्काल साफसफाई करवाने हेतु बिंदुवार चर्चा किए । उक्त अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला कांग्रेस सेवादल सिंगरौली के अध्यक्ष रूपेश चन्द्र पाण्डेय जिला पिछड़ा वर्ग विभाग के



अध्यक्ष सुदामा कुशवाहा मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग विभाग के महामंत्री लखनलाल शाह शामिल रहे । वहीं नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त से औपचारिक मुलाकात नगर पालिक निगम सिंगरौली के कांग्रेस पार्षद तथा पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी शेखर सिंह ने सभी पार्षदों कांग्रेस नेताओं का परिचय क्रमवार तरीके से करवाया। उक्त मौके पर पार्षद रामगोपाल पाल प्रेमसागर मिश्रा परमेश्वर पटेल चंद्रिका वर्मा रविन्द्र सिंह सहित कई अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे ।

# बैगा बस्ती जयंत में मिशन शक्ति अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**जागरण, बैढ़न ।** बैगा बस्ती जयंत में कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ल तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र गुप्ता के निर्देशन में मिशन शक्ति हब अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में महिलाओं तथा बालिकाओं को पोषण तथा स्वास्थ्य शिक्षा तनाव प्रबंधन कौशल विकास साइबर सुरक्षा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्रीमती मीनाक्षी शुक्ला प्रभारी मिशन समन्वयक हब हार्टफुलनेस फाउंडेशन से श्रीमती रेवती श्रीमती मंजू सिंह बालिका गृह सुश्री अंशिका खरे ओएसई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू सिंह सहायिका संजू सिंह तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था व्यायाम और ध्यान के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया।

# यूरिया खाद पाने समिति में जुटे किसान



**जागरण, निवास ।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति निवास में यूरिया खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जानकारी के अनुसार समिति में करीब 600 बोरी यूरिया खाद की आपूर्ति हुई है जिसे लेने के लिए निवास कटई पापल जोवा बेलगांव धनवाही कुचबही निगरी सहित आसपास के गांवों के किसान सुबह से ही पंक्ति में खड़े हो गए। समिति से सिर्फ उन्हीं किसानों को खाद दी जा रही है जिनका परमिट बना हुआ है जबकि नगद भुगतान पर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। इस बीच बाजारों में खुलेआम कालाबाजारी की जा रही है। किसान 266 रुपए की सरकारी दर वाली यूरिया खाद को 500 से 600 रुपए प्रति बोरी में खरीदने को मजबूर हैं। इसकी शिकायत सिंगरौली जिले के अधिकारियों तक भी पहुंची। जांच के लिए दल भेजा गया लेकिन तब तक अधिकांश खाद बिक चुकी थी। जांच टीम के लौटते ही बची हुई खाद भी महंगे दामों में बेच दी गई। किसानों का कहना है कि धान की फसल इस समय खाद की सबसे अधिक मांग करती है लेकिन उपलब्धता न होने के कारण वे मजबूरी में कालाबाजारी करने वाले व्यापारियों से ऊंचे दाम पर खाद खरीदने को विवश हैं। जिला कलेक्टर ने पूर्व में कहा था कि जिले में यूरिया खाद की कमी नहीं होगी परंतु हकीकत इससे अलग है। किसानों ने मांग की है कि समिति परमिट के साथ.साथ आधार कार्ड पर भी नगद बिक्री शुरू करे ताकि छोटे किसान व्यापारियों की लूट से बच सकें। समय रहते प्रशासन ने सख्त कदम नहीं उठाए तो किसान और अधिक परेशानियों का सामना करेंगे।

# एनटीपीसी ने सतर्कता जागरुकता 25 के लिए तीन महीने के अभियान की शुरुआत

**जागरण, विंध्यनगर/सिंगरौली ।** एनटीपीसी लिमिटेड ने स्कोप कॉम्प्लेक्स नई दिल्ली में अपने तीन महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्घाटन मुख्य सतर्कता अधिकारी सीवीओ श्रीमती रश्मिता झा एनटीपीसी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न स्थानों के सतर्कता अधिकारियों की उपस्थिति में किया। सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर जोर देते हुए सीवीओ ने सभी सतर्कता अधिकारियों से केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। लंबित शिकायतों और मामलों का समय पर निपटान कर्मयोगी जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से क्षमता निर्माण प्रभावी परिसंपत्ति प्रबंधन और बेहतर पारदर्शिता के लिए डिजिटल पहल को मजबूत करना। उन्होंने व्यापक प्रभाव के लिए सभी हितधारकों . कर्मचारियों विक्रेताओं और जनता को शामिल करने और नाटकों क्विज़ वीडियो जिंगल और विक्रेता बैठकों के माध्यम से रचनात्मक पहुंच को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। पिछले वर्ष के अभियान की सफलता की सराहना करते हुए सीवीओ ने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के प्रयास एनटीपीसी की ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता को और बढ़ावा देंगे।



# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास : राकेश अरोड़ा

## सरस्वती विन्ध्यनगर में 36वॉ प्रान्तीय बैडमिण्टन टेबल टेनिस, शतरंज फुटबॉल एवं योग प्रतियोगिता का उद्घाटन



**जागरण, विंध्यनगर ।** स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास यह उद्गार व्यक्त किया एनटीपीसी विंध्याचल के महाप्रबन्धक मानव संसाधन राकेश अरोड़ा ने 36वें प्रान्तीय खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे ने तुलसी का पौधा प्रदान कर अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता बीवा क्लब एवं अम्बेडकर स्टेडियम में सम्पन्न होगी जिसमें सम्पूर्ण महाकोशल प्रान्त के 8 विभागों से कुल 269 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। जिला सचिव डा. सुशील सिंह चन्देल ने जहॉ प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत किया वहीं प्रान्तीय खेल प्रभारी संजय यादव ने खेल प्रतियोगिता की प्रस्तावना रखी। खेल प्रतियोगिता में प्रान्त से आए 15 निर्णायकों के अलावा एनटीपीसी विन्ध्याचल से श्रीमती कामना शर्मा उप महाप्रबन्धक मानव संसाधन व्यवसायी सत्यनारायण बंसल जिला केन्द्र बैढ़न के प्राचार्य अश्वनी कुमार सोनी प्रबन्ध समिति से सहव्यवस्थापिका श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग एवं गणमान्य अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम गुप्ता ने आभार व्यक्त किया।

# 13 सितम्बर को जिला एवं तहसील न्यायालयों में आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**छतरपुर ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशन में एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार 13 सितंबर 2025 को जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसके संबंध में मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उक्त लोक अदालत में क्लेम प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण किए जाने के लिए प्राईवेट बीमा कंपनियों के अधिवक्तागण के साथ ए.डी.आर. सेंटर छतरपुर में प्रि-सिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में हिमांशु गुप्ता द्वितीय जिला न्यायाधीश, व्ही.पी. सोलंकी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं वीरेन्द्र चढार जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं अधवक्तागण मनोज व्यास, आर.के. गुप्ता, सत्यम स्वर्णकार, सागर स्वरूप रावत एवं एस.एस. नायक उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वि.प्र. सोलंकी द्वारा जानकारी दी गई कि नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य सिविल, क्रिमिनल प्रकरण, विद्युत विभाग, नगरपालिका, बैंक, वित्तीय बैंक, ऋण संबंधी एवं दूरसंचार विभाग के प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जाएगा।

# सुलियारी खदान क्षेत्र में हरित क्रांति अब तक 1.63 लाख पौधारोपण, अगले 3 वर्षों में 3 लाख का लक्ष्य

**जागरण, बैढ़न ।** देश की ऊर्जाधानी सिंगरौली मे सुलियरी एक आदर्श खदान के तौर पर देखा जा रहा है और उसी तरह धिरौली खदान में जिम्मेदार खनन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। खदान क्षेत्र में अब तक कुल 1,63,197 पौधे लगाए जा चुके हैं जबकि इस वर्ष 1 लाख 20 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आने वाले तीन वर्षों में 3 लाख से ज्यादा पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है जिससे क्षेत्र को हरित और पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। धिरौली खनन परियोजनाको भी जनता ने खूब समर्थन दिया है। सुलियरीमे खनन के बाद जमीन को पुनः उपयोगी बनाने की प्रक्रिया के तहत 52 एकड़ भूमि को पौधरोपण के लिए विकसित किया गया है। साथ ही 25 एकड़ भूमि पर उच्च.प्रौद्योगिकी नर्सरी तैयार की गई है जिसमें महुआ खैर बरगद नीम अर्जुन साल हर्रा और बहेरा जैसे वृक्षों की विविध प्रजातियां पाली जा रही हैं।



लगाए गए वृक्षों में नीम अमलतास महुआ जामुन आम अर्जुन और साल प्रमुख हैं। इन पौधों का औषधीय पारिस्थितिक और सामाजिक महत्व है जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र को और अधिक हरित बनाएंगे। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि स्थानीय युवाओं को बागवानी में प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बल मिल रहा है बल्कि स्थानीय समुदाय की आजीविका भी सुदृढ़ हो रही है। पर्यावरण के महत्व को समाज तक पहुँचाने के लिए आसपास के गांव स्थित विद्यालयों में ड्राइंग प्रतियोगिता और महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जल संरक्षण वनों के महत्व और वन्यजीव संरक्षण जैसे संदेश प्रसारित किए जाते हैं। पिछले कुछ महीनों में ग्रामीण क्षेत्रों में कई जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इनका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण.अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।

# आवेदनों का तत्परता से निराकरण कर आवेदनकर्ता को करायें अवगत : कलेक्टर

**जागरण, बैढ़न ।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 152 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की नंदन तिवारी देवेन्द्र द्विवेदी सौरभ मिश्रा तहसीलदार सविता यादव जान्हवी शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनएसयूआई छात्र नेता श्रवण दुबे के नेतृत्व में फूंका गया पुतला




**जागरण, बैढ़न ।** कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी द्वारा सरकार की इशारे चुनाव आयोग के ऊपर वोट चोरी का आरोप लगाया गया जिसमें देश की मीडिया के सामने पावर प्रजेंटेशन देकर लोकसभा क्षेत्र के एक विधानसभा का पूरा का पूरा विवरण दिखाया गया इसके बाद पूरे देश में विपक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा चुनाव आयोग एवं सरकार को आड़े हाथों लेते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया उसी कड़ी में एनएसयूआई जिला सिंगरौली द्वारा प्रदेश अध्यक्ष एवं शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश पर और एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मोनिश खान की उपस्थिति में छात्र नेता श्रवण दुबे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला अंबेडकर चौक बैढ़न में फूंका गया जिसमें सैकड़ों संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनजातीय वर्ग के हितग्राहियों के लिए आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ

**जागरण, छतरपुर ।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान का शुभांरम्भ किया गया है। इस अभियान में राष्ट्रीय मिशन विशेष रूप से पीएम-जनमन और धरती आबा योजना के माध्यम से जमीनी स्तर जनजातीय वर्ग में आमूलचूल परिवर्तन लाना है। शासन के सभी स्तरों पर 3 लाख पथ प्रदर्शकों का एक कैडर विकसित करना, विभिन्न विभागों के मध्य एकीकरण (कन्वर्जेंस), जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण एवं विकास हेतु आदि सहयोगियों के समूहों का निर्माण, आदि नाथियों के माध्यम से आधारभूत आवश्यकताओं की पहचान करना, साथ ही सभी महत्वपूर्ण सेवाओं की संतृप्ति (सेचुरेशन) करना इस अभियान का लक्ष्य है।उक्त निर्देशों के परिपालन में 7 जिला स्तरीय एवं प्रत्येक विकासखण्ड में 5 मास्टर ट्रेनर्स का चयन किया गया है।उक्त अभियान अन्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारम्भ की गई धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शत् प्रतिशत सैचुरेशन किया जाना है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अन्तर्गत भारत सरकार ?द्वारा छतरपुर जिले के 66 ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। जिनमें जनपद पंचायत बकस्वाहा के 49 ग्राम, बिजावर के 14 ग्राम तथा बडामलहरा 01 ग्राम, लवकुशनगर 01 ग्राम एवं जनपद पंचायत राजनगर का 01 ग्राम सम्मिलित है।




## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं देवेंद्र कुमार प्रजापति पिता रंगधारी प्रसाद प्रजापति निवासी ग्राम अमिलवान खुटार जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश का निवासी हूं। मैं यह शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे छोटे पुत्र देव प्रजापति उम्र 11 वर्ष का नाम परिवर्तित कर शिवम प्रजापति कर रहा हूं मेरे छोटे पुत्र देव प्रजापति को अब शिवम प्रजापति के नाम से जाना जाए और पुकारा जाए अपने पुत्र के नाम परिवर्तन बाबत मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।

## एशिया कप 9 सितंबर से यूएई में, भारत की 15 सदस्यीय टीम घोषित, श्रेयस अय्यर और यशस्वी शामिल नहीं

# गिल टी-20 टीम के उप कप्तान, बुमराह और जितेश को भी मौका

जेएनएन, मुंबई

टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टी-20 टीम का उप कप्तान बनाया गया है, जबकि दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की लंबे समय के बाद छोटे प्रारूप की टीम में वापसी हुई है। मुंबई के बीसीसीआई हेडक्वार्टर में चयन समिति की बैठक के बाद मंगलवार को एशिया कप के लिए टीम ऐलान कर दिया गया है। खिलाड़ियों के विकल्प में अधिकता के कारण टीम में लगातार दो आईपीएल फाइनल खेलने और 2024 में खिताब जीतने वाले कप्तान और आक्रामक बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को मौका नहीं मिला है। वहीं युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी नहीं चुना गया है। 25 साल के गिल ने अपना पिछला टी-20 अंतरराष्ट्रीय 2024 में पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। वह अब सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम में अक्षर पटेल की जगह उप-कप्तान होंगे। गिल को टीम में शामिल किया जाना कोई हैरानी की बात नहीं थी। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच मैचों की ड्रॉ (2-2) रही सीरीज में चार शतक जड़े थे। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को भी मौका दिया गया है, लेकिन गिल को उप कप्तान बनाए जाने के बाद, इस बात की उम्मीद की जा सकती है, वह पारी की शुरुआत कर सकते हैं। टीम में जितेश शर्मा को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर शामिल किया है। उन्होंने आरसीबी के लिए हालिया आईपीएल में काफी कमाल की बल्लेबाजी की थी। तेज गेंदबाजी विभाग में हर्षित राणा को मौका दिया गया है। गिल की वापसी पार कप्तान सूर्यकुमार ने कहा, पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद उन्होंने (गिल) ने टीम की अगुआई की थी। जब हम श्रीलंका गए तब वह उप कप्तान थे। इसके बाद हम टेस्ट में व्यस्त हो गए, लेकिन उनकी वापसी हमारे लिए अच्छी है। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप के बाद यह बड़ी सीरीज है और यह खुद को जांचने का अच्छा मौका है।



### बुमराह के लिए कोई विशेष नियम नहीं

एशिया कप के तुरंत बाद अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के होने के कारण बुमराह की उपलब्धता को लेकर कुछ संशय बना हुआ था। चयनकर्ताओं ने हालांकि बुमराह को चुनने का फैसला किया। बुमराह ने कार्यभार प्रबंधन (चोट और थकान से बचने के लिए) तहत इंग्लैंड दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच ही खेला था। अगरकर ने कहा कि उन्होंने बुमराह के कार्यभार प्रबंधन को लेकर कोई विशेष नियम नहीं बनाया है।

### भारतीय टी-20 टीम इस प्रकार है-

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह। **रिजर्व खिलाड़ी:** प्रसिद्ध कृष्णा, वॉशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल।

### टीम इंडिया ग्रुप-ए में

आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट के पहले चरण में ग्रुप मुकाबले खेले जाएंगे, जिसके बाद सुपर 4 के जरिए दो फाइनलिस्ट तय किए जाएंगे। ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान है, जबकि ग्रुप-बी में अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और हॉन्ग कॉन्ग हैं।

### टीम में तीन ऑलराउंडर

अगर मध्य और निचले क्रम में बल्लेबाजी के विकल्प के बारे में बात की जाए तो दल में सूर्यकुमार, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह और जितेश शर्मा हैं। अगर भारत गिल और अभिषेक से पारी की शुरुआत करता है, तो जितेश को पहली पसंद विकेटकीपर के तौर पर उतारा जा सकता है। टीम में तीन ऑलराउंडर है, जिसमें अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे का नाम शामिल हैं। गेंदबाजी के विशेषज्ञ विकल्प के रूप में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा हैं।

### मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं सैमसन

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा, गिल ने इंग्लैंड दौरे पर हमारी उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन किया। टीम प्रबंधन को हालांकि गिल के बल्लेबाजी क्रम को लेकर काफी सोच-विचार करना होगा, क्योंकि अभिषेक और सैमसन ने पिछले कुछ समय से शीर्ष क्रम में एक प्रभावी जोड़ी बनाई है। अगरकर ने इसे सिरदर्द मानने के बजाय एक अच्छी समस्या करार दिया। उन्होंने कहा, अब (शीर्ष क्रम के लिए) अधिक विकल्प हैं और शुभमन वैसे भी शानदार लय में हैं। यह टीम जब दुबई पहुंचेगी तो प्रतिद्वंद्वी टीम और परिस्थितियों के अनुसार अंतिम एकादश पर फैसला कर सकते हैं। टीम के पास सैमसन से मध्यक्रम में बल्लेबाजी कराने का विकल्प होगा।

### भारत-पाक भिड़ंत 14 को

टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 9 सितंबर को अबू धाबी में अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग के बीच खेला जाएगा, जबकि भारत अपना पहला मुकाबला 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ दुबई में खेलेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत 14 सितंबर को दुबई में होगी।

## रेणुका वनडे वर्ल्ड कप की टीम में, शेफाली वर्मा बाहर

### 29 सितंबर से टूर्नामेंट, मप्र की क्रांति को भी मौका

**तेज गेंदबाज** रेणुका ठाकुर ने फिट होकर महिला वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह बना ली है, जबकि आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा को मौका नहीं मिल सका है। वनडे विश्व कप 30 सितंबर से भारत में खेला जाएगा। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम का ऐलान मंगलवार को किया गया। शीर्षक्रम की बल्लेबाज प्रतीका रावल को भी टीम में जगह मिली है, जिन्होंने पिछले 14 वनडे में शानदार प्रदर्शन किया है। चयनकर्ताओं ने 14 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीन वनडे मैचों के लिए भी टीम का चयन किया है। मध्य प्रदेश की युवा



तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, यह लगभग वही टीम है, जो इंग्लैंड में खेली थी। हम काफी समय से साथ में खेल रहे हैं और हमें उम्मीद है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे।

**विश्व कप टीम:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, रिचा घोष, क्रांति गौड़, अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी, यास्तिका भाटिया और स्नेह राणा।

**आस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम**

हरमनप्रीत (कप्तान), मंधाना, प्रतीका, देयोल, दीप्ति, रौड्रिग्स, रेणुका, अरुंधति, घोष, क्रांति, सयाली सतघारे, राधा, श्री चरणी, यास्तिका और राणा।

## खेल एक नजर

### पाकिस्तान और ओमान की जगह खेलेंगे बांग्लादेश व कजाखस्तान

**पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान और ओमान की जगह बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से होने वाले पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश और कजाखस्तान खेलेंगे। मंगलवार को जारी टूर्नामेंट के कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई। मेजबान भारत को चीन, जापान और कजाखस्तान के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है, जबकि पूल-बी में मलेशिया, कोरिया, चीनी ताइपे और बांग्लादेश को जगह मिली है। मलेशिया और बांग्लादेश के मुकाबले के साथ 29 अगस्त को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की शुरुआत होगी, जबकि प्रतियोगिता के पहले दिन के अंतिम मुकाबले में भारत और चीन आमने-सामने होंगे। फाइनल, तीसरे स्थान का प्लेऑफ और पांचवें-छठे स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला सात सितंबर को होगा। भारत सरकार ने कहा था कि वह टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को वीजा मुहैया कराएगी, लेकिन पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने सुरक्षा कारणों से यात्रा करने से इनकार कर दिया।

### सिंकफील्ड कप शतरंज : प्रज्ञाननंदा ने वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश को हराया

**सेंट लुई ( अमेरिका ), जेएनए।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर लाइव विश्व रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। प्रज्ञाननंदा अब अमेरिका के लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अमेरिकी खिलाड़ी ने सोमवार को पहले राउंड में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया। पहले राउंड के अन्य मुकाबलों में अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने पोलैंड के डुडा जान-क्रिजस्टोफ के साथ ड्रा खेला, जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले सैमुअल सवियन ने अपने अमेरिकी हमवतन वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव ने भी हमवतन अलीरेजा फिरौजा के साथ ड्रॉ खेला। इस 3,50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी आठ राउंड होने बाकी हैं।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप: तन्वी उन्नति और भार्गव भारतीय टीम में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और उन्नति हुड्डा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 25 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। भारतीय टीम में एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और रक्षिता श्री भी शामिल हैं, जिससे यह इस प्रतिष्ठित जूनियर प्रतियोगिता के लिए सबसे मजबूत भारतीय टीम बन गई है। सुहांदिनाता कप (मिश्रित टीम चैंपियनशिप) छह से 11 अक्टूबर तक खेला जाएगा, जिसके बाद 13 से 19 अक्टूबर तक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में व्यक्तिगत स्पर्धाएं होंगी। भारत ने 2008 में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी।

## पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 98 रन से हराया

# महाराज के पंजे से कंगारू चित 34 साल में घर में सबसे बड़ी हार

जेएनएन, केर्न्स (आस्ट्रेलिया)

बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (33 रन देकर पांच विकेट) की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले वनडे में आस्ट्रेलिया को 98 रन से हरा दिया। इसके साथ ही तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया की घरेलू मैदान पर रनों के लिहाज से 1991 के बाद यह सबसे बड़ी हार थी। वहीं, दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर कंगारू टीम के खिलाफ वनडे में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। अफ्रीकी टीम ने इससे पहले 1994 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया को 82 रनों से हराया था। विश्व कप 2023 सेमीफाइनल के बाद आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच यह पहला वनडे था। मार्च में चैम्पियंस ट्रॉफी में उनका मुकाबला बारिश में धुल गया था। प्लेयर ऑफ द मैच महाराज ने स्पिन गेंदबाजी की मददगार पिच का पूरा फायदा उठाते हुए ऑस्ट्रेलिया को नौ ओवर बाकी रहते 198 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट पर 296 रन बनाए थे।



### ऑस्ट्रेलिया ने 29 रन के अंदर 6 विकेट गंवाए

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने 96 गेंद में 88 रन बनाए, जबकि बेन ड्वारशुइस ने 33 रन का योगदान दिया। ट्रेविस हेड (27) ने ऑस्ट्रेलिया को आक्रामक शुरुआत दी और पहले सात ओवर में 60 रन बन गए। उन्होंने तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को एक ही ओवर में पांच चौके लगाए। इसके बाद हालांकि मेजबान टीम ने छह विकेट 29 रन के भीतर गंवा दिए। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर बिना किसी नुकसान के 60 रन से छह विकेट पर 89 रन हो गया। इनमें से पांच विकेट महाराज ने लिए। उन्होंने मार्नस लाबुशेन (1) और एलेक्स कारी (0) को पगबाधा आउट किया, जबकि कैमरन ग्रीन (3), जोश इंगलिस (5) और आरोन हार्डी (4) क्लीन बोल्ड हुए। बर्गर और लुंगी एन्गिडी को दो-दो सफलता मिली। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए एडेन मार्क्रम ने 82, कप्तान तेम्बा बावुमा ने 65 और मैथ्यू ब्रीत्के ने 57 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर ट्रैविस हेड पर भरोसा किया था, जिन्होंने 9 ओवर में 57 रन देकर 4 विकेट लिए थे। ड्वारशुइस ने दो विकेट झटके।

## मनु ने जीता कांस्य, जूनियर वर्ग में रश्मिका ने साधा स्वर्ण पर निशाना

**एशियाई चैंपियनशिप**

**शिमकेंट ( कजाकिस्तान ), जेएनएन।** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने मंगलवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जबकि रश्मिका सहगल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। रश्मिका ने व्यक्तिगत के साथ टीम स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की कियान्के मा ने 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया की जिन यांग को 241.6 अंक के साथ रजत पदक मिला। रश्मिका ने फिर से कमाल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 241.9 का स्कोर करके रजत



पदक जीतने वाली कोरियाई हान सेउंगह्यून को 4.3 अंक की बड़े अंतर से पछाड़ा। यह रश्मिका (क्वालिफिकेशन स्कोर 582) के लिए दोहरी सफलता थी, क्योंकि उन्होंने इस स्पर्धा में वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर टीम स्वर्ण पदक जीता। भाकर ने क्वालिफिकेशन में 583 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया था।

### ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी एडमंड ने लिया संन्यास

**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटेन के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी काइल एडमंड ने 30 साल की उम्र में खेल से संन्यास लेने की घोषणा की। एडमंड ने दो एटीपी खिताब जीते और 2018 में एंडी मरे के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल दूसरे ब्रिटिश खिलाड़ी बने। वह 79 साल में पहली बार डेविस कप जीतने वाली ब्रिटिश टीम का हिस्सा थे और उन्होंने 2016 में ओलंपिक खेलों में भी अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था। एडमंड अपने करियर के दौरान घुटने की चोट से परेशान रहे, जिसके लिए उन्हें तीन ऑपरेशन कराने पड़े। एडमंड ने कहा, पिछले पांच वर्षों में तीन सर्जरी और अन्य चोटों ने मुझे काफी परेशान किया है।

## शॉ ने शतक के साथ महाराष्ट्र के लिए किया यादगार डेब्यू

### बुची बाबू टूर्नामेंट : छत्तीसगढ़ के खिलाफ बनाए 111 रन

**चेन्नई, जेएनएन।** भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने महाराष्ट्र के साथ अपने करियर का शानदार आगाज करते हुए बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मंगलवार को छत्तीसगढ़ के खिलाफ शतक जड़ा। शॉ की 141 गेंद में 111 रन की पारी से महाराष्ट्र ने मैच के दूसरे दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए अपनी पहली पारी में 217 रन बनाए। शॉ ने अपनी पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया। छत्तीसगढ़ की पहली पारी सोमवार को 252 रन पर सिमटी थी। इस खिलाड़ी ने सचिन धास के साथ पहले विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी की। टीम ने हालांकि 15 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए। रुतुराज गायकवाड़ और अंकित बावने जैसे अनुभवी के जल्दी आउट होने के बाद



शॉ ने पांचवें विकेट के लिए सिद्धार्थ म्हात्रे के साथ पांचवें विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। उनकी पारी अंत लेग स्पिनर शुभम अग्रवाल की गेंद पर स्टंप होने से हुआ। शॉ ने इस सत्र से पहले अपने करियर को संवारने के लिए मुंबई से महाराष्ट्र की टीम से जुड़ने का फैसला किया था। भारत के लिए टेस्ट पदार्पण पर शतक जड़ने वाले शॉ को खराब फॉर्म और फिटनेस के कारण मुंबई ने पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया था।

## स्वियातेक-अल्काराज ने पहली बार जीता सिनसिनाटी ओपन

### वर्ल्ड नंबर एक सिनर 22 मिनट में हुए रिटायर

**सिनसिनाटी ( अमेरिका ), जेएनएन।** विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और महिला वर्ग में तीसरी रैंकिंग की इगा स्वियातेक ने करियर में पहली बार सिनसिनाटी ओपन टेनिस का खिताब जीत लिया। नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर के अस्वस्थ होने के कारण पहले सेट से रिटायर होने के बाद अल्काराज ने खिताब जीता। यह दोनों खिलाड़ी इस साल चौथी बार और विंबलडन के बाद पहली बार फाइनल में आमने-सामने थे, लेकिन सिनर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले सेट में लगातार गलतियों के कारण वह 5-0 से पीछे हो गए। ब्रेक के दौरान उनके सिर पर आइस पैक देखा गया और सिर्फ 22 मिनट खेलने के बाद ही उन्होंने मैच से हटने का फैसला किया। सिनर का हार्ड कोर्ट पर लगातार 26 मैच जीतने का सिलसिला भी टूट गया।



■ सिनसिनाटी ओपन में यह केवल तीसरा अवसर था, जब किसी खिलाड़ी के हटने के कारण पुरुष वर्ग का फाइनल पूरा नहीं हो पाया। इससे पहले आखिरी बार 2011 में ऐसा हुआ था, जब नोवाक जोकोविच ने कंधे की चोट के कारण दूसरे सेट में मैच से हटने का फैसला किया था।

### 24 साल की इगा का 24वां खिताब




छह ग्रैंड स्लैम विजेता पोलैंड की 24 साल की इगा ने इस जीत के साथ करियर का 24वां एकल खिताब हासिल कर लिया। उन्होंने सातवें नंबर की 29 साल की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट में खिताबी खाता खोला। वह पिछले दो वर्षों में सिनसिनाटी में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, लेकिन 2023 में कोको गॉफ और 2024 में आर्यना सबालेंका से हार गईं थी। स्वियातेक ने इटली की खिलाड़ी के खिलाफ सभी छह मुकाबले जीते हैं तथा उनमें से केवल एक सेट गंवाया है। पाओलिनी ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन स्वियातेक ने वापसी करते हुए स्कोर 5-3 कर दिया। पाओलिनी ने सर्विस तोड़ स्कोर 5-5 कर लिया, लेकिन स्वियातेक ने पहला सेट 56 मिनट में जीत लिया।

## शटल के संकट से जूझ रहा है बैडमिंटन, विकल्प तलाशना जरूरी

### चीन में कच्चे माल की कमी के कारण कीमतें दोगुनी से भी अधिक

जेएनएन, नई दिल्ली

बैडमिंटन की जीवन रेखा कही जाने वाली शटलकॉक इस खेल की सबसे बड़ी चिंता बन गई है, क्योंकि चीन में कच्चे माल की भारी कमी के कारण पिछले एक साल में पंख वाले शटलकॉक की कीमतें दोगुनी से भी अधिक हो गई हैं। फ्रांसीसी समाचार पत्र एल'इक्विप में हाल ही में प्रकाशित एक लेख में इस संकट के लिए चीन में खान-पान की बदलती आदतों को जिम्मेदार ठहराया गया है, जहां बत्तख और हंस के मांस की अपेक्षा सूअर के मांस को प्राथमिकता दिए जाने के कारण इन पक्षियों का पालन कम कर दिया है। बैडमिंटन की विश्व



भर में बढ़ती लोकप्रियता भी इसका एक और कारण माना जा रहा है। इस दबाव ने भारत के शीर्ष हितधारकों को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर कर दिया है कि खेल अब केवल हंस और बत्तख के पंखों पर निर्भर नहीं रह सकता।

मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि आज नहीं तो कल हमें पंखों वाली शटल का विकल्प तलाश करना ही होगा। यह खेल पिछले कुछ वर्षों में तेजी से आगे बढ़ा है। अकेले चीन, इंडोनेशिया और भारत में शटल का बहुत अधिक उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा, यह कमी सिर्फ बत्तखों या हंसों की कम संख्या के कारण नहीं है, बल्कि इसलिए भी है, क्योंकि ज्यादा लोग बैडमिंटन खेल रहे हैं। यह एक अच्छा संकेत है। जब तक हमें प्रयोगशाला में तैयार किए गए विकल्प नहीं मिल जाते तब तक यह समस्या बनी रहेगी। मुझे उम्मीद है कि अब कुछ वर्षों में हमें विकल्प मिल जाएंगे।

### भविष्य में यह बड़ी चुनौती

भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय शिविरों के लिए शटल की कमी नहीं होने दी जाएगी, लेकिन उन्होंने माना कि भविष्य में यह एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, योनेक्स ने हमें 20 अगस्त के बाद शटल की खेप भेजने का आश्वासन दिया है, इसलिए अभी घबराने की कोई बात नहीं है। लेकिन ये शटल हंस और बत्तख के पंखों से बने होते हैं। जैसे-जैसे वैश्विक स्तर पर मांग बढ़ रही है, हमें विकल्पों के बारे में सोचना होगा।

## शहर के हर्षित जैन ने जीता टेनिस ई-स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का खिताब

**भोपाल, खेप्र।** शहर के हर्षित जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024-25 में खिताब अपने नाम किया। कोलकाता की टेक्नो इंडिया यूनिवर्सिटी में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024-25 एवं वर्ल्ड टेनिस ई-स्पोर्ट्स इंडिया क्वालिफायर में देशभर के 25 से अधिक प्रमुख विश्वविद्यालयों ने हिस्सा लिया। एलएनसीटी के हर्षित ने टेनिस ई-स्पोर्ट्स के फाइनल में गीतम यूनिवर्सिटी के जयदीप को हराया। उन्होंने वर्ल्ड टेनिस ई-स्पोर्ट्स इंडिया क्वालिफायर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें फाइनल मुकाबले में वर्ल्ड नंबर 3 चेन्नई के विमलराज जयचंद्रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। नास्कोप गेमिंग के दीपेश सोलंकी ने बताया कि इसके विजेता खिलाड़ी को लॉस वेगस यूएसए में खेलने का मौका मिलेगा।



**टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी :** कृष्णकांत पटेल, सिद्धांत कुशवाहा, अब्दुल हादी, अमन कहार, अदिष जैन, चिराग जिनोदिया, आरिश अली।

दैनिक जागरण

12

रीवा, 20 अगस्त, 2025

सतना जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


### 20 को टाउन हॉल में युवा संगम मेला

**सतना।** जिला प्रशासन, शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सतना जिले में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि टाउनहाल हाल सेमरिया चौक सतना में 20 अगस्त को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है।

### बैंकर्स की डीएलसीसी बैठक 3 सितम्बर को

**सतना।** बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं समीक्षा समिति की बैठक 3 सितम्बर को शाम 5 बजे से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। एलडीएम गौतम शर्मा ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारी एवं जिला स्तरीय बैंकों के नोडल अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**जागरण सतना**



नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी रामनगर विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा की गई है। आरोपी को पुलिस को न्यायालय में पेश किया है।

**ये है घटना**

पुलिस ने बताया कि 19 फरवरी 2025 को रामनगर थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत फरियादिया ने अपनी नाबालिक पुत्री के घर से बिना बताये चले जाने के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर थाना रामनगर मे अपराध दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य के आधार पर नाबालिग युवती को ग्राम साकिन थाना समथर जिला झांसी उ0प्र0 से दस्तयाब किया जाकर पूछताछ की गई। जिसने मूलचन्द्र जाटव निवासी बरयापुरा थाना सतई जिला छतरपुर द्वारा बहला फुसलाकर ले जाना एवं शारीरिक संबंध बनाने की बात बताई। आरोपी मूलचन्द्र जाटव पिता हरीशंकर जाटव नि बरयापुरा थाना सतई जिला छतरपुर को दस्तयाब किया जाकर पूछताछ एवं आवश्यक विवेचना कार्यवाही बाद गिरफ्तार किया गया मामले मे बीएनएस एवं पाक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं का इजाफा किया जाकर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## अमदरा थाना क्षेत्र से गुमी दो बालिकाओं को पुलिस ने तलाशा

**जागरण सतना।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक रेनू मिश्रा व उनकी टीम द्वारा अमदरा थाना क्षेत्र से घर से निकली दो नाबालिक लडकियों को क्रमशः ग्राम सुरमा जिला कटनी एवम कुसेड़ी से सकुशल दस्तयाब किया जाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया । 14 अगस्त को थाना अमदरा निवासी फरियादी द्वारा अपनी 16 वर्षीय लडकी के घरवालों से बिना किसी को बताये कहीं चले जाने संबंधी रिपोर्ट पर थाना अमदरा में प्रकरण दर्ज किया गया । पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल द्वारा नाबालिग लडकी की तलाश हेतु थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक रेनू मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम के द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए बालिका को 18 अगस्त 25 को ग्राम सुरमा थाना कुठला जिला कटनी से सकुशल दस्तयाब कर बाद वैधानिक कार्यवाही उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है ।

# चित्रकूट विधानसभा में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**सतना।** विधानसभा चित्रकूट में विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार के नेतृत्व में सभी मंडल अध्यक्षों के संयोजकत्व में शानदार तिरंगा यात्रा चली। यात्रा में सभी शहीद स्थलों तक पहुंचा गया पाँचों मण्डलों की यात्रा को मिलाकर एक हजार से अधिक मोटर साइकिलों, सैकड़ों चार पहिया वाहनों, ट्रेक्टरों ने भाग लिया सभी यात्रायें डीजे गाजे बाजे के साथ निकाली गई । यात्रा बडे गाँवों से चलकर बडे गाँवों तक गई ,सभी यात्रायें मण्डल मुख्यालयों से निकली , यात्राओं का उत्साह देखते बनता था । सड़क किनारे घरों, घरों की छतों से बड़े आत्मीय राष्ट्रभाव से लोग देखते रहेए जगह.जगह यात्राओं का स्वागत हुआ , यात्रा में बहुत ही आनंद के साथ अपनेपन और एकता का बोध हुआ। पूरी यात्रा मे राष्ट्रीय नारे भारत माता की जय , बंदे मातरम के उदघोष के साथ राष्ट्रभाव के गीत गाये गये। इस तिरंगा यात्रा की कल्पना देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की है जिसे सराहा गया उनके भी नारे लगते रहे। पार्टी कार्यकर्ताओं , नौजवानों ने आम नागरिकों ने, सभी जाति घर्म के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पूरी यात्राओं को शहर, गाँव, पडोस को तिरंगामय करनें का श्रेय सभी मण्डलों एवं उनकी टीम को जाता है। चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने सभी जगह यात्रायों की शुरूआत और समापन में यात्रा का उद्देश्य बताया यह भी प्रयास रहा कि सभी यात्रायें किसी ना किसी शहीद स्थलों से शुरू होकर शहीद स्थल में समाप्त हो बहुत ही आकर्षक , दर्शनीय, राष्ट्रीय भावना से ओत.प्रोत जन सराहनीय यात्रा की शुक्रिया भी अदा की गईए यात्रा को सफ्ल बनाने में भी सहयोगियों को धन्यवाद दिया गया।

# साइकिल चलाकर कलेक्टर पहुंचे कार्यालय

**जागरण सतना।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की पहल पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक मंगलवार को साइकिल डे मनाया जाता है। इस दिन सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी पेट्रोल और डीजल चलित वाहन का उपयोग नहीं करते हुए साइकिल द्वारा घर से कार्यालय आना-जाना करते हैं। तीसरे मंगलवार को कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस आम नागरिक की तरह अपने निवास से अकेले बिना सुरक्षा गार्ड के साइकिल चलाकर धवारी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जिले के नवागत अपर कलेक्टर विकास सिंह भी पैदल चलकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे।



## प्राइवेट खाद दुकानों में लगाई गई पटवारियों की ड्यूटी

**जागरण सतना।** किसानों को वितरण केन्द्रों में सुगमता से यूरिया एवं अन्य उर्वरक प्राप्त हो सके, इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामनगर एसपी मिश्रा द्वारा प्राइवेट उर्वरक विक्रय दुकानों में पटवारियों की डयूटी लगाई गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामनगर द्वारा जारी आदेशानुसार मे. केशरवानी ट्रेडर्स रामनगर में पटवारी आनंद बिहारी पाण्डेय, मे. सूरज उर्वरक खाद भण्डारण रामनगर में कमलेश सेन, मे. रोहित ट्रेडर्स रामनगर में विजय सिंह तथा मे. राजेश ट्रेडर्स रामनगर में पटवारी संदीप सिंह की डयूटी लगाई गई है। संबंधित पटवारी निर्धारित केन्द्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक उपस्थित रहकर कृषकों को उर्वरक वितरण करायेंगे।

# शिक्षा में संस्कार और कानून का खौफ अनिवार्यः अश्विनी उपाध्याय

### एकेएस विश्वविद्यालय के विधि संकाय दीक्षारंभ समारोह में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ने किया सम्बोधित



**जागरण सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के केंद्रीय सभागार में रविवार को विधि संकाय का दीक्षारंभ समारोह आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पीआईएल मैन ऑफ इंडिया के नाम से ख्यात अश्विनी उपाध्याय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की शिक्षा चिकित्सा और न्याय प्रणाली श्रेष्ठ हैए परंतु शिक्षा में संस्कार और कानून का खौफजुड़े बिना राष्ट्र की वास्तविक प्रगति संभव नहीं है। कानून और शिक्षा पर विचार व्यक्त करते हुए श्री उपाध्याय ने कहा कि कानून के विद्यार्थियों में जिज्ञासा और संवेदनशीलता सबसे आवश्यक गुण हैं। भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था ही भूमि विवाद और सड़क दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं का समाधान कर सकती है। शिक्षा प्रणाली को भारतीय पद्धति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए। श्री उपाध्याय ने यह भी उल्लेख किया कि 2020 के कोविड काल में भारत ने एक प्रकार से रामराज्य जैसी स्थिति का अनुभव किया जब परिवारिक और सामाजिक जीवन में अनुशासन संयम और एक.दूसरे की सहायता का भाव दिखाई दिया। अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में इंडक्शन कार्यक्रम अत्यंत महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि यह विद्यार्थियों को केवल अकादमिक मार्गदर्शन ही नहीं देता बल्कि जीवन के बड़े उद्देश्यों से भी जोड़ता है। दीक्षारंभ समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत और सरस्वती पूजन से हुई। स्वागत भाषण सूर्यनाथ सिंह गहरवार ने दिया।कार्यक्रम का संचालन विधि संकाय के डीन डॉ सुधीर जैन ने किया। पं राकेश मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को मुख्य वक्ता के विचार आत्मसात करने चाहिए। राजीव दंडोतिया और उत्तम बनर्जी ने इसे समाज सुधार के लिए मार्गदर्शक बताया। समापन सत्र में विश्वविद्यालय के प्रो.चांसलर अनंत कुमार सोनी ने विश्व सरकार की अवधारणा पर विचार रखे, जबकि कुलपति प्रो बीए चोपड़े ने आभार व्यक्त किया। समारोह में कुलाधिपति बीपी सोनी, विश्वविद्यालय के डायरेक्टर अजय कुमार सोनी, गणमान्य नागरिक और विधि संकाय के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सुनी 111 आवेदकों की समस्या

**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 111 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुधीर बेक, बीके मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में महिला बाल विकास विभाग द्वारा की गई सहायिकाओं की भर्ती में गडबडी की शिकायतें, राजस्व विभाग की सीमांकन नहीं करने और सरपंच के सजरे के आधार पर वारिसाना नामांतरण, सिंचित भूमि को असिंचित करने संबंधी शिकायतें पहुंची। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

# शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब ने मनाया स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**जागरण सतना।** शारदा प्रिज्म जॉनसन लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सिंह के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाया गया। देशभक्ति एवं कृष्ण भक्ति के गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया । इस अवसर पर आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक सुंदर थालियां सजाई। इस प्रतियोगिता को श्रीमती रितिका हिंगर और राकेश रंजन मिश्रा ने जज किया जिसमें प्रथम श्रीमती वरुणा सिंह, द्वितीय श्रीमती कल्पना सिंह परिहार और तृतीय स्थान श्रीमती नेहा गुप्ता ने प्राप्त किया। उपरोक्त जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।



## विधानसभा की कृषि विकास समिति 23 को सतना आयेंगी

**जागरण सतना।** म.प्र. विधानसभा की कृषि विकास समिति का रीवा संभाग का अध्ययन दौरा 20 से 24 अगस्त तक प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कृषि विकास समिति 21 अगस्त को मैहर आयेंगी तथा शाम को रीवा पहुंचकर विश्राम करेंगी। यह समिति 22 अगस्त को रीवा से प्रस्थान कर रात्रि 8.30 बजे चित्रकूट पहुंचेगी और रात्रि विश्राम करेंगी। अध्ययन भ्रमण के लिए आ रही विधानसभा की कृषि विकास समति 23 अगस्त को चित्रकूट में कामतानाथ स्वामी के दर्शन एवं दीनदयाल शोध संस्थान सहित कृषि विज्ञान मझगवां का भ्रमण करेंगी। विधानसभा की समिति 23 अगस्त को रात्रि 8 बजे सतना आकर 8.55 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल रवाना होगी।

## प्राचार्य कमलेश सिंह को मिला प्रशस्ति पत्र



**जागरण सतना।** सतना जिले के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सत्र 2025 में हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में जिले में प्रथम स्थान 99.3 प्रतिशत प्राप्त करने पर सी एम राइज रामपुर बाघेलान के तत्कालीन प्राचार्य कमलेश सिंह बघेल को गरिमामयी कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मैहर कलेक्टर ई-रिक्शा पर बैठकर कार्यालय पहुंची

**जागरण सतना।** कमिश्नर रीवा बीएस जामोद की पर्यावरण संरक्षण की अपील पर मंगलवार को अधिकारियों का साइकिल ई-रिक्शा या पैदल चलकर कार्यालय पहुंचने का क्रम अनवरत जारी है। तीसरे मंगलवार को कलेक्टर मैहर रानी बाटड और अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ई-रिक्शा में यात्रा कर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर अन्य जिला अधिकारी भी सरकारी डीजल-पेट्रोल चलित वाहन को छोडकर साइकिल, ई-रिक्शा या पैदल चलकर अपने-अपने कार्यालय पहुंचे।



# राजस्व अधिकारियों ने किया खाद वितरण केन्द्र का निरीक्षण

**जागरण सतना।** कलेक्टर रानी बाटड के निर्देशानुसार मंगलवार को तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व अधिकारियों ने मैहर, अमरपाटन, रामनगर की प्राइवेट खाद विक्रय दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण कर स्टॉक का सत्यापन किया। प्राइवेट दुकानों में जांच उपरांत यूरिया का स्टॉक नहीं पाया गया। इस दौरान उन्होंने किसानों को उचित रेट पर सुगमतापूर्वक उर्वरक वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिला मैहर के केन्द्र मैहर, अमरपाटन और रामनगर में 20 अगस्त को पूर्व में वितरित व शेष रहे टोकन पर ही खाद वितरण किया जाएगा। पूर्व के नियमानुसार वितरित टोकन पर खाद वितरण पूर्ण होने के पश्चात ही नए टोकन वितरित किए जायेंगे। अमरपाटन के कृषि उपज मंडी में किसानों को टोकन बांटे गए और परसवाही के वितरण केन्द्र से तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में खाद का वितरण किया जायेगा।


मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा



कैंसर OPD
नागपुर के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर रीवा में
23 अगस्त 2025, शनिवार
प्रत्येक माह के पहले शनिवार को, रीवा में
समयः सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक
डॉ. भास्कर सिंह
MBBS, MS, FMAS, DNB कैंसर विशेषज्ञ (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
अगर आप निम्नलिखित किसी भी बिमारी से पीडित है, तो हमारे डॉक्टर से मिले
● लंबे समय से बुखार होना या वजन घटना। ● लगातार कष्टदायक खाँसी या आवाज मे असामान्य बदलाव होना। ● खाना निगलने में तकलीफ होना या लगातार बदहजमी कि शिकायत। ● शरीर के किसी भी अंग से असामान्य तरीके से रक्तस्त्राव होना। ● शरीर के किसी भी अंग मे हुआ घाव लंबे समय बाद भी ना भरता हो। ● शौच या पेशाब की आदतों मे विशेष बदलाव होना। ● शरीर के किसी अंग में या स्तनों पर सूजन, गाँठ या कड़ापन महसूस होना। ● शरीर के किसी भी अंग पर तिल या मस्से मे विशेष बदलाव दिखना।
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
मो.: 9399312433, 9981287311



श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
DTE Counselling Code: 608
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611



चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)



प्रवेश प्रारंभ 2025-26
SARDAR PATEL EDUCATION GROUP REWA • MP • INDIA
प्रवेश प्रारंभ 2025-26
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी
रीवा (म.प्र.)
AICTE नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
POLYTECHNIC Duration : 3 Years Eligibility : 10th
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (MMS)
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
महाविद्यालय में निःशुल्क पंजीयन की सुविधा
संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं संस्था में प्रवेश 19.08.2025 से 15.09.2025
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
रीवा (म.प्र.)
PCI नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
D. PHARMACY Duration : 2 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
B. PHARMACY Duration : 2 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 05.08.2025 से 04.09.2025
संस्था का चयन 20.08.2025 से 08.09.2025
संस्था में प्रवेश 13.09.2025 से 18.09.2025
लेटरल एंट्री के माध्यम से B. PHARMACY द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
Duration : 3 Years | Eligibility : D.Pharmacy
सुविधाएँ : • अत्याधुनिक लैब एवं लाइब्रेरी। • प्ले ग्राउण्ड एवं ए.सी. ऑडिटोरियम। • महाविद्यालय के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण • Wi-Fi कैम्पस। • 15 एकड़ का भव्य ग्रीन कैम्पस।
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा (म.प्र.) / सिटी ऑफिस : ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
7049399904



जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com